डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 26 मई 2024, वर्ष-30, अंक-217, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com







संसेक्स
75,410.39 ↑ -7.65

डॉलर
83.055 ↑ -0.236

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,510
01 किलो 90,610

# झारखंड की चार सीटों पर वोटिंग, 62.13 % मतदान

- पारसनाथ, पीरटांड एवं झूमरा के क्षेत्रों में भी शांतिपूर्ण हुआ मतदान, कहीं से हिंसा की सूचना नहीं मिली
- आचार संहिता उल्लंघन के 5 मामले दर्ज किए गये, रांची में एक, जमशेदपुर व गिरिडीह में दो-दो मामले
- आदर्श आचार संहिता लगने से अबतक 12846.16 लाख की नगद धनराशि एवं सामग्री जब्त किये गये
- शांतिपूर्ण मतदान के लिए 49,509 जवान लगाये गये थे, 38 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट को सील किए गए



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य के चार लोकसभा क्षेत्रों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह में शनिवार को 62.13 फीसदी मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि छठे चरण का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है। मतदानकर्मी इवीएम स्ट्रांग रूम में जमा करने के लिए मतदान केन्द्रों से वापस लौटने लगे हैं। उन्होंने कहा कि छठे चरण में शाम 7 बजे तक मतदान का अनुमानित प्रतिशत 62.13 रहा है। सर्वाधिक 66.79 प्रतिशत मतदान जमशेदपुर में हुआ जबकि गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 65.44 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं धनबाद निर्वाचन क्षेत्र में 58.90, रांची में 58.73 अनुमानित मतदान हुआ। देर रात तक इन आंकड़ों में संशोधन संभव है। पोस्टल बैलेट से हुए मतदान की संख्या जुड़ने के बाद मतदान प्रतिशत में कुछ और वृद्धि होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने संयुक्त प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के 5 मामले दर्ज किए गये हैं। रांची संसदीय क्षेत्र से एक, जमशेदपुर से 2 एवं गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दो मामले दर्ज किए गये हैं। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर के बहरागोड़ा के गुड़बांधा में चुनाव ड्यूटी पर तैनात 38 वर्षीय जॉन मांझी की अचानक तबीयत बिगड़ गयी। उन्हें जमशेदपुर के टीएमएच में ले जाया गया। जहां उनका निधन हो गया। जॉन मांझी रिजर्व में तृतीय मतदान पदाधिकारी के रूप में मतदान केन्द्र पर कार्यरत थे। सीईओ ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लगने से अबतक 12846.16 लाख की नगद धनराशि एवं सामग्री जब्त किये गये हैं।

## प्रधानमंत्री ने छठे चरण में वोट डालने वालों का जताया आभार



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी ने छठे चरण के चुनाव में वोट डालने वाले मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव के अंत से ठीक पहले के चरण में मतदान किया है। एनडीए के आंकड़े लगातार बेहतर होते दिख रहे हैं। लोगों को एहसास हो गया है कि चूंकि इंडी गठबंधन सत्ता के करीब नहीं पहुंच रहा है, इसलिए उसे वोट देना व्यर्थ है।

## नक्सली क्षेत्रों में शांतिपूर्ण रहा मतदान

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने कहा कि चारों संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में छठे चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि छठे चरण के चारों लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 764 मतदान केन्द्र उन क्षेत्रों में अवस्थित थे, जहां पूर्व में नक्सली गतिविधियां रहीं थीं। इसमें गिरिडीह जिले का पीरटांड़ एवं पारसनाथ तथा बोकारो जिले के झूमरा के क्षेत्र शामिल थे। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण मतदान के लिए 49,509 जवान लगाये गये थे। उन्होंने कहा कि 38 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट को सील कर सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त किया गया था। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों को पूरी सुरक्षा के साथ वापस लाया जा रहा है।

## रांची लोकसभा क्षेत्र में 58.73 फीसदी मतदान

रांची लोकसभा क्षेत्र में सबसे कम 58.73 फीसदी मतदान हुआ। इस लोकसभा सीट में भी छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिसमें सबसे अधिक मतदान सरायकेला के ईचागढ़ में 75.96 फीसदी जबकि सबसे कम कांके में 54.61 फीसदी हुआ है। रांची में 54.90, हटिया में 55.00, खिजरी में 57.01 तथा सिल्ली में 62.45 फीसदी मतदान हुआ। इस सीट पर भाजपा के संजय सेठ, कांग्रेस की यशस्विनी सहाय आमने-सामने हैं। चुनाव मैदान में जेबीकेएसएस के देवेंद्र महतो भी हैं।

## जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में 66.79 फीसदी मतदान

जमशेदपुर में सर्वाधिक 66.79 फीसदी मतदान हुआ। सबसे अधिक पोटका में 70.70 फीसदी वोटिंग हुई। बहरागोड़ा में 70.25 फीसदी, घाटशीला में 68.16 फीसदी, जमशेदपुर पूर्वी में 56.66, जमशेदपुर पश्चिमी में 56.34 फीसदी और जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में 67.59 फीसदी मतदान हुआ। इस सीट से भाजपा की टिकट पर विधुतवरण महतो और झामुमो के समीर मोहंती आमने-सामने हैं।

## गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में 65.44 प्रतिशत मतदान

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में 65.44 प्रतिशत मतदान हुआ। इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिसमें सबसे अधिक मतदान टुंडी विधानसभा क्षेत्र में 68.16 फीसदी जबकि सबसे कम बाघमारा में 60.03 फीसदी हुआ है। इसी तरह बेरमो में 62.75, डुमरी में 68.19, गिरिडीह में 63.71 और गोमिया में 65.50 मतदान हुआ। इस लोकसभा सीट से आजसू के चंद्र प्रकाश चौधरी, झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो और जेबीकेएसएस के जयराम महतो आमने-सामने हैं।

## धनबाद लोकसभा क्षेत्र में 58.90 फीसदी मतदान

धनबाद लोकसभा सीट पर 58.90 फीसदी लोगों ने मतदान किया है। सबसे अधिक 70.50 फीसदी वोटिंग चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र में हुई है जबकि सबसे कम बोकारो विधानसभा क्षेत्र में 49.50 फीसदी वोटिंग हुई है। इसी तरह धनबाद में 54.43, झरिया में 54.49, निरसा में 65.55 तथा सिंदरी में 68.16 फीसदी वोटिंग हुई। धनबाद झारखंड की ऐसी एकमात्र सीट है, जहां से तीनों जेंडर चुनाव मैदान में हैं।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## एक नजर

### ईडी ने मनीष रंजन को 28 को पेश होने को कहा

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आईएएस मनीष रंजन को फिर से दूसरा समन किया है। ईडी ने मनीष रंजन को समन भेजकर 28 मई को पूछताछ के लिए ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है। मनीष रंजन वर्तमान में भू-राजस्व विभाग के सचिव हैं। इससे पहले वह ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के पद पर पदस्थापित रह चुके हैं। इससे पूर्व मनीष रंजन को ईडी ने 22 मई को समन भेजकर 24 मई को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया था लेकिन मनीष रंजन ने पत्र भेजकर समय की मांग की थी। ईडी टेंडर पास करने के एवज में अवैध तरीके से मोटी रकम वसूलने के मामले में उनसे पूछताछ करेगी।

## आज | कल




# असंवैधानिक रूप से मुसलमानों को आरक्षण देने नहीं देंगे : पीएम मोदी

- एससी-एसटी-ओबीसी के आरक्षण पर डाका डालने की साजिश रच रहे कांग्रेस व राजेद
- हमारा संविधान कहता है कि देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता



**पटना/काराकाट/बक्सर।** बिहार के पाटलिपुत्र, काराकाट और बक्सर में राजग उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडी गठबंधन पर करारा प्रहार जारी रखा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन ने मुसलमानों को असंवैधानिक आरक्षण देने की बात कही है। विरोधी दलों ने ऐसा करके संविधान की पीठ में छुरा घोंपने का काम किया। इंडी गठबंधन वाले एससी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को देने की साजिश कर रहे हैं। ये चाहते हैं कि मुस्लिम आरक्षण के लिए एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण बदल दें। हमारा संविधान कहता है कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। बाबा साहेब अंबेडकर भी यही कहते थे। फिर भी संविधान के स्पष्ट निर्देश के खिलाफ कांग्रेस औश्र आरजेडी वाले मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं। पीएम ने कहा, हमने एक महीना पहले कहा था कि इंडी गठबंधन वाले लिखकर दो कि एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण बदलकर मुस्लिमों को नहीं देंगे। लिखकर देने की बात छोड़िए, आज तक किसी ने जवाब तक नहीं दिए। लेकिन याद रखें यह मोदी की गारंटी हैं जब तक मैं जिंदा हूं इन्हें ये अन्याय नहीं करने दूंगा। पीएम ने कहा कि कैमूर, रोहतास व औरंगाबाद आने वाले दिनों में इंडस्ट्रियल हब बनेगा।

### सिर्फ एक घर में रोशनी करता है राजद का लालटेन

राजद पर हमला करते हुए मोदी ने कहा कि ये ऐसा लालटेन लेकर बिहार में घूम रहे हैं जो सिर्फ एक ही घर में रोशनी करती है। चारों तरफ अंधेरा हो जाए तो हो जाए। तीस साल में इसने एक ही घर में रोशनी की और चारों तरफ अंधेरा किया। दूसरे के बेटे-बेटियों को पूछते तक नहीं है। मोदी ने कहा कि यह चुनाव सांसद चुनने का नहीं, बल्कि देश का पीएम चुनने का इलेक्शन है। भारत को ऐसा पीएम चाहिए जो इस दमदार देश का दम दुनिया के सामने दमखम के साथ रख सके।

# शव के साथ थाना के समीप 3 घंटे सड़क जाम, सात पर प्राथमिकी

- उप स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम बबिता कुमारी, उसके पति राकेश व रिशु पर लगाया हत्या का आरोप
- प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी, कहा आरोप सिद्ध होने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के कधवन गांव के सैकड़ो ग्रामीणों ने शनिवार सुबह 6 बजे से थाना के बाहर मृतक कृष्णा चौधरी (23) के शव के साथ सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। मृतक के पिता का कहना है कि उनके पुत्र की हत्या गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित एएनएम बबिता कुमारी, उसके पति राकेश कुमार एवं रिशु सिंह ने अपने सहयोंगियों की मदद से अहमदाबाद में कराया है। इधर जाम की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेन्द्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी मौके पर पहुंचीं और मृतक के परिजनों से बातचीत की। अधिकारियों द्वारा दोषियों पर विधि सम्मत कार्रवाई करने का आश्वासन देने के बाद 9 बजे सड़क जाम हटवाया गया। इधर मृतक कृष्णा चौधरी के पिता जयराम चौधरी ने प्रशासन को आवेदन देकर अपने पुत्र का हत्या करने का आरोप लगाते हुए कधवन गांव स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित एएनएम बबिता कुमारी, पति राकेश कुमार एवं रिशु सिंह सहित खैरवा गांव के ही तीन अन्य लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है। मृतक के पिता जयराम चौधरी ने बताया कि 25 अप्रैल को इन लोगों ने मेरे पुत्र को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था और जान से मारने की धमकी भी दी थी। इसके बाद मामला थाना पहुंचा जहां थाने में समझौता कराया गया। समझौता में मेरे पुत्र कृष्णा को 2 साल के लिए गांव से बाहर चले जाने के लिए बोला गया था। इसके बाद 4 मई को मेरा पुत्र कृष्ण चौधरी अहमदाबाद कमाने चला गया था। अहमदाबाद में अचानक 22 मई को मेरे पुत्र की मृत्यु हो गई। जयराम चौधरी ने एएनएम बबिता कुमारी, उसके पति राकेश कुमार एवं रिशु सिंह सहित खैरवा गांव के ही तीन अन्य पर अपने पुत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर केतार थाने के समक्ष सैकड़ों ग्रामीणों के साथ सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी रोशन कुमार वर्णवाल ने सात लोगों धारा 302/120बी के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेन्द्र नारायण सिंह ने कहा की जांचोपरांत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसमें संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। इस मौके पर पंकज सिंह, अजय वर्मा, नागेन्द्र ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि कलेंदर पासवान, प्रमोद कुमार, पूर्व मुखिया अनील पासवान सतेन्द्र गुप्ता, सुनील कुमार, सुदामा वर्मा, बिंदु पासवान, सोमनाथ चौधरी, बिगन चौधरी, रटहु चौधरी, मनोज सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## इंडिया



सुनील बादल

*आज न दूरी का मतलब रह गया है और न जानकारी का और कभी प्राकृतिक स्वरूप में रहने वाले तीर्थस्थल आज मैरेज डेस्टिनेशन से लेकर पार्कों की तरह घूमने की जगह बन गए हैं।*

# तीर्थस्थलों को मेले में बदलते रीलबाज और पर्यावरण

कभी एक समय था जब तीर्थस्थलों की कहानियां बड़े बुजुर्ग सुनाया करते और लोग वहां की दुर्गम यात्रा के लिए सभी से अंतिम विदाई लेकर निकलते थे । आज न दूरी का मतलब रह गया है और न जानकारी का और कभी प्राकृतिक स्वरूप में रहने वाले तीर्थस्थल आज मैरेज डेस्टिनेशन से लेकर पार्कों की तरह घूमने की जगह बन गए हैं । लोगों का झुकाव अपने पवित्र धार्मिक स्थलों के प्रति बढ़ा है पर हाथों में मोबाइल और चिविंग गम चबाती युवाओं की भीड़ में से अधिकांश के मन में आस्था कम सोशल मीडिया पर सनसनी फैलाना अधिक होता है । उत्तराखंड की दुःखद जानलेवा त्रासदी अभी लोग भूले नहीं हैं जिसे प्रकृति का कोप भी माना जाता है। भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ में कपाटोद्घाटन के बाद सिर्फ 14 दिनों में ही दर्शनार्थियों की संख्या 4 लाख के पार हो गई है। बृहस्पतिवार को धाम में कुल 32652 शिव भक्तों ने गर्भगृह से बाबा केदार के दर्शन किए। वहीं, कपाट खुलने के बाद से अभी तक दर्शनार्थियों की कुल संख्या 424224 पहुंच गई है। सोनप्रयाग से 18774 श्रद्धालु पैदल मार्ग से धाम के लिए रवाना हुए। जबकि दर्शन कर 13 हजार से अधिक श्रद्धालु वापस लौटे। पंच केदार में प्रमुख केदारनाथ धाम में इस वर्ष श्रद्धा, भक्ति का उल्लास अपने चरम पर है। कपाट खुलने के दिन से धाम में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। धाम में प्रतिदिन 30 हजार से अधिक श्रद्धालु कर रहे दर्शन।

इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते 17 से 23 मई तक सात दिनों में ही धाम में रिकार्ड 2 लाख 40 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं, जो नया रिकार्ड है। पिछले कई दिनों से धाम में प्रतिदिन 30 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं।इससे पहले वर्ष 2019 में जून महीने में पांच दिन तक प्रतिदिन दर्शनार्थियों की संख्या 30 हजार तक बनी थी। वहीं, वर्ष 2022 और 2023 में पूरे यात्राकाल में रिकार्ड दर्शनार्थियों की संख्या के बावजूद प्रतिदिन दर्शन करने वालों की संख्या 16 से 18 हजार के बीच बनी रही। लेकिन, इस बार, केदारनाथ में उमड़ रही भीड़ से कई रिकार्ड बना रही है।



कपाटोद्घाटन पर जहां 29030 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे, जो यात्रा के इतिहास में नई शुरूआत थी। बीकेटीसी के सीईओ योगेंद्र सिंह का कहना है कि इस वर्ष केदारनाथ में श्रद्धालुओं की भीड़ अप्रत्याशित है। सिर्फ 14 दिन में दर्शनार्थियों की संख्या 4 लाख 24 हजार 242 पहुंच चुकी है। यही स्थिति रही तो इस माह के आखिर तक दर्शनार्थियों का आंकड़ा आठ लाख से अधिक पहुंचने की उम्मीद है।श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि केदारनाथ में उमड़ रही भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर को 23 घंटे तक खुला रखा जा रहा है। सुबह 4 बजे कपाट खोले जा रहे हैं। पूजा-अर्चना व अन्य धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के बाद सुबह 5 बजे से धर्म दर्शन शुरू हो रहे हैं। अपराह्न 3 बजे बाबा केदार को बाल भोग लगाया जा रहा है, जिस कारण आधा घंटे मंदिर को बंद किया जा रहा है।केदारनाथ परिसर में सोशल मीडिया पर रील्स बनाने और नशा कर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस ने सख्ती करनी शुरू कर दी है। अब तक धाम के प्रतिबंधित क्षेत्र में रील्स बनाने वाले 84 व्यक्तियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई, जबकि हुड़दंग मचाने वाले 59 लोगों पर कार्रवाई की गई है।पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा अशोक भदाणे ने बताया, केदारनाथ धाम के 50 मीटर की परिधि में रील और वीडियो बनाने पर रोक है। शुक्रवार को धाम के प्रतिबंधित क्षेत्र में रील बना रहे चार लोगों को पकड़कर चालान किया गया। इससे पहले पुलिस 80 लोगों को प्रतिबंधित क्षेत्र में रील्स और वीडियो बनाते हुए पकड़ कर चालान कर चुकी है।वहीं, नशे का सेवन कर धाम में उत्पात मचाने वालों के खिलाफ भी रुद्रप्रयाग पुलिस ऑपरेशन मयार्दा चला रही है। शुक्रवार को नशा कर हुड़दंग करने वाले 59 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। किसी भी धर्म या विश्वास से जुड़े पवित्र स्थलों की मयार्दा बचा कर रखना सिर्फ प्रशासन का काम नहीं बल्कि समाज की जिम्मेदारी है और पर्यावरण की बाध्यता भी ।

# वाहन में अचानक लगी आग चालक और उपचालक सुरक्षित



नवीन मेल संवाददाता

**गारू/लातेहार।** गारू थाना क्षेत्र के मारोमार के समीप कोहबरवा नाला के पास चलती वाहन में अचानक लगी आग चालक और उपचालक कुद कर बचाई अपनी जान। वहीं चालक राजेश मंडल ने बताया कि पांकी से रूई बनाने वाला इलेक्ट्रॉनिक मशीन को लेकर महुआडांड़ जा रहा था। इसी दौरान मारोमार के समीप वाहन के पीछे से अचानक धुआ निकलने लगी। देखते ही देखते वाहन में आग लग गई। जिससे वाहन जल कर खाक हो गया। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई है। आग लगने की कारणों का जांच की जा रही है।

## एक नजर

### 30 मई तक ई- केवाईसी करना अनिवार्य

**पाटन।** पलामू एचपी गैस कनेक्शन धारकों को आगामी 30 मई तक केवाईसी करना अनिवार्य हो गया है। समय पर ई केवाईसी नहीं करने की स्थिति में उनका गैस कनेक्शन बंद हो सकता है। इसकी जानकारी देते हुए पाटन के रिमझिम गैस एजेंसी के प्रोपराइटर गंगा प्रसाद ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना व सामान्य गैस उपभोक्ताओं को बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण करना अनिवार्य किया गया है। भारत सरकार के तेल वर्क प्राकृतिक गैस मंत्रालय के आदेश पर ई केवाईसी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### लड़की को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप

**नीलांबर पितांबरपुर।** थाना क्षेत्र के ओरिया कला निवासी अवध बिहारी साव ने उसी गांव के गुलाब चंद शर्मा, मनीष शर्मा एवं ललीता कुंवर पर अपनी बेटी को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने लेस्लीगंज थाने में उक्त तीनों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी के लिए आवेदन भी दिया है। पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उसकी पत्नी व दोनों बेटे खेत में काम करने गए हुए थे। इसी दौरान उन लोगो ने मेरी बेटी को टेम्पू से ले जाकर गायब कर दिया है। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल पा रहा है। थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस आवेदन मिलते ही मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दो आरोपियों को पुछताछ के लिए थाना लाया गया है। जल्द ही लड़की को भी बरामद कर लिया जाएगा।

### देवरी खुर्द में निर्माणाधीन परता-कबरा ग्रामीण जलापूर्ति योजना कार्य में भारी अनियमितता

# संवेदक ने मंदिर को बना दिया गोदाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू के हैदरनगर अंचल के परता-कबरा बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए हुसैनाबाद अंचल के तहत देवरी खुर्द गांव में धोखे से जमीन लिए जाने के बाद अब योजना के संवेदक विगुन कंस्ट्रक्शन (आगरा) के द्वारा गुणवत्ता को ताक पर रखकर घटिया कार्य कराया जा रहा है। पूर्व में देवरी खुर्द के ग्रामीणों को यह कहकर अंधेरे में रखा गया कि देवरी खुर्द पंचायत के लिए जलापूर्ति योजना स्वीकृत हुआ है। इसके लिए एक जलशोधन प्लांट का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए लगभग दो एकड़ भूमि की आवश्यकता है। इसके बाद मुखिया पति उपेंद्र मेहता के द्वारा जब कार्य रोका गया तो संवेदक ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर अवगत कराया कि मेहता द्वारा कार्य में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। जबकि उक्त गैरमजरूआ भूमि पर शीशम एवं अन्य कई किस्म के पेड़ भी किसानों द्वारा लगाया गया था। गौरतलब तो यह है कि बिना सरकारी अनुमति के लगभग पचास हरे-भरे पेड़ को भी संवेदक ने जेसीबी से नष्ट कर दिया। किन्तु अंचल अधिकारी या देवरी ओपी



द्वारा संवेदक के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि किसान द्वारा अपनी निजी भूमि पर लगाये गए पेड़ को काटने पर मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है। किंतु संवेदक द्वारा सरकारी भूमि पर अवस्थित पचासों पेड़ काट डाले गए और अंचल या पुलिस प्रशासन को इसकी भनक भी नहीं लगी। उल्लेखनीय है कि अंचल अधिकारी ने उक्त भूमि पर परता ग्रामीण जलापूर्ति योजना के जलशोधन संस्थान के निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र भी निर्गत कर दिया। आश्चर्य की बात तो यह है कि राजस्व कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक ने बेहिचक देवरी खुर्द के खाता नंबर-253,प्लॉट नंबर-762,951,952,953,961 एवं 952/2839 के रकबा 1.44 एकड़ है। जिसका अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए अपनी अनुशंसा सीओ को कर दी जिसमें शीशम पेड़ का जिक्र ही नहीं किया गया। तब सीओ ने पत्रांकः 1037, दिनांकः-25 नवंबर 2023 के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया। इस कारण जब संवेदक ने उक्त भूमि पर माह दिसंबर 2023 में बाउंड्री वाल के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया तो ग्रामीणों ने उक्त कार्य को रोक दिया। अब पुनः संवेदक ने चहारदीवारी का कार्य प्रारंभ किया है तो इसमें भारी अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि बाउंड्री वाल की नींव में ईंट सोलिंग नहीं कर जमीन पर ही सीमेंट की बोरी बिछाकर आरसीसी की जा रही है। साथ ही पिलर में प्रयुक्त किये जाने वाला लोहे का छड़ ब्रांडेड कंपनी का नहीं लगाकर लोकल कंपनी का लगाया जा रहा है। छह माह पहले रखे गए 10 बोरी खराब सीमेंट को भी नींव में प्रयुक्त कर दिया गया। विभागीय कर्मचारी द्वारा कार्यस्थल पर संवेदक के मुंशी को हिदायत देने के बाद भी पिलर में छह इंच के स्थान पर नौ से बारह इंच की दूरी पर रिंग बांधा जा रहा है जिससे आंधी-तूफान में बाउंड्री वाल कभी भी धराशायी होने की संभावना है। इसके अलावे बाउन्ड्री वाल की नींव ही टेढ़ी- मेढ़ी और जैसे-तैसे बनाई जा रही है,जबकि इसके लिए जगह पर्याप्त है। विभागीय अभियंता की गैरमौजूदगी में कार्य को अंजाम दिये जाने की शिकायत भी मिल रही है। गौरतलब तो यह है कि कार्यस्थल पर अवस्थित अन्नपूर्णा मंदिर को ही संवेदक ने गोदाम बना रखा है। इससे कभी भी कार्यस्थल पर बवाल उत्पन्न हो सकता है। कंपनी के इंजीनियर से मोबाइल पर बात करने का प्रयास किया गया। किन्तु कॉल रिसीव नहीं किया गया।

## आरोप बेबुनियाद हैं : मंजू देवी

**नवीन मेल संवाददाता**



**पाटन।** ग्राम पंचायत सगुना मुखिया मंजू देवी ने 22 मई की मारपीट की घटना को गलत बताया है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि गाली-गलौज, मारपीट तथा जाति सूचक अभद्र भाषा के प्रयोग करने व घर की दीवार गिराने का आरोप लगाया गया था। जिसमें रंजीत सिंह, अमनसिंह, सहदुल मियां पर एससी, एसटी एक्ट के तहद मुकदमा दायर किया गया है। मुखिया ने कहा कि यह आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने बताया कि अमन सिंह मार्च महीना 2024 से दिल्ली यूनिवर्सिटी में रहकर मैनेजमेंट का पढ़ाई करता है। इसके बावजूद अमन सिंह पर केस दर्ज किया गया है, जो गलत है। स्थल पर किसी प्रकार के कोई लड़ाई झगड़ा या मारपीट नहीं हुई है। लेकिन कुछ राजनीतिक तत्वों के द्वारा गहरी साजिश के तहद बहकावे में आकर केस किया है।

मेरा पुत्र रंजीत सिंह ने स्व. रजाक मियां के पत्नी एवं उनके तीनों बेटे से जमीन लिया था। उसी को लेकर जमीन संबंधित मामला था। जो राजनीतिक तत्वों द्वारा मामला को हवा दे दिया गया है।

### ट्रक ने बिजली के खंभे में मारी टक्कर, क्षतिग्रस्त

**पाटन।** प्रखंड के कारिहार गांव में मिट्टी ढोने वाले ट्रक ने बिजली के खंभे में मारी टक्कर। जिससे खंभा क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसक कारण क्षेत्र में बिजली बाधित है। इसकी सूचना बिजली विभाग को ग्रामीणों के द्वारा दे दी गयी है। इसकी सूचना पर पाटन पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। इसके बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है।

## डायन कह कर मारपीट करने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के हीरा सिकनी गांव निवासी बिहारी रजवार की पत्नी रूनी देवी ने लिखित आवेदन देकर गांव के पांच लोगों के खिलाफ डायन बिसाही का केस दर्ज करायी है। रूनी देवी ने आवेदन में कहा है कि गांव के ही कुछ लोग उसे डायन कहकर प्रताड़ित करते हैं। दिये गये आवेदन में कहा गया है कि वह अपने घर के दरवाजा पर बैठी थी। तभी गांव के मुनेश्वर रजवार, आलोक रजवार, पन्ना देवी, शंकर रजवार व निर्मला देवी वहां पहुंची। उन सभी ने कहा कि तुम डायन हो। तुम हम लोगों में भूत लगाती हो। इसके बाद गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। इसी बीच मेरे पति वहां पहुंच गये, उनलोगों ने मेरे पति के साथ भी मारपीट की। शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंच गये, तब वहां से वे सभी आरोपी भाग गए। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि महिला के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी गई है।

## न्यूज बॉक्स

### विधायक के प्रयास से लोहरसी में मिला नया ट्रांसफॉर्मर



**पांकी।** प्रखंड के लोहरसी में विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता के निर्देशानुसार विधायक प्रतिनिधि रंजय ठाकुर ने नया ट्रांसफॉर्मर दिलवाया। बताते चले की लोहरसी पीपल पेड़ पास के ग्रामीणों के द्वारा ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना विधायक शशिभूषण मेहता को दिया गया था। विधायक ने संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिनिधि रंजय ठाकुर के माध्यम से ट्रासफॉर्मर उपलब्ध करया गया। ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाने के वजह से भीषण गर्मी में लोहरसी के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही विद्यार्थियों को पढ़ाई में बहुत परेशानी हो रहा था। ट्रांसफॉर्मर नया लग जाने से ग्रामीणों के बिच में काफी खुशी का माहौल है। मौके पर सुरेंदर मेहता, विनय मेहता, धर्मदेव मेहता, अनिल साहू, रवि सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अधूरे पड़े पीएम आवास योजना का निरीक्षण, धीमी गति पर चिंता जताई

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** आवास योजना के पलामू जिला कोऑर्डिनेटर के साथ सतबरवा पहुंचे अन्य पदाधिकारियों ने प्रखंड कर्मियों की मौजूदगी में अधूरे पीएम आवास तथा निमार्णाधीन अबूआ आवास का निरीक्षण किया गया। लाभुकों से अधूरे आवास व धीमी गति से चल रहे कार्यो का कारण समझने का प्रयास किया। साथ ही शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

जिला कोऑर्डिनेटर मुफ्ती ने बताया कि पीएम आवास योजना को जल्द पूरा कराने के लिए निरीक्षण किया गया। परियोजना पदाधिकारी विमलेश विश्वकर्मा, प्रशिक्षक समन्वयक अभय कुमार, आवास कोऑर्डिनेटर रजनीकांत सक्सेना, पंचायत सचिव संतोष तिवारी टीम में शमिल थे। टीम ने रेवारातु तथा अन्य गांवों में जाकर आवास योजना के भौतिक स्थिति की जांच की। कोऑर्डिनेटर रजनीकांत ने बताया कि आवास पूरा होने पर शौचालय और पेयजल व्यवस्था का लाभ दिय जाना है। सतबरवा प्रखंड में 297 पीएम आवास यूनिट अधूरा है। झारखंड सरकार की ओर से 634अबुआ आवास प्रखंड को प्राप्त हुए हैं। रेवारातु के लक्ष्मण सिंह तथा कविता देवी के आवास की जांच की गई है।

# पुराना पंचायत भवन को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज बीडीओ सह सीओ कुमार अरविंद बेदिया ने सलैया पंचायत के पचमो गांव स्थित पुराना पंचायत भवन को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा करीब 8 वर्षों से पुराना पंचायत भवन को अतिक्रमण किया गया था। जिसपर उक्त गांव के ग्रामीणों ने बीडीओ को हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर भवन खाली कराने की मांग की थी। इसके बाद बीडीओ ने पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अतिक्रमण की बात को सही पाया। वहीं बीडीओ ने एक सप्ताह के अंदर पंचायत भवन को खाली करने का निर्देश गांव के चंद्रदेव यादव, सुनेश्वर यादव, रामप्यारे साव तथा अमेरिका यादव को दिया है। उन्होंने कहा कि भवन को खाली नहीं किए जाने पर सरकारी प्रावधान के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार सहित पुलिस बल मौजूद थी।





## युवक को काम कराने लुधियाना ले गए ठेकेदार, अबतक कोई सुराग नहीं

- युवक की मां ने हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई
- ठेकेदार और उसके पिता व भाई कुछ भी बताने को तैयार नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चारकोल गांव निवासी बलकेश पासवान की पत्नी शांति देवी ने हुसैनाबाद थाना को लिखित आवेदन देकर औरंगाबाद जिला के नबीनगर थाना अंतर्गत घिरसिंडी गांव के तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। शांति देवी ने आवेदन में कहा है कि ठेकेदार गुंजन सिंह उनके भाई मनीष सिंह व पिता योगेंद्र सिंह लेबर के लिए गांव में आए थे। उन्होंने कहा कि लुधियाना चलना है। उनके साथ 14 मई 2024 को उनका पुत्र मदन पासवान चला गया। मदन पासवान ने मोबाइल नंबर 8427126718 से घर फोन कर के बोला की वह लुधियाना से एक स्टेशन पहले चंदाकी उतर गया है। उसने बोला की उसे डर है की गुंजन सिंह उसे मार देंगे। पुनः 20 मिनट बाद मोबाइल नंबर 9815621072 से फोन आया की 500 रुपया इसी नंबर पर भेज दीजिए। आने पर पूरी बात बताएंगे। उसके बाद से आज तक उसका कोई पता नहीं चल रहा है। उसने एक बार न फोन किया और न वह घर आया है। घर के लोग ठेकेदार गुंजन सिंह के घर घिरसिंडी, नबीनगर गए तो उन्होंने बात करना भी उचित नहीं समझा। शांति देवी ने हुसैनाबाद थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है, जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व ने लगाया स्त्री रोग जांच व उपचार शिविर

## स्वास्थ के प्रति महिलाओं को जागरूक करना बेहद जरूरी : हितेंद्र अवस्थी

**नवीन मेल संवाददाता**



**विश्रामपुर।** रेहला ग्रासीम सामाजिक उत्तरदायित्व द्वारा विशुनपुर स्थित परिवार कल्याण केंद्र में ग्रामीण महिलाओं के लिए निःशुल्क स्त्री रोग जांच व उपचार का विशेष शिविर लगाया गया। जिसमे 135 महिलाओं का जांचोपरांत मुफ्त इलाज किया गया। इसके अलावा महिलाओं को स्वास्थ के प्रति जागरूक भी किया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने दीप प्रजव्लित कर किया। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के बराबर है। आज हर क्षेत्र में महिलाएं आगे आ रही हैं। वे परिवार की रीढ़ होती हैं, सबों का समुचित ध्यान रखती हैं, लेकिन व्यस्तता में खुद का ख्याल नहीं रख पाती हैं। वे दूसरों को फल व पोषक खाद्य खिलाती हैं पर खुद नहीं खाती हैं। जिसके कारण उनमे अक्सर हीमोग्लोबिन की कमी पाई जाती है। महिलाओं की भूमिका इतनी महत्वपूर्ण है कि जब कोई महिला बीमार हो जाती हैं तो पूरा परिवार अस्त व्यस्त हो जाता है। वहीं अवस्थी ने कहा कि जागरूकता एवं सफाई किसी भी बीमारी से बचने का सबसे कारगर माध्यम है। लेकिन फिर भी अगर कोई बीमारी हो जाती है तो समय पर समुचित इलाज करानी चाहिए। महिलाएं जागरूक होंगी तो पूरा परिवार एवं समाज स्वस्थ होगा। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सी एस आर टीम को बधाई दी। शिविर में महिलाओं को बीमारियों से बचने एवं संबंधित सावधानी बरतने के बारे में डॉ. अनूपा कुजूर ने विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर के अनिल गिरि ने किया। शिविर में महिलाओं के जांच में विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की लैब टेक्निशियन रूपा गुप्ता ने महवपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में परिवार कल्याण केंद्र के डॉ. पीपी पांडेय, मो. कैफ, मारुति नंदन त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र यादव, गोपीनाथ विश्वकर्मा, योगेश पाल, श्रीकांत सिंह, भोला अंग, सत्येन्द्र सिंह, अनिता देवी ने शिविर के सफल आयोजन में बहुमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम में महिला मंडल की सचिव अनुपमा मिश्र सहित कई लोग मौजूद थे।

## अपराध

### परिजनों ने तरहसी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी

# ससुराल गया युवक पांच दिन बाद अमानत नदी घाट पर बालू में बेहोश मिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ससुराल गया युवक पांच दिन बाद अमानत नदी में बेहोशी की हालत में मिला। उसे एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया। अब उसे होश में आ गया है। उसने परिजनों और पुलिस को घटना के संबंध में कई जानकारियां दी है। युवक पूरनचंद महतो (35) लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के पिपरा का रहने वाला है। वह 20 मई से लापता था। उसके परिजनों ने 22 मई को तरहसी थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इस बीच बांसगुरू अमानत नदी घाट पर उसे बालू में पड़ा देखा गया। स्थानीय युवकों ने इसकी जानकारी पांकी के पकरिया मुखिया पति मिंटू वर्मा को दी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर युवक को बाहर निकाला और अस्पताल भेजा। उसका हाथ-पैर बंधा हुआ था। एमएमसीच में इलाजरत पूरनचंद



ने पुलिस को बताया कि 20 मई को वह पत्नी को लेने ससुराल नवगढ़ गया था। वह पत्नी को लेकर घर लौटना चाह रहा था लेकिन उसे ससुराल वाले आने नहीं दे रहे थे। इसे लेकर पंचायत हुई। पंचायत में लड़की ससुराल आने से मुकर गयी। इसी दौरान ससुर कृत महतो, साला लक्ष्मण महतो, पंकज महतो, संतन महतो एवं जय महतो ने उसे बंधक बना लिया और कमरे में बंद करके रखा गया। पूरनचंद ने बताया कि 22 मई को उसकी जमकर पिटायी की गयी। जहर पिलाने की कोशिश की गयी लेकिन पिया नहीं। बाद में वह बेहोश हो गया। इसके बाद से उसे कुछ पता नहीं कि उसके साथ आगे क्या हुआ? होश आने पर उसने खुद को अस्पताल में पाया। इस बाबत तरहसी के थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि पूरनचंद का बयान लिया गया है और उसके आधार पर छानबीन की जा रही है। पूरी जांच के बाद ही स्पष्ट कारण सामने आयेगा। उल्लेखनीय है कि पूरनचंद की चौथी शादी हुई है। पूर्व की तीन पत्नियों की अलग-अलग कारणों से मौत हो गयी। उसकी चौथी पत्नी शादी-शुदा और एक बच्चे की मां है।

# नदी किनारे अतिक्रमण कर बनाया विद्यालय भवन, संवेदक की लापरवाही उजागर

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गई है। जो देखने का तात्पर्य है कि पाटन प्रखंड के सतौवा में नदी के कुछ हिस्से में विद्यालय भवन का निर्माण कराया गया। नदी के किनारे उक्त भवन को निर्माण कराया गया है, जो विद्यालय का आधा भाग नदी की धारा में भरावट कर भवन का निर्माण कराया गया। नदी को अतिक्रमण कर संवेदक द्वारा भवन की लीपा पोती कर निर्माण किया जा रहा है। सरकार द्वारा भवन निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। फिर भी ठेकेदारों द्वारा उक्त जमीन नहीं रहने पर भी किसी प्रकार भवन बना कर राशि की बन्दर बाट कर रहे हैं। विद्यालय भवन निर्माण में भारी अनियमित देखी जा रही है। लोगो ने इसकी शिकायत कर भवन को दूसरे जगह बनाने की मांग किया था। लेकिन



संवेदकों द्वारा नदी को अतिक्रमण कर के ही भवन का निर्माण कराया। आए दिन जब नदी में तेज बहाव होगी तब विद्यालय भवन का बाहरी हिसा कटाव में बहता रहेगा। ठेकेदार के द्वारा मनमानी कर विद्यालय का भवन निर्माण कराया गया। नदी के किनारे विद्यालय रहने पर छोटे, छोटे बच्चों पर खतरा बना रहता है। जिससे विभाग भी लापरवाह है। किसी जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं है।

# नौ वर्षों से बंद है ग्रामीण जलापूर्ति योजना शुरू कराने के सारे प्रयास विफल

## शहर की 6000 आबादी को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के प्रति सरकार व प्रशासन गंभीर नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित शहर से दक्षिण बड़ा शिवालय के निकट सदाबह नदी के तट पर वर्ष 2005 से ही स्थापित पीएचईडी की ग्रामीण जलापूर्ति योजना एक माह भी नियमित संचालन नहीं हो सका। जिससे यहां के लोगों में नाराजगी इस बात को लेकर है कि इसके स्थायी व सफल संचालन कराने का प्रयास सभी स्तर से फेल हो चुके हैं। स्थानीय प्रबुद्ध लोगों ने लगातार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि तक इसकी हालात की जानकारी देकर शहर की छह हजार से अधिक आबादी को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने की आवाज उठाते रहे हैं। लेकिन आज तक स्थिति ढाक के तीन पात निकले। बता दें कि 26 अक्टूबर 2014 से ही जलापूर्ति योजना बंद पड़ी है। इसके कीवाड़ जर्जर व चारदीवारी धराशयी हो चुके हैं। साथ ही चारों ओर गंदगी के अंबार से घिरे लावारिश पशुओं को आरामगाह बन गया है। स्थानीय स्तर पर इसे चालू कराने का अथक प्रयास विरेन्द्र अग्रवाल, अरुण कुमार गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, राकेश कुमार, सोनू कुमार सहित कई उपभोक्ताओं द्वारा किया गया। पर इनकी सीएम से पीएम तक की शिकायत भी काम नहीं आई। इनका कहना है कि भीषण गर्मी में सरकार एक ओर पेयजल लोगों को मुहैया कराने के लिए कई उपायों पर लाखों - करोड़ों रुपये का वारा न्यारा करती है। पर जो योजना सांस लेने लायक भी है तो उसे मरने के लिये छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से शहर के आधे भाग में भूमिगत पाइपलाइन भी बिछाये गये हैं। जिससे वर्तमान में करीब तीन हजार लोगों को पानी मिल पाता।

### योजना पूर्वी पंचायत के अधीन




हालांकि इस योजना को विभागीय स्तर पर वर्ष 2017 में ही हैदरनगर के पूर्वी पंचायत को सौंपा जा चुका है। जिसे रख रखाव व संचालन की जिम्मेवारी भी अपने स्तर से कराने को दे दी गई है। पर इस जिम्मेवारी की सफलता भी लोगों के सामने नहीं आ सकी है। इस पंचायत के संबधित मुखिया संतोष कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, पंचायत समिति सदस्य शैलू जयसवाल को इस मामले में जानकारी दिए जाने पर कहा कि लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद इस जलापूर्ति योजना को चालू कराने की दिशा में पहल किया जायेगा।

## एक नजर

### बैग का चैन खोलकर अंदर रखे पर्स ले उड़े चोर

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में एक लड़की का पर्स चोरी का मामला समने आया है। इसके बाद वह लड़की रोने लगी। घटना की जानकारी शहर थाना टीओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान को दी गयी है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंच कर लड़की से चोरी की घटना के बारे में पूछताछ की। इसके बाद वे अस्पताल के 32 नंबर में सीसीटीवी कैमरा की जांच करने पहुंचे। मगर वहां कोई पदाधिकारी तैनात नहीं था। इसकी जानकारी अस्पताल के मैनेजर को दी गई। उन्होंने कहा कि वे छुट्टी पर हैं। इस कारण अस्पताल की लापरवाही से सीसीटीवी कैमरा की जांच नहीं हो पायी। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के कंकारी गांव निवासी गोपाल साव की पुत्री सोनी कुमारी अपने दादा का इलाज करवाने शुक्रवार को सदर अस्पताल पहुंची थी। अस्पताल में वह हेल्थ मैप सेंटर के काउंटर पर लाइन में लगी हुई थी।

## न्यूज बॉक्स

### एनसीसी कैडेट्स प्रशिक्षण शिविर आयोजित

## डीएवी संस्थाएं राष्ट्र सेवा में सदैव तत्परः कर्नल अमिताभ

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** मुखर्जी 22 से 31 मई 2024 तक एम.के.डी.ए.वी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एनसीसी 44 वीं बटालियन पलामू के कमांडिंग आफिसर कर्नल अमिताभ मुखर्जी ने बताया कि एनसीसी भारतीय सेना की दूसरी लाइन है। इसमें प्रशिक्षित कैडेट्स सेना के तीनों अंगों में भर्ती के समय अधिभार प्राप्त करते हैं और सफल होते हैं। उन्हें वरीयता भी दी जाती है। पहले कैडेट्स को भारतीय सेना में ही लाभ मिलता था, किंतु अब इन्हें निजी व सार्वजनिक क्षेत्र, रिलायंस इत्यादि में भी प्राथमिकता दी जाने लगी हैं। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में उन्हें शारीरिक अभ्यास के अतिरिक्त संगीत, नृत्य का प्रशिक्षण प्रदान कर भारत की विरासत को संरक्षित करने का कार्य किया जाता है । इन सब कार्यक्रमों से प्रशिक्षुओं में राष्ट्रभक्ति व राष्ट्र चेतना का जागरण होता है,जो आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रमुख अधिकारी सूबेदार मेजर मन्ना उरांव ने बताया कि 10 दिनों तक सभी प्रशिक्षुओं को प्रातः जागरण के साथ शारीरिक व्यायाम,परेड, ड्रिल का अभ्यास कर वेपन ट्रेनिंग, फायरिंग कोर्सेज, अग्निशमन प्रशिक्षण, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, पर्यावरण, व्यक्तित्व विकास एवं अन्य सिविल कोर्सेज का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शिविर में कुल आठ विद्यालयों / महाविद्यालयों के कुल 517 छात्र प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिसमें 396 बालक एवं बालिका कैडेट्स की संख्या 121 है। इसमें जी.एल.ए कॉलेज,जे.एस. कॉलेज,वाई.एस.एम. कॉलेज डाल्टनगंज एवं एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल, गिरवर इंटर कॉलेज, ब्राह्मण विद्यालय, जिला स्कूल डाल्टनगंज एवं इंटर कॉलेज बालूमाथ के कैडेट्स प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसमें प्रशिक्षक की भूमिका में सूबेदार विमलेश सिंह, दीपक कुमार साहनी, नायक सूबेदार बिरसा उरांव, ए.के.हेंब्रम, हवलदार रमेश कुमार,एम.टी.यू, हवलदार स्वर्णजीत सिंह समेत अन्य लोग महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

### परंपरा का पालन करता हूंः डॉ. जीएन खान

इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य डॉ. जीएन खान ने कहा कि कैडेट्स राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्र चेतना से परिपूर्ण, राष्ट्र सेवा में तत्पर व्यक्ति होते हैं। डी.ए.वी.संस्थाएं राष्ट्र सेवा में अपना योगदान देने हेतु सदैव तत्पर रहती है। मैं ग्रीष्मावकाश के दौरान हर वर्ष इस तरह के आयोजन हेतु विद्यालय परिसर उपलब्ध कराकर इसी परंपरा का पालन करता हूं। देश के साथ-साथ मेरी भी छात्रों से यही अपेक्षा रहती है कि वे एक सफल व्यक्ति के साथ-साथ राष्ट्र चेतना के अग्रदूत भी बने। उन्होंने सभी कैडेट्स के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ-साथ उन्हें शुभकामना भी दिया।

## नहीं रूक रहा है मिट्टी की कटाई, उत्तर कोयल मुख्य नहर का अस्तित्व खतरे में



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद उत्तर कोयल मुख्य नहर परियोजना के बगल में नहर खुदाई के समय से डंप की गई मिट्टी का कटाई कार्य नहीं रूकने से से नहर का अस्तित्व खतरे में पड़ गई हैं। जपला धरहरा नहर मोड़ से राम विगहा होते हुए दरूआ गांव के समीप तक जेसीबी मशीन से मिट्टी कटाई कर प्रतिदिन शहर के कई नव निर्मित मकानों में मिट्टी भरने का कार्य किया जा रहा है। इसे नहीं रोका गया तो आने वाले समय में नहर का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। इस परियोजना से हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज क्षेत्रों के अलावा बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर, टंडवा, अंबा, कुटुंबा, देव और गया के आमस के इलाके के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचती है। इस परियोजना से झारखंड और बिहार में 11 लाख 15 हजार 521 हेक्टेयर जमीन पर सिंचाई की सुविधा मिलती हैं। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि ट्रैक्टर चालक व जेसीबी संचालक आये दिन पैसे कमाने के चक्कर में उक्त परियोजना से छेड़छाड़ कर रहे हैं।

## युवती को जाना था रांची- रामगढ़, पहुंच गई चैनपुर- रामगढ़



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामगढ, पलामू रांची के नामकुम रेलवे स्टेशन से बोकारो जाने के लिए ट्रेन में सवार हुई एक युवती भटकर डालटनगंज पहुंच गयी। फिर उसे रांची रामगढ जाना था, लेकिन केवल रामगढ जाने की बात कहने पर वाहन से उसे पलामू जिले के रामगढ पहुंचा दिया गया। रामगढ़ में मुखिया उमाशंकर प्रसाद और भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू राम युवती से जरूरी जानकारी लेकर उसके परिजनों से संपर्क कर रहे हैं और बातचीत के बाद रात में उसे रामगढ़ में ही सुरक्षित रखने की तैयारी है। सुबह उसे डालटनगंज भेजा जाएगा। युवती की पहचान बोकारो जिले के कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत दुगार्पुर की रहने वाली निशा कुमारी (23वर्ष) पिता गणेश प्रसाद महतो के रूप में हुई है। निशा रांची में जॉब करती है। संभावना है कि निशा रांची से बोकारो जाने के लिए गलत ट्रेन में सवार हो गई और फिर डालटनगंज पहुंच गई। निशा ने जानकारी दी की डालटनगंज आने पर टैक्सी स्टैंड में रामगढ़ जाने की बात कही तो उसे वाहन मिला और उस पर बैठकर वह पलामू के रामगढ़ पहुंच गई। रामगढ़ बाजार में मुखिया और भाजपा मंडल अध्यक्ष ने युवती से जरूरी जानकारी ली। परिजनों से संपर्क साधा। इस संबंध में रामगढ़ थाना प्रभारी नीलेश कुमार को सूचना दे दी गई है।

### दुकान में लगी आग, पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर पाया काबू

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा गांव में शमीम अंसारी के सिलाई दुकान में शनिवार की सुबह 3:00 बजे अचानक आग लग गई। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा आग लगने की सूचना दुकान मालिक शमीम अंसारी को दी गई।जानकारी मिलते ही शमीम अंसारी अपना दुकान पहुंच कर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग को बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। इसके बाद समीम के द्वारा आग लगने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम और फायर ब्रिगेड को दी गई।

## रुई पट्टी के दुकानों में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नगरपालिका बाजार के रुई पट्टी में लगातार 20 दिन पूर्व हुई चोरी की घटना में शामिल एक चोर को शहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीन फरार है। जिनकी गिरफ्तारी में पुलिस जुटी हुई है। गिरफ्तार चोर की पहचान कुंड मुहल्ला जेपी क्लीनिक के पास रहने वाले राजा कुमार उर्फ राजकुमार उर्फ कुकू डोम के रूप में की है। बताते चलें कि शहर थाना क्षेत्र के मदन मोहन रोड निवासी व्यवसायी ने 5 मई को नगरपालिका बाजार रुई पट्टी स्थित दुकान में नगद और चांदी के सिक्के चोरी होने के संबंध में प्राथमिकी की दर्ज कराई थी। इसके अलावा अन्य दुकानदारों ने भी अलग-अलग दो दिनों तक चोरी होने के संबंध में शिकायत की थी।शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने इस मामले में राजा कुमार उर्फ राजकुमार उर्फ कुकू डोम को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से तीन चांदी के सिक्के और चोरी में इस्तेमाल सबल सहित अन्य सामान गिरफ्तार चोर एवं घटना की जानको थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने दी। नगर पालिका बाजार में लगातार चोरी की घटना हो रही थी। इसे देखकर राजकुमार गुप्ता के नेतृत्व में व्यवसायियों ने शहर थाना में एफआईआर दर्ज करायी थी और बार-बार हो रही घटनाओं को देखते हुए व्यवसायियों ने चाबी सौंपने का फैसला किया था। थाना प्रभारी के सक्रिय रहने से चोरी की घटनाएं बंद हो गई और आज चोर पकड़ा भी गया। इसे देख व्यवसाईयों में खुशी है। राजकुमार गुप्ता उर्फ ट्विंकल गुप्ता ने थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। राजकुमार ने कहा कि जल्द थाना प्रभारी को सम्मानित किया जाएगा। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक संगीता झा, सहायक अवर निरीक्षक इंद्रदेव पासवान के अलावा जवान शामिल थे।

### घटना में शामिल अन्य अपराधी भी शीघ्र पकड़े जायेंगे : थाना प्रभारी

थाना प्रभारी ने कहा कि इस घटना में चार लोग शामिल थे, जिसमें से तीन फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार चोर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस शहर में अपराध नियंत्रण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से पुलिस गश्त होती है।

## लोक अदालत को लेकर 11 पीठों का गठन किया गयाः सचिव

### 62 मामले का का निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 25 मई शनिवार को 7:30 बजे सुबह से व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसमे 62 मामले का निस्तारण किया गया। व 29 लाख 12 हजार 500 रुपए का मामला सेटल हुआ। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 11 पीठों का गठन किया गया था। वहीं एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। प्रथम पीठ में पारिवारिक विवाद का निपटारा कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता वीणा मिश्रा कर रहे थे। पीठ दो में इलेक्ट्रिसिटी एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम विनोद कुमार सिंह व अधिवक्ता अमिताभ चंद्र सिंह कर रहे थे इस पीठ में विजली विभाग के 25 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या तीन में जिला व सत्र न्यायाधीश के कोर्ट व सभी जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चतुर्थ अभिमन्यु कुमार व अधिवक्ता शैलेंद्र नाथ चतुर्वेदी कर रहे थे। पीठ संख्या चार में अपराधिक मामले का निस्तारण आनंद सिंह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे कर रहे थे ।इस पीठ में आपराधिक 18 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या पांच में सिविल जज सीनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण ए सी जे एम संदीप निशित बारा व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह कर रहे थे।इस पीठ में सिविल के एक मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या छह में सिविल जज जूनियर डिवीजन सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन अमित आकाश सिन्हा व अधिवक्ता वीर विक्रम वक्स राय कर रहे थे।पीठ संख्या सात में एन आई एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण रोजलिना बारा व अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय कर रहे थे।

## अपनी रचनात्मक एवं सृजनात्मक क्षमता समर्पित करना होगा : वक्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय एवं ऐतिहासिक सांस्कृतिक संगठन इप्टा के स्थापना दिवस के अवसर पर इप्टा की पलामू इकाई ने शनिवार सुबह 7:30 बजे संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम का आयोजन बाबा साहब अंबेडकर पार्क में स्थित सद्भावना वृक्ष के पास किया गया। संवाद कार्यक्रम के प्रारंभ में इप्टा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी उपेंद्र कुमार मिश्रा, सदस्य इप्टा पलामू अध्यक्ष प्रेम भसीन, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह, प्रगतिशील लेखक संघ पलामू के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव व एमजे अजहर एवं ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद सहित तमाम रंगकर्मियों ने सद्भावना वृक्ष की जड़ों में जल समर्पित किया। मौके




पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान दौर में भी कलाकारों को अपनी भूमिका तय करना होगा। नफरत के दौर में कलाकारों की जिम्मेदारी बनती है कि प्रेम का संदेश दें। अपनी कला के माध्यम से कुबार्नी देने वाले महापुरुषों को अपना नायक समझा है। हमारे कार्यकर्ता एक सुंदर दुनिया का निर्माण चाहते हैं। सभी कलाकारों को सुंदर दुनिया के निर्माण का सपना सुन देखते हुए एकजुट होना होगा। हमें अपने पुरोधाओं की बातों को याद रखना होगा और अपनी रचनात्मक और सृजनात्मक क्षमता को मेहनतकशों और सुंदर दुनिया के निर्माण में लगे नौजवानों के प्रति समर्पित करना होगा। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव रवि शंकर ने किया।

खुल गया | खुल गया | खुल गया

नीलकमल फर्नीचर

मेसर्स विनय इंटरप्राइजेज
गायत्री मंदिर रोड, सुदना

प्रो. अभिषेक कुमार

नीलकमल के अधिकृत विक्रेता सभी तरह के फर्नीचर के लिए एक बार जरूर पधारें

दीवान, सोफा, आलमीरा, स्कूल फर्नीचर, प्लास्टिक की कुर्सी, टेबल व सभी सामानों के सेट उपलब्ध




8789497720 | 9199963588

## जागरूकता

### लिलिपुट समर कैम्प में हुआ फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल

# ठोस पदार्थ में आग लगती है तो हमें पानी से बुझानी है : दिनेश

**नवीन मेल संवाददाता**



आग बुझाने की जानकारी देते अधिकारी



**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल के समर कैम्प में आज अग्निशमन सेवा पदाधिकारी द्वारा सभी बच्चों के सामने उत्तम कुमार महतो के दिशा निर्देश में फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल किया गया। सबसे पहले स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल और निदेशक राजीव गोयल ने लीडिंग फायरमैन दिनेश कुमार शर्मा का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। इनके साथ फायरमैन परिमल प्रमाणिक और रामेश्वर उरांव भी उपस्थित थे। इसके बाद ड्रिल की शुरूआत करते हुए उन्होंने बताया कि आग को चार तरह की कैटेगरी में बांटा गया है जिसे अलग अलग तरीकों से बुझाया जाता है। किसी भी ठोस पदार्थ में आग लगती है तो हमें पानी से आग बुझानी है और तरल पदार्थ जैसे पेट्रोल या किरोसिन में आग लगती है तो उसे रेत और फायर एसटिंग्विशर (अमोनियम फॉस्फेट पाऊडर) से बुझाते हैं। इसके बाद उन्होंने सिलेंडर में आग लगाकर उसे बुझाकर दिखाया। उन्होंने आग लगने और उसे बुझाने की सभी विधियों को विस्तारपूर्वक समझाया और कहा कि इसको सीखना हमारे जीवन में अत्यंत आवश्यक है क्योंकि कोई भी घटना कभी भी घट सकती है। इसके बाद उन्होंने आग बुझाने के सभी तरीकों का प्रैक्टिकल करके दिखाया । उन्होंने फायर ऑफिस का नंबर 9304953439 सभी के साथ साझा किया और कहा कि कहीं भी कोई आग संबंधित दुर्घटना होती है तो इस नंबर पर तुरंत कॉल करें। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने उनको धन्यवाद दिया और कुछ बच्चों ने उनसे सवाल भी किए ।विक्रम अग्रवाल ने उनसे पूछा कि नमक से आग बुझा सकते हैं क्या तो उन्होंने बताया नहीं क्योंकि नमक से आग बढ़ती है । अभिजीत कुमार ने उनसे पूछा कि पाइपलाइन गैस कनेक्शन में आग लगती है तो उसे कैसे बुझाएं ? आन्या अग्रवाल ने उनसे पूछा को रेगुलेटर खराब हो जाने पर क्या करना चाहिए ? उन्होंने सभी बच्चों के सवालों का जवाब बहुत अच्छे ढंग से समझाकर दिया। मॉक ड्रिल को सफल बनाने में सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर

### गांव में हुई मारपीट की घटना में दो युवती घायल

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के चिनिया गांव में हुई मारपीट की घटना में दो युवतियां घायल हो गईं। घायलों में विजय राम की पुत्री नीलू कुमारी एवं अनिशा कुमारी के नाम शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि नीलू कुमारी तथा अनिशा कुमारी घर में अकेली थी। इसी दौरान उसके बकरी के छोटा बच्चा खुदकर सुशीला देवी के घर में चला गया। इसी बात से आक्रोशित होकर सुशीला देवी शंकर राम उदय रवि आदि ने मिलकर दोनों को मारपीट कर दिया।

### मारपीट में एक युवक जख्मी

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के उरसुगी गांव के कुशमाहा टोला निवासी सुरेश उरांव का पुत्र ब्रजेश उरांव मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में ब्रजेश उरांव की मां कालो उरईन ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि ट्रैक्टर से बालू लेकर ब्रजेश उरांव सहिजना रोड में जा रहा था। इसी दौरान ज्योति सिनेमा हॉल के पास एक महिला को ट्रैक्टर से धक्का लग गया।

### कीटनाशक खाकर महिला ने आत्महत्या की कोशिश की

**गढ़वा।** गढ़वा छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज निवासी उदय शर्मा की पत्नी पूनम देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में पर परिजनों ने बताया कि वह गढ़वा थाना क्षेत्र के सुखवाना गांव में किराए के मकान में रहकर मजदूरी कर अपना बच्चे को पालन पोषण करती है। पूनम देवी के पति अपने बच्चे एवं पत्नी को भी घर के लिए कोई खर्च नहीं देता है। शुक्रवार की शाम उसके पति ने आपसी किसी बात को लेकर उसे मोबाइल पर गाली गलौज किया था। इसी बात से आक्रोशित होकर पूनम देवी ने कीटनाशक खा लिया घटना के बाद उसकी छोटी बेटी ने अपनी मां को जहर खाते हुए देखकर अपने घर के बगल गीर को जाकर घटना की जानकारी दी। इसके बाद घर के बगल गीरों ने उसे 108 एंबुलेंस के मदद से गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### उंटारी में बढ़ रही है चोरी की समस्या

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार चोरी की घटना बढ़ती जा रही है थाना क्षेत्र के चितविश्राम ग्राम निवासी अनुज साह ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर चोरों द्वारा मोटर चोरी करने की जानकारी देते हुये जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने की मांग किया है श्री साह ने थाना प्रभारी को दिये आवेदन में कहा है कि मूंग के फसल की सिंचाई के लिये नदी में मोटर लगाया था विगत 21 मई को लगभग 11 बजे रात्रि में मोटर की चोरी हो गई।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने गढ़वा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव के ब्रह्म स्थान के पास से पारस के पेड़ से फांसी लगा हुआ एक युवक का शव बरामद किया है मृतक नगदरवा गांव के पाल टोला निवासी स्वर्गीय नारद पाल का पुत्र विकास पाल 38 वर्ष बताया गया है घटना के संबंध में मृतक विकास पाल का चचेरा भाई विक्रम पाल ने बताया कि आपसी किसी बात को लेकर मृतक विकास पाल को अपनी पत्नी के साथ विवाद हुआ था इसके बाद सुबह 7:30 बजे वह अपने घर से निकला हुआ था गांव के लोग काम करने के लिए उधर निकला तो देखा कि पारस के पेर में विकास पाल रस्सी बांधकर उसमें फांसी लगाकर लटका हुआ है ।

# गम्हरियाबिट वन क्षेत्र में चल रहा है अवैध तेंदुपत्ता खलिहान

## अवैध रूप से संचालित इस खलिहान से सरकारी राजस्व का हो रहा है नुकसान

- खुलेआम संचालित हो रहा है तेंदुपत्ता का कारोबार
- मौज उड़ा रहे हैं वनरक्षी





**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

उतरी वनप्रमंडल गढ़वा रेंज अंतर्गत रमना वन परिसर के वन क्षेत्र इन दिनों अवैध तेंदुपत्ता (बीड़ी पता) कारोबारी के लिए पनाहगाह बना है, इस क्षेत्र में बे-रोकटोक और बीना खलिहाना टेंडर के ही खुलेआम संचालित किया जा रहा है और इस क्षेत्र के वन रक्षी मौज उड़ा रहे है। सुरक्षित वनोंपज में तेन्दूपत्ता(बीड़ी पता)का महत्वपूर्ण स्थान है। तेन्दूपत्ता एक प्राकृतिक रुप से उत्पन्न होने वाला पौधा है। इसके पत्तों से बीडी बनायी जाती है। माह मार्च-अप्रैल के महीने में तेन्दू पेड़ के नये पत्ते निकलते है जो बीडी बनाने योग्य होते है। इन पत्तों का संग्रहण कार्य मई के प्रथम सप्ताह से जून के प्रथम सप्ताह तक किया जाता है। तेंदुपता संग्रहण कार्य में मुख्य रुप से ग्रामीण क्षेत्र से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सदस्यों द्वारा किया जाता है। जिनमें अधिकांश व्यक्ति अनुसूचित जाति जनजाति तथा आदिवासी परिवारों के है। इस कार्य में वर्षो से लगे उक्त वर्ग के लोग पुरे दिन मेहनत करने के बाद भी केवल 150 रु ही कमा पाते है, सरकार का प्रति व्यक्ति आय कागजो पर बढ़त बना रहा लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है! रमना वन परिसर के गम्हरियाबिट अंतर्गत सिलिदाग पंचायत के छपरदगा ग्राम में तेंदुपता का खलिहान अवैध रूप से चल रहा है, इस बात की जानकारी इससे जुड़े ग्रामीणों के द्वारा बताया गया, तेंदुपत्ता वन क्षेत्र के व्यवसायिक उपज है, जिसके कारोबार से सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती है लेकिन अवैध रूप से संचालित इस खलिहान से सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है और इसमें संलिप्त लोग मौज उड़ा रहे है, आखिर वन विभाग को इतनी गहरी कुम्भकर्ण का नींद कैसे लग गयी, की गत दस दिनों से तेंदुपता का खलिहान लगा हुआ है और इनको पता नहीं। रामप्यारी रजवार 65वर्ष और पिंटू कुमार 30वर्ष नें बताया की मेहनत कड़ा है और पैसे कम है, कोई दूसरा काम क्षेत्र में नहीं मिलने के कारण विवश होकर कम दर करना पड़ता है, गत चार कलम का मजदूरी नहीं मिला है, जिससे स्थिति एकदम दयनीय हो गया है।

ज्ञात सूत्रों से पता करने पर उन्होंने बताया की बीड़ी पता का मजदूरी सौ पोला का 214 है, जिसमे 200 तुरंत और 14 प्रत्येक मजदूर खाता में जमा होता है लेकिन गम्हरिया बिट के छपरदगा में संचालित कथित अवैध बीड़ी पता खलिहान के मजदूरों को सौ पोला का मजदूरी 150 ही मिलता है और कोई भी खाता में पैसे जमा नहीं होता। काम नहीं मिलने और आर्थिक और मजदूरी भुगतान की जानकारी नहीं होने के कारण मजदूरों को कम मजदूरी दिया जा रहा है, और यदी कोई मजदूर इस विषय में बोलता है तो उसे काम से ही हटा दिया जाता है जिससे कोई मजदूर इसके विरुद्ध अवाज नहीं उठाता।

छपरदगा के ग्रामीणों नें बताया की वनरक्षी बीड़ी पता खलिहान चालू होने के एक दिन बाद आये थे और खलिहान खोलने से मना किये थे। गम्हरिया वन विट अंतर्गत सिलिदाग पंचायत के छपरदगा ग्राम में चल रहे तेंदुपता खलिहान के बारे में वनरक्षी प्रवीण कुमार शुक्ल से पूछा तो उन्होंने बताया की इस वनक्षेत्र का टेंडर हुआ है, टेंडर के विषय में पूछने पर बोले की हम कोई जानकारी नहीं दें सकते निगम से इसका विशेष जानकारी लीजिए।

ठीकेदार से इस बारे में पूछने पर बोले की निगम द्वारा टेंडर हुआ है इस बारे में निगम से जानकारी लीजिये।

### स्कॉर्पियो व स्कूटी की टक्कर में स्कूटी चालक की हुई मौत

**गढ़वा।** गढ़वा नगर ऊंटरी मार्ग पर शनिवार को स्कॉर्पियो व स्कूटी के टक्कर में स्कूटी पर सवार एक युवक की मौत हो गई । मृतक रमना थाना क्षेत्र के बहियार खुर्द गांव निवासी लालजी राम का पुत्र पवन कुमार राम 19 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि पवन कुमार राम अपने घर से स्कूटी पर सवार होकर सीरिया डांगर घरेलू सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान नगर उतरी की ओर से तेज गति से आ रही है स्कॉर्पियो गाड़ी ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दिया। घटना के बाद परिजनों ने उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए नगर ऊंटरी अनुमंडलीय अस्पताल ले जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंतिम परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। जहां अंत्य परीक्षण के बाद पुलिस ने शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है बताया गया की घटना के बाद स्कार्पियो सवार गाड़ी लेकर फरार हो गया।

## न्यूज | बॉक्स

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**गढ़वा।** गढ़वा नगर उतरी भवनाथपुर मार्ग पर जंगीपुर गांव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के अटोला गांव निवासी सुदेश्वर राम का पुत्र रविंद्र राम नगर उतरी थाना क्षेत्र के कोलूवा गांव निवासी उमेश राम का पुत्र कुंदन कुमार आदि के नाम शामिल है । दोनों घायलों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रविंद्र राम अपने घर से ससुराल कोलुआ गया हुआ था। वहां से उसे नौकरी पर जाने के लिए नगर ऊंटरी रेलवे स्टेशन जाकर ट्रेन पकड़ना था। इसी क्रम में कुंदन कुमार अपने दोस्त के साथ रविंद्र राम को नगर उतरी रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए जा रहा था। इसी क्रम में सामने से आ रही बोलेरो गाड़ी से साइड लेने के क्रम में उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक पोल से टकरा गया। इसमें मोटरसाइकिल पर सवार तीनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से तीनों घायलों को नगर ऊंटरी अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रविंद्र राम तथा कुंदन कुमार को चिकित्सक नें उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### लोक अदालत में 128 मामले का हुआ निष्पादन

**गढ़वा।** प्रधान जिला जज सह डीएलएसए चेयरमैन राजेश शरण सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित लोक अदालत में 128 मामले का निष्पादन किया गया, वहीं विभिन्न विभागों के 10 लाख 26 हजार चार सौ रुपए राजस्व की वसूली की गई। डीएलएसए सचिव रवि चौधरी ने मामले के त्वरित निष्पादन के लिए पांच बैंचों का गठन किया था जिसमें नगर उटारी अदालत के भी मामले सम्मिलित थे। गठित बैंचों में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवनाथ त्रिपाठी, एसीजेएम नगर उटारी अरविंद कच्छप ,एसीजेएम गढ़वा सुश्री संगीता, एसडीजेएम मोनिका प्रसाद और न्यायिक दंडाधिकारी अनुलिका कुमार के साथ अधिवक्ता प्रवीण कुमार साहू ,हंसेशवर पांडे, नित्यानंद दुबे अनीता रंजन, उत्तम कुमार भारती के नाम शामिल हैं। निष्पादित किए गए मामलों में बैंक से संबंधित 20 मामले, अदालत में लंबित सुलहनीय 44 मामले, विद्युत विभाग के 45 मामले, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रामबचन सिंह की अदालत से दो मामले, नगर उटारी अनुमंडल दंडाधिकारी की अदालत से 17 मामलों सहित 128 मामलों का निष्पादन किया गया। विभिन्न विभागों गों के 10 लाख 26400 राजस्व की वसूली हुई।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की हुई मौत

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय में सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को अलग अलग सड़क पर हुए दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गया वही आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया। शनिवार को बंशीधर नगर गढ़वा एनएच मार्ग 75 पर सीरियाटोंगर गांव के समीप स्कार्पियो के धक्के से स्कूटी में सवार एक युवक की मौत हो गया वही एक अन्य युवक घायल हो गया। घटना के बाद स्कार्पियो चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। घटना में मृतक का नाम रमना थाना क्षेत्र के बहियार खुर्द निवासी लालजी राम का 16 वर्षीय पुत्र पवन कुमार का नाम शामिल है। वही घायल बिहार के डिहरी ऑन सोन निवासी मुन्ना राम के 14 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार का नाम शामिल है। घायल का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया। घटना के बारे में मृतक के पिता ने बताया कि पवन नहाने के लिए घर से सेंपु खरीदने के लिए निकला था कुछ देर के बाद सूचना मिला की पवन का एक्सीडेंट हुआ है जब घटना स्थल पर पहुंचे इसके बाद अनुमंडल अस्पताल लेकर आए जहा डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया हालाकि घटना स्थल पर उपस्थित लोगो ने बताया कि पवन आधा घंटा तक स्थल पर ही तड़पते रहा।

## नहाने के क्रम में कुएं में डूबने से नाबालिग लड़की की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। रंका**

थाना क्षेत्र के जोगीखूरा गांव में बजरंगी सिंह की 10 वर्षीय पुत्र विकाश कुमार सिंह कुआ में नहाने के क्रम में शनिवार की सुबह मौत हो गई।परिजन मौत की सूचना पर पुलिस को फोन कर घटान की सूचना दिया।सूचना पर थाना प्रभारी अनिल नायक ने दल बाल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव को कुआं से निकल गया। जहा परिजन ने बिकास की पहचान किया। परिजन ने बताए की सुबह आठ बजे के बाद घर से निकला था। घर के कुछ दूरी पर मनरेगा योजना के तहत कुआं का निर्माण किया गया है । कुआ की खोदाई कर छोड़ दिया गया है। उसी में नहाने चला गया। गांव में पानी की समस्या बनी है। नहाने के क्रम बिकास गहरे पानी के बीच दब गया।दो घाटे बाद परिजन खोज बिना करने लगे। कुआं के तरफ जाते देखा था। कुआं के पास कपड़ा देख ।कुआ में खोज किया शव अंदर देखा।पुलिस को सूचना दिया। पुलिस घटान स्थल पहुंच।शव को बाहर निकला पोस्मार्टम के लिए भेजा । थाना प्रभारी अनिल नायक ने बताए की कुआ में नहाने के क्रम डूबने से मौत हो गई।

## अवैध बालू ढुलाई कर रहे ट्रैक्टर ने महिला को रौंदा, रेफर

- जिला प्रशासन की सख्ती के बावजूद भी शहर थाना क्षेत्र में लगातार ओवरलोड बालू लदे ट्रैक्टर और ट्रकों के परिचालन पर रोक नहीं लग रही है



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा रंका मोड सहिजना मुख्य मार्ग पर ज्योति श्री सिनेमा हाल के पास अवैध बालू की धुलाई कर रहे ट्रैक्टर की चपेट में आने से सब्जी बेच रहे एक महिला घायल हो गई। घायल महिला गढ़वा थाना क्षेत्र के टंडवा मोहल्ला निवासी रवि कुमार की पत्नी प्रियंका कुमारी 30 वर्ष है। घटना के बाद पास के लोगों के सहयोग से घायल अवस्था में उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि प्रत्येक दिन की तरह उक्त घायल महिला अपनी सब्जी की दुकान को लगाई थी। इस बीच अवैध बालू उत्खनन कर धुलाई कर रहे ट्रैक्टर ने महिला को रौंद दिया। गलीमत रही की महिला को रौंदते हुए ट्रैक्टर ज्योति श्री हॉल के चार दिवारी में टकरा कर बंद हो गई। नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने ट्रैक्टर व चालक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। इधर घटना के बाद उक्त घायल महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना में घायल महिला के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। चिकित्सको के अनुसार उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया है। दबे जुबान से लोगों ने कहा की पुलिस से बचने के लिए अवैध बालू का उत्खनन कर ट्रैक्टर इतनी रफ्तार में ट्रैक्टर चल रहे हैं। कि लोगों ने यह भी कहा कि बालू लोड ट्रैक्टर जिस सड़क से गुजर रही है। तो उस सड़क से नहीं गुजरे नहीं तो ट्रैक्टर की रफ्तार इतनी होती है की ब्रेक लगाने के बाद भी किसी के ऊपर चढ़ा कर पर कर देगा। जिला प्रशासन की सख्ती के बावजूद भी शहर थाना क्षेत्र में लगातार ओवरलोड बालू लदे ट्रैक्टर और ट्रकों के परिचालन पर रोक नहीं लग रहा है। थाना चौक के पास से ही ओवर लोडिंग ट्रैक्टर ,ट्रक धड़ल्ले से प्रवेश कर रहे हैं।

## जबतक उन्हें मुआवजा राशि नहीं मिलेगी, तब तक वे अपने घर को नहीं तोड़ेंगे : बलराम बैठा

**नवीन मेल संवादाता। मेराल**

मेराल प्रखंड मुख्यालय स्थित पूर्वी पंचायत भवन में मुखिया रामसागर महतो की अध्यक्षता में एन एच 75 सड़क निर्माण में रैयती भूमि के समतुल्य गैरमजरुआ भूमि के राशि भुगतान को लेकर ग्राम सभा आयोजित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी यशवंत नायक, बीडीओ जागो महतो,सीआई विन्देश्वरी पासवान, राजस्व कर्मचारी जॉनसन गिद्धी, अमीन कामिल लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित थे। अंचलाधिकारी ने बताया उपायुक्त गढ़वा के द्वारा एन



एच 75 सड़क निर्माण में गति देने के लिए विगत तीस वर्षों से गैर मजरूआ भूमि धारक रैयतों को रैयती भूमि के समतुल्य राशि दिया जाना है। उपस्थित सभी भूमि धारक रैयतों ने बारी बारी से अपना-अपना दस्तावेज प्रस्तुत किया। जिसमें कुल चौबीस रैयतों में अठारह रैयतों में आपसी सहमति हो गया है। शेष छः रैयतों का मामला विचाराधीन रखा गया है। वैसे छः भूमि धारक किसान जो तीस वर्षों से जमीन पर कब्जा संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर राशि भुगतान कराने के लिए उपयुक्त गढ़वा के कार्यालय में भेजा जाएगा। भूमि धारक रैयत बलराम बैठा ने बताया कि मेरा रैयती जमीन एवं उसमें अवस्थित घर का नोटिस उन्हें भू अर्जन विभाग से नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि जबतक उन्हें मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

## उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में हुई आधार निगरानी समिति की बैठक

**नवीन मेल सवांददाता। गढ़वा**

समाहरणालय भवन में अवस्थित उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री जमुआर की अध्यक्षता में आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने सुदूर क्षेत्र में आधार पंजीकरण एवं अद्यतन केंद्रों की आवश्यकता का आकलन करते हुए उन क्षेत्रों में आधार पंजीकरण केंद्र की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी आयु वर्ग में 100 प्रतिशत आधार



सैचुरेशन के साथ बच्चों का अनिवार्य रूप से बायोमैट्रिक अद्यतन कार्य सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया। आधार पंजीकरण की सुविधा जिन पंचायत भवनों में है, उन्हें सशक्त करने की बात कही गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने आधार लिंकिंग जन्म पंजीकरण का कार्य के माध्यम से करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला समाज कल्याण विभाग के यूआईडी किट को ऐक्टिवेट कर शीघ्र ही पंजीकरण का कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने आधार से संबंधित धोखाधड़ी गतिविधियों के संबंध में एफ०आई०आर० करते हुए एफ०आई०आर की कॉपी यूआईडीएआई कार्यालय, रांची को भी भेजने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने दस वर्ष पूर्व पंजीकृत आधार में सभी नागरिकों को पता एवं पहचान से संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड /एम आधार/आधार केन्द्रों के माध्यम से करने का निर्देश दिया।

## बांके तेरी बांकी मैली हो गई पापियों के जेब भरते-भरते

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

बांके तेरी बांकी मैली हो गई, पापियों के जेब भरते भरते। यह किसी फिल्मी गीतों के बोल नहीं हकीकत है। अपनी जेब भरने की लालच में नपं के सफाई सुपरवाईजर ने बांके (श्रीकृष्ण) की बांकी (मां राधारानी) को मैला कर डाला है।

सफाई सुपरवाईजर की काली करतूत से विश्वविख्यात श्री बंशीधर मंदिर एवं प्राचीन सूर्य मंदिर के बगल से बह रही पवित्र बांकी नदी का अस्तित्व खतरे में है।

सुपरवाईजर ने बांकी नदी को कचरा डंपिंग यार्ड बनाकर कचरा का अंबार लगा दिया गया है। बांकी नदी की दुर्गति नपं कार्यालय के ठीक सामने यानी उसके नाक के नीचे हो रही है। नदी की दुर्गति पर नपं के वरिष्ठ से लेकर कनिष्ठ सारे हाकिम और हुक्मरान खामोश हैं। लिहाजा



सुपरवाईजर की मनमानी चल रही है। यहां बताते चलें कि श्री बंशीधर नगर खिलखिलाता हुआ शहर है। श्री बंशीधर मंदिर के ठीक बायीं ओर बांकी नदी बहती है।

कल कल बहती बांकी नदी के तट पर विराजे श्री वंशीधर जी मंद मंद मुस्कान के साथ वंशीवादन कर सबकी पीड़ा और संताप को दूर कर रहे हैं। लेकिन पैसे की हवस में नपं के लोग उनकी सहचरी प्रेयसी बांकी नदी को मैला कर नरक में तब्दील

> **कचरा डंपिंग यार्ड नहीं होने के कारण कचरा रखने में परेशानी हो रही है। बांकी नदी के पास जो कचरा रखा हुआ है, उसे जल्द ही हटा दिया जायेगा।**
>
> **अमरेंद्र कुमार चौधरी**
> **(कार्यपालक पदाधिकारी)**

कर दिया है। नपं कार्यालय श्री बंशीधर मंदिर एवं बांकी नदी की खूबसूरती में चार चांद लगाने के बजाय मंदिर एवं नदी की अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। बांकी नदी में कई जगहों पर बने कचरा डंपिंग याड से जहां नदी सिकुड़ती जा रही है। कचरे के दुर्गंध से मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों को नाक मुंह बंद कर जाना पड़ता है। मंदिर के बगल में गंदगी के कारण बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के बीच शहर की छवि खराब हो रही है।

## विद्यायक भानु की अनुशंसा से प्रखंड में लगेगा 45 चापाकल



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

खरौंधी प्रखंड में गर्मी में तीनों लाइफ लाइन नदियों के सुख जाने के बाद प्रखंड में जलस्तर काफी नीचे चला गया है जिससे पीने के पानी की काफी समस्या हो गयी है। इस खबर को लगातार उठाया जा रहा है। पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए विद्यायक भानु की अनुशंसा से पीएचडी विभाग के द्वारा प्रखंड के नव पंचायतों में युद्ध स्तर पर चापाकल लगाने का कार्य जोरो पर जारी है। विद्यायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास ने बताया की पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए विधायक की अनुशंसा से प्रखंड में 45 चापाकल लगाने का लक्ष्य है।अभी दो पंचायत कूपा एवं अरंगी में बोरिंग का कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ करा दिया गया दो से तीन दिन में सभी पंचायतों में पांच पांच चापाकल लगाते हुए हद तक पानी की समस्या को दूर करने का प्रयासः किया जाएगा। प्रखंड में जो भी चापाकल खराब है वह भी विद्यायक भानु प्रताप शाही के निर्देश पर ठीक कराया जा रहा है। जल्द ही पानी की समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। चापाकल की बोरिंग होते ही लोगों में खुशी की लहर है।

## पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने प्रखंड डंडा में चलाया जनसंपर्क अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। डंडा**

पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह प्रखंड डंडा का जनसम्पर्क का अभियान का शुरूआत कार्यकर्ताओ द्वारा भव्य स्वागत तिलदाग मोड़ पर किया गया साथ ही बाबा खोनाहरनाथ का पूजा अर्चना कर इस जनसम्पर्क का किया गया। डंडा प्रखंड के तीनो पंचयात भिखही, छपारदहा और डंडा पंचायत के प्रत्येक गांव के प्रत्येक टोला में लोगो से मिलकर उनका समर्थन प्राप्त किये इस क्रम में जनता जनार्दन ने बताया की आपके नेतृत्व के बिना हम सभी का कोई भी सार्वजानिक कार्य नहीं हो पा रहा है। पूर्व मंत्री के पीछे पुरा जन सैलाब देखने को मिला। इस क्रम उन्होंने ने अपने कार्यकर्त्ता स्व. राधेश्याम ठाकुर जी के आदमकद प्रतिमा अनावरण का भूमी पूजा किये। साथ ही अपने कार्यकर्ता स्व. बहादुर चौधरी जी के परिजनों से मिलकर आर्थिक सहयोग प्रदान किये। कार्यक्रम में मुख्यरूप से बाबुल सिंह सिंह, नारायण चौधरी ,उपेंद्र चौधरी, कृष्णा चौधरी



दशरथ ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, ननकू चौधरी ,जयश्री चौधरी, रामचंद्र सिंह, वकील सिंह, बंधु चौधरी, मुनेश चौधरी, ब्रह्मदेव चौधरी , ललमनी चौधरी, मनोज शमा, चंदेश्वर चौधरी, जाहिर चौधरी , दुदीन चौधरी, दीनानाथ चौधरी, सुनील चौधरी, सरोज चौधरी, अमरेश चौधरी, नरेश राम विजय, चौधरी पुनीत ठाकुर, मनोज चौधरी, बंधु चौधरी, उमर किताब, मुख्तार अंसारी, स्वार्थी चौधरी, सर्वनाथ चौधरी, अशोक सिंह, राजन सिंह, राजेश वर्मा, शिवनाथ चौधरी, सुनील चंद्रवंशी अन्य शामिल थे।

## एक नजर

### नक्सलियों ने दुरूप गांव में बीएसएनएल टावर का निर्माण कार्य कराया बंद

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र के ग्राम दुरूप में बीएसएनएल फोन टॉवर निर्माण कार्य चल रहा था। जिसे लेकर गुरुवार रात साढ़े दस बजे 10 से 12 की माओवादी संगठन के द्वारा टॉवर निर्माण कार्य में लगे मजदूर के डेरा दुरूप पंचायत भवन पहुंच कर कार्य बंद करने की बात कही।डरे सहमे मजदूर निर्माण कार्य नहीं कर रहे है। आम लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस की गतिवधि बढ़ने पिछले तीन माह करीब इस क्षेत्र में माओवादी संगठन का हलचल नहीं था जैसे ही चुनाव संपन्न हुई। फिर से माओवादी संगठन सक्रिय हो गई। जिसे क्षेत्र में भय व्याप्त है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

### नाबालिग चला रहे वाहन, बढ़ रही दुर्घटना



**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में नाबालिगों द्वारा बेधड़क वाहन परिचालन किये जाने से क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है। इससे राहगीरों सहित वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है नाबालिगों द्वारा दो पहिया वाहन से लेकर आटो, गाड़ी से लेकर अन्य वाहन बेधड़क दौड़ाये जाते हैं। इस कारण स्थानीय ग्रामीणों सहित राहगीरों, वाहन चालकों व स्कूली बच्चों को भी खतरा बना रहता है। इस स्थिति के चलते अक्सर सड़क दुर्घटनाएं भी यहां होती है। कानूनन 18 वर्ष से कम उम्र होने के कारण विभाग द्वारा इन्हें अनुज्ञप्ति भी प्राप्त नहीं होता है। ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर नाबालिगों द्वारा बेधड़क वाहन दौड़ाया जा रहा है ग्रामीणों ने प्रशासन व संबंधित विभाग से इस दिशा में ठोस कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### चंदवा के लुकुईया से अज्ञात शव बरामद

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-लुकुईया-लोहरदगा मार्ग पर आश्रम के पूर्व दिशा में महुआ पेड़ के नीचे से एक व्यक्ति मृत अवस्था में पाया गया। मृतक खाली पैर है तथा लाल रंग का टी शर्ट और काला रंग का फुल पैंट पहने हुआ है, शव के पास एक काला रंग का पर्स भी पड़ा था। बीड़ी पत्ता मजदूरों ने इसकी सूचना चंदवा पुलिस को दी। सूचना पाकर चंदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में ले कर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में ग्रामीण बताते हैं कि यह व्यक्ति शनिवार की सुबह करीब आठ बजे यहां देखा गया था। वह लोगों से पीने के लिए पानी मांग रहा था इस पर कुछ लोगों के द्वारा उसे पानी देने का प्रयास किया गया पर वह पानी नहीं पिया इसके बाद लोग अपने अपने घर चले गए। कुछ घंटों बाद ग्रामीणों ने उसे वहां मृत अवस्था मे पाया। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं नहीं हो सकी थी।

### कूप निर्माण कार्य में भुगतान देरी से होने से कार्य सुस्त



**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में दर्जनों कुप निर्माण कार्य चल रहा है। कुछ कुप को लगभग बांध कर जमीन लेबलिंग तक लाया गया।लेकिन फिर भी बहुत से कुप अभी भी अधुरे है। जिसका मुख्य कारण मनरेगा योजना अन्तर्गत भुगतान समय पर नहीं होना।गुरुवार को आयी बारिश से की कुप में पानी भर गया कई कुप धसने के कगार पर है। ससमय कुप निर्माण कार्य पुरा नहीं हुआ तो कई कुप ध्वस्त हो जाएंगे।

# गर्मी बढ़ते ही क्षेत्र के कई चापनल व जलमीनार खराब

**मरम्मत कराने की गुहार**



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय एवं आस पास के क्षेत्रों में गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ जल स्तर नीचे चले जाने के साथ ही अधिकांश क्षेत्रों में जलमिनार एवं चापानल खराब रहने की शिकायत पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से किया जा रहा है। वही विभाग द्वारा भी इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल मरम्मत करवाया जा रहा है। प्रखंड के छेंचा पंचायत के चपरी मंजूरमारी टोला में नागेश्वर राम डीलर के घर के सामने बना जल मीनार खराब रहने से आसपास के दो दर्जन से अधिक घर के लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत के मुखिया आशा देवी ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल मरम्मत करवाने की मांग किया है। मंगरा पंचायत के मुखिया विपिन बिहारी सिंह ने अपने पंचायत की मुगीर्डीह में अजय परहिया के घर के सामने, मंगरा में राज कुमार राम, भीखू सिंह, अनिल राम, दुखत परहिया, केशवर सिंह, लाल बिहारी राम के घरों के पास लगे चापनल, मांगरा बस्ती देवी मंडप के पास, मंगरा स्कूल के पास समेत पूरे पंचायत के एक दर्जन से अधिक खाराब चापनल की मरम्मत कराने की मांग किया है। इसके साथ ही विधायक प्रतिनिधि प्रेमकुमार सिंह पिंटू ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से कैचकी एवं कंचनपूर में खराब पड़े दो दर्जन से अधिक चापनल की सूची विभाग को देते हुई मरम्मत कराने की मांग किया है।वही इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत कुमार पांडे ने कहा कि क्षेत्र में खराब पड़े चापनल की मरम्मत कार्य जोर शोर से कराया जा रहा। मंगरा पंचायत व केचकि पंचायत में खराब पड़े चापनल की सूची मिलने के साथ जल्द ही इसे मरम्मत करवाने का काम किया जाएगा।

# दुकान में चोरी करने आए 3 चोर आग में झुलसे, एक की मौत

- *चोरों ने शोर मचाया, तो ग्रामीण पहुंचे, आग बुझाने में रहे सफल, 2 लाख का सामान जलकर खाक, जांच में जुटी पुलिस*

**दो चोरों की हालत गंभीर, रिम्स रेफर**



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के पकरी गांव में शुक्रवार की देर रात एक दुकान में चोरी करने गए तीन चोर आग में झुलस गए, जिनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मृत चोर की पहचान पकरी गांव निवासी मोहन तुरी के पुत्र अमित तुरी के रूप में की गई है। जबकि दो और झूलसे चोरों में चंपा भुईया के पुत्र बादल भुईया (डीही मुरुप ग्राम) एवं अशोक तुरी का पुत्र सागर कुमार तूरी (पकरी ग्राम) है। झुलसा हुए स्थिति में बादल भुइयां का प्राथमिक उपचार बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया लेकिन उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं सागर कुमार तुरी झूलसे हुए स्थिति बताया जा रहा है। इस संबंध में दुकान मालिक बल्केश्वर शाह ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की देर शाम दुकान बंद कर बालूमाथ स्थित आवास में आ गया और उसे देर रात सूचना मिली कि उसकी दुकान में आग लगी है और जाने के बाद इस घटना के बारे में उसे जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि इस घटना में उन्हें करीब दो लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है इधर बालूमाथ थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में कर अन्तः परीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, बालूमाथ के पकरी गांव में बालकेश्वर साहू की किराना सह खाद बीज कि दुकान है। जहां शुक्रवार की देर रात तीन चोर दुकान में चोरी करने गये थे। चोर मोमबत्ती जलाकर नकदी और कीमती सामान तलाश रहे थे। इसी बीच एक चोर का पैर दुकान में रखे पेट्रोल के गैलन से टकरा गया, जिससे उसके हाथ से मोमबत्ती छिटक कर पेट्रोल के गैलन पर गिर गयी। जैसे ही पेट्रोल का डिब्बा मोमबत्ती के संपर्क में आया, उसमें आग लग गई। इस आग से तीनों चोर बुरी तरह झुलस गए। जिससे एक चोर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाकी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है जब दुकान में आग लग गई और एक चोर जल गया तो दूसरे चोर के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हुए और मामले की जानकारी पुलिस को फोन से दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस बचाव कार्य में जुट गई। ग्रामीणों के अनुसार दो चोर आग में झूलसे हुए थे, इनमें एक की मौत हो गई थी। जब शव को निकला गया तो दूसरे झूलसे हुए चोर बादल भुइयां ने बताया कि एक चोर सागर निकलकर भाग गया है। जिसे पुलिस ने बाद में पकड़ लिया। वह भी आग से झुलसा हुआ था, पुलिस देखरेख में उसका भी इलाज चल रहा है।

**शर्मनाक**

### साढू की बेटी के साथ किया दुष्कर्म, पुलिस ने भेजा जेल

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में रिश्ते को को शर्मसार करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित नाबालीग के पिता के लिखित आवेदन पर त्वरीत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपने साढू की नाबालीग बेटी से दुष्कर्म किया है। ताजुब की बात यह है कि थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार आरोपी बिहार के कोठी थाना क्षेत्र के लटौर गांव निवासी पूर्व मुखिया झकसु भारती है, जो पीड़िता का मौसा रिश्ते में लगता है। हालांकी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी बोलेरो वाहन लेकर गांव पहुंचकर जबरन नाबालीग को गाड़ी में बैठाकर ले जाकर जबरन उससे शादी करने के बाद संबंध बनाया। पुलिस ने पीड़िता का न्यायालय में 164 का बयान व मेडिकल जांच की प्रकिया कराने में जुटी है।

## न्यूज बॉक्स

### एक किलोमीटर दूर से पानी लाकर प्यास बुझाते हैं साव टोला के लोग



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारीसाखी पंचायत के साव टोला में लोगों को पेयजल को लेकर काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। टोले की आधी आबादी लगभग एक किलोमीटर की दुरी तय कर अपनी प्यास बुझाने को लेकर पानी लाती है। इस भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के कारण गांव के अधिकांश चापानल का भी जल स्तर काफी नीचे चला गया है। जिसके कारण इससे पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। बताया जाता है कि गांव के लोग जिस चापाकल पर एक किलोमीटर की दूरी तय कर पानी लाने जाते हैं। उक्त चापाकल का भी जलस्तर नीचे हो जाने के कारण मुश्किल से दो बाल्टी पानी निकालता है। साथ ही लोगों को पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। मोहल्ले वासियों ने प्रखंड व जिला प्रशासन से तत्काल पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग की है।

### आंधी-तूफान व बारिश से घर की छत उड़ी

**महुआडांड़।** प्रखंड में गुरुवार दोपहर आये आंधी-तूफान व बारिश ने एक घंटे तक तबाही मचाई इस दौरान चटकपुर गांव निवासी जेवियर कुजूर के घर का छत पूरी तरह से उड़ गया। जिसे पूरे को रहने की समस्या उत्पन्न हो गई। पीड़ित परिवार के मुखिया जेवियर ने प्रशासन से गुहार लगाई और मदद की मांग की है।

### प्रखंड में कई जगहों पर किया गया अवैध बालू इकट्ठा, ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी



**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में मानसून के दौरान मुनाफा खोरी के लिए एक बार फिर बालू का खेल शुरू हो गया है। गौरतलब है कि 10 जून से बालू उत्खनन पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की रोक लग जाएगी, जो 15 अक्टूबर तक जारी रहेगी। इसे देखते हुए बालू सिंडिकेट में शामिल लोगों ने अवैध तरीके से बालू का स्टॉक करना शुरू कर दिया है। प्रखंड में रोजाना 40-50 ट्रैक्टर अवैध बालू का उठाव किया जा रहा है। साथ ही, भंडारण को लेकर ट्रैक्टर बालू माफिया के बीच होड़ मची हुई है। इस दौरान दिन-रात नदी से बालू निकालने काम हो रहा है। अपनी सुविधा के अनुसार विभिन्न जगहों पर अवैध तरीके से बालू का भंडारण किया जा रहा है। वहीं पुलिस और प्रशासन भी ऐसे माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है अवैध भंडरण पर कार्रवाई की जाएगी। सीओ बालू के अवैध भंडारण के संबंध में पूछे जाने पर सीओ संतोष बैठा ने कहा कि सभी बालू भंडारण स्थल की जांच की जाएगी। यदि अवैध बालू भंडारण पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी।

# विवाहिता को दो बच्चों सहित घर से निकाला



- *एसपी से लगाई न्याय की गुहार*
- *बच्चों के साथ खा रही दर-दर की ठोकरें*

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत बुढ़ीगड़ा गांव कि विवाहिता कविता देवी को उसके ससुराल वालों ने दहेज के लिए बच्चों के साथ घर से निकालकर दरदर की ठोकरे खाने को मजबूर कर दिया है। स्थिति ऐसी हो गई है कि विवाहिता अपने दो मासूम बच्चों के साथ दर-दर की ठोकरें खा रही है। पीड़िता ने वशिष्ठ नगर थाना व एसपी विकास कुमार पांडेय को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि वर्ष 2010 में उसका विवाह हुआ और पांच वर्ष तक सब कुछ ठीक चला। इसके बाद अचानक 50 हजार नकद व एक बाइक की मांग मेरे माता पिता से करने लगे। इसी बीच माता-पिता का निधन हो गया और नकद व बाइक नहीं दे पाये। तो पति जितेंद्र भुईयां अपने माता-पिता के साथ मिल कर दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा। दो माह पूर्व पति पैनीकला गांव निवासी सरिता देवी से दूसरी शादी कर लिया। उसके बाद ससुराल वालों ने मिल कर घर से निकाल दिया। इसे लेकर कई बार बैठक हुई, जिसमें ससुराल वालों को कहा गया कि अपने घर में रखें। लेकिन घर जाने के बाद मारपीट कर भगा देते हैं। एक बार हत्या का प्रयास भी पति, सास, ससुर द्वारा किया गया। किसी तरह ससुराल से भाग कर उसने अपनी जान बचायी। वहीं मायके में माता-पिता के निधन हो जाने व ससुराल से निकाल दिये जाने से कविता देवी अपने दो बच्चों के साथ दर-दर ठोकरें खा रही है।

**प्रखंड कर्मियों के साथ बीडीओ ने की समीक्षा बैठक, कहा**

# 15वें वित्त से मनरेगा एवं अन्य लंबित योजनाओं को शीघ्र करें पूरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से 15 वीं वित्त योजना, मनरेगा योजना, अबुआ आवास योजना की प्रथम किस्त की राशि 394 लाभुकों को खाता में चला गया है। जिन्हे प्रथम किस्त का राशि प्राप्त हुआ है पीलिंत का कार्य पूर्ण करवाने का दिशा निर्देश दिया गया। 2016-17 से पीएम आवास योजना 202 लंबित है उसे भी सभी कर्मियों को अविलम्ब पूर्ण कराने का निर्देश दिया। 14 अम्बेडकर आवास लंबित है। सभी लाभुकों से मिलकर



15 वीं वित्त, मनरेगा सहित अन्य लंबित योजनाओं को लाभुकों से मिलकर अधूरे योजना कार्य को पूर्ण कराने की बात कहा। मौके पर बीपीओ केतन गुप्ता, पीएम आवास कॉर्डिनेंटर शशि कुजूर, पंकज पाण्डेय, रवि यादव सहित सभी पंचायत के पंचायत सेवक रोजगार सेवक, पंचायत सहायक आवास मित्र उपस्थित थे।

# दुकान में लगी आग, लाखों के सामान जलकर खाक

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेन्द्रा गांव में स्फेन्दर गंझु पिता गुलाब चंद गंझु के घर में अचानक आग लग गई। जिससे घर में रखा फ्रिज, कपड़ा, पेट्रोल, समेत लाखो रुपए के रखे किराना के सामान जलकर खाक हो गये। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार घर में रखा महिंद्रा एसएलई बोलेरो को कड़ी मशक्कत के बाद बचाया गया। ग्रामीणों के सहयोग से घर में



लगे आग पर काबू पा लिया गया था। लेकिन तबतक भुक्तभोगी को भारी नुकसान हो चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने से भुक्तभोगी को लगभग पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

**टेक्नो कंपनी के लगाए ट्रांसफार्मर हो रहे हैं खराब**

# 5 वर्ष बाद भी किसानों को नहीं मिली बिजली



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र में किसानों के लिए सिंचाई को लेकर वर्ष 2019-20 में टेक्नो कंपनी द्वारा ट्रांसफार्मर लगाकर किसानों को विद्युत कनेक्शन भी दिया गया। यहां तक की सभी कुआं के नजदीक विद्युत कनेक्शन के साथ मीटर भी लगाया गया। परंतु पांच वर्ष बीत जाने के बावजूद विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही है। वैसे में किसानों को सिंचाई करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जबकि किसानों में भय व्याप्त है की न जाने कब विभाग द्वारा अनाप-शनाप बिजली बिल भेज दिया जाएगा। साथ ही बगैर उपयोग के लगाए गए ट्रांसफार्मर भी खराब हो रहे हैं। इस बाबत विद्युत विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार ने बताया कि एग्रीकल्चर को लेकर टेक्नो कंपनी द्वारा ट्रांसफार्मर लगाया गया है। ट्रांसफार्मर चालू करने को लेकर विभाग द्वारा कई बार पत्रारचार किया गया है। परंतु कंपनी द्वारा आज तक बिजली आपूर्ति के लिए पहल नहीं की गई है। चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद एक बार फिर से कंपनी को पत्र लिखा जाएगा।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

कार्यालय नगर परिषद, बिश्रामपुर।

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक ............ न0प0 / दिनांक – ......... / ........ / 2024

आम–सूचना

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिशद्, बिश्रामपुर क्षेत्रांतर्गत सभी जलस्त्रोत यथा नदी, तालाब, कुँआ आदि को दुशित करना दण्डणीय अपराध की श्रेणी में आता है। यदि किसी के द्वारा यह कृत करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरूद्ध झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत विधिसम्मत कारवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, बिश्रामपुर।

PR 325098 District(24-25)D

भारतीय वायु सेना INDIAN AIR FORCE

JOIN INDIAN AIR FORCE AS AN AGNIVEERVAYU

INDIAN AIR FORCE INVITES UNMARRIED INDIAN MALE & FEMALE CANDIDATES TO APPEAR IN RECRUITMENT RALLY FROM 03 JULY 2024 TO 12 JULY 2024 AT 3 ASC C/O AIR FORCE STATION, KANPUR (UTTAR PRADESH) AND 7 ASC, NO. 1 CUBBON ROAD, BENGALURU (KARNATAKA) TO JOIN THE IAF AS AGNIVEERVAYU (MUSICIAN) INTAKE 01/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Venue / Location | 3 ASC C/O Air Force Station, Kanpur (Uttar Pradesh) and 7 ASC, No. 1 Cubbon Road, Bengaluru (Karnataka) |
| 2. | Marital Status and Date of Birth Block | Candidate should be unmarried and born between 02 January 2004 and 02 July 2007 (both dates inclusive). |
| 3. | (a) Educational Qualification | Passed Matriculation/ 10th or equivalent with minimum pass marks from any Govt recognized School/ Board. |
| | (b) Music Ability | (i) Candidates must have proficiency in music with accuracy in tempo, pitch and singing one complete song. They should be able to perform one preparatory tune and any of the notations i.e. Staff notation/ Tablature/ Tonic Solfa/ Hindustani/ Carnatic etc. Candidates must be able to tune individual instruments (in case of instruments require tuning) and match unknown notes on vocal or instruments.<br>(ii) Candidates must have proficiency in playing any one instrument from the List A or B.<br>List – A: 1. Concert Flute/ Piccolo 2. Oboe 3. Clarinet in Eb / Bb 4. Saxophone in Eb / Bb 5. French Horn in F / Bb 6. Trumpet in Eb / C / Bb 7. Trombone in Bb / G 8. Baritone 9. Euphonium 10. Bass / Tuba in Eb / Bb<br>List - B: 1. Keyboard / Organ / Piano 2. Guitar (Acoustic / Lead / Bass) 3. Violin, Viola, String Bass 4. Percussion/ Drums (Acoustic/Electronic) 5. All Indian Classical Instruments<br>(iii) It is desirable that the candidates have proficiency to play two instruments (one each from List A & B above). |
| | (c) Musical Experience Certificate | Candidates should have any one of the following experience certificate:<br>(i) Grade 5th or equivalent or above in one instrument from a recognized music institute such as TCL or RSM, KM Music Conservatory, Bangalore School of Music, TSM, GMI, Berklee School of Music etc.<br>OR<br>(ii) Diploma or equivalent in the field of music for candidates performing Hindustani or Carnatic Classical Music from any recognized University.<br>OR<br>(iii) Certificate of participation/ awards presented at various events. For such candidates' performance/ playing of blowing instruments with staff notation as mentioned in Educational QRs. |
| 5. | Time & Date of Rally | Registration for the rally will start at 1100 hrs on 22 May 2024 and will close at 2300 hrs on 05 June 2024 on webportal https://agnipathvayu.cdac.in. Only registered candidates issued with Provisional Admit Card are allowed to appear in the Recruitment Rally as per the date, time and venue mentioned in the Provisional Admit Card. Registration fee of Rs 100/-plus GST is to be paid by the candidate. |
| 6. | State / Districts Covered | All the districts of all States and all Union Territories of India. |

FOR DETAILED ADVERTISEMENT LOG ON TO WEB PORTAL https://agnipathvayu.cdac.in

Scan QR code for detailed information

Sd/-
President, CASB, New Delhi.

PR 325106District(24-25)#D

# चैनपुर से जारी तक हो रहा सड़क निर्माण, उड़ते धुल से राहगीर परेशान

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल के प्रमुख मार्ग पर गड्ढों से राहत देने के लिए सड़क निर्माण भले ही किया जा रहा हो, लेकिन गिट्टी के ऊपर डामरीकरण न होने से वाहनों की आवाजाही से उड़ रही धूल में चलना मुश्किल हो रहा है। इससे लोग बीमार हो रहे हैं। चालकों को धूल से दिखाई न देने पर दुर्घटनाएं होने का खतरा भी बना हुआ है। इसके बाद भी जिम्मेदार अनदेखा कर रहे हैं। चैनपुर प्रखंड और अलबर्ट एक्का जारी के प्रमुख सड़क खस्ता हो चुकी थी, बरसात के मौसम में गड्ढे हो चुके हैं। चार पहिया वाहन तो दूर दो पहिया वाहन का चलना भी मुश्किल हो गया था। सड़क निर्माण व चौड़ीकरण का कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई। टेंडर होने के बाद कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों में खुशी देखने को मील रही है। जिसके बाद जिम्मेदार विभाग ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया। सड़क पर गिट्टी डालकर ऊंचा कर इतिश्री कर ली है। अब सड़क की उड़ती धूल से स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो गया है। श्वांस व एलर्जी के रोगियों को परेशानी हो रही है। घाव में इंफेक्शन होने का खतरा बना रहता है।सड़क पर पड़ी गिट्टी व धूल से वाहन चालकों को आगे का रास्ता दिखाई नहीं देता है। स्थिति यह है कि चैनपुर अनुमंडल छेत्र के प्रमुख विद्यालय बरवे उच्च विद्यालय है आने जाने वाले विद्यार्थी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है बड़ी बड़ी गाड़िया चलती है तब धूल का सामना तथा स्कूल में शोर गुल गाड़ी की परेशानी होती है।



### प्रखंड का है प्रमुख मार्ग

चैनपुर अनुमंडल की ओर से अल्बर्ट एक्का जारी तथा छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला को जोड़ने में प्रवेश करने के लिए अधिकांश वाहनों की आवाजाही इसी मार्ग से होती है। इसके साथ ही जिले के अधिकांश गांव के किसान भी अपनी उपज मंडी इसी मार्ग से आते हैं। शंख नदी पिकनिक स्पॉट भी इसी मार्ग पर हैं। ऐसे में यह मार्ग अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। प्रतिदिन लगभग हजारों वाहनों की आवाजाही होती है।

### बचाव

धूल से श्वांस व एलर्जी के रोगियों को परेशानी होती है। इसके अलावा खुले घाव में धूल के कणों से संक्रमण का खतरा बना रहता है। इससे बचने के लिए फुल कपड़े पहने और मुंह पर मास्क व तौलिया बांध कर निकलें।

**सड़क का निर्माण शुरू हुआ तो लगा कि अब गड्ढों व हिचकोलों से राहत मिलेगी, लेकिन डामर न होने से धूल के गुबार उड़ने से दिखाई तक नहीं दे रहा है।**

–ज्योति कुमारी

**सड़क पर उड़ रही धूल आंखों व अन्य बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। शीघ्र ही सड़क की मरम्मत कराई जाए। जिससे यातायात सुगम हो सके।**

–बसंत रौतीया

## रेफरल जजेज एवं मेडियेटर को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम, बोले पीडीजे

# मध्यस्थ को धैर्य से काम लेना चाहिए

*समझौते से हुए विवाद समाधान से व्यवस्था पर आमजनों का विश्वास बढ़ता है*

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार पांडेय ने रेफरल जजेज एवं मेडियेटर को लेकर हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यस्तों को संबोधित करते हुए कहा कि समझौते से हुए विवाद समाधान से व्यवस्था पर आमजनों का विश्वास बढ़ता है। जो वकील यह सोचते हैं कि समझौते से समाधान के पश्चात उनके केस खत्म हो जाता है, उन्हें यह जानना चाहिए कि समझौते के पश्चात त्वरित न्याय मिलने के कारण आमजनो का विश्वास बढ़ता है और वे ज्यादा केस लेकर कोर्ट पहुंचते हैं। मध्यस्थता के मूल नियमों को व्याख्यापित करते हुए पीडीजे अरविंद कुमार पांडेय ने यह कहा कि मध्यस्थ को धैर्य से काम लेना चाहिए। दोनों पार्टी को अलग-अलग एवं समन्वित रूप से सुनना चाहिए, तभी निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने सिविल कोर्ट परिसर स्थित डालसा सभागार में उपस्थित मध्यस्थ, पैनल अधिवक्ताओं एवं पीएलबी को संबोधित करते हुए यह कहा कि मोटर वाहन से बढ़ते दुर्घटना को लेकर सचेत होने की आवश्यकता है। दुर्घटना किसी के बुलावे से नहीं आती लेकिन दुर्घटना के पश्चात हुए नुकसान की भरपाई के लिए मोटर क्लेम अधिनियम में काफी उपबंध दिए गए हैं। जैसे कि 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के पश्चात उनके आश्रित को ₹5,00,000 की निश्चित राशि मिलती है।

हिट एंड रन के केस में मृत्यु के स्थिति में ₹2,00,000 एवं गंभीर अवस्था में घायल होने की स्थिति में ₹50,000 का भुगतान किया जाता है। कहा कि यदि वे कानून को बेहतर तरीके से जानेंगे तभी आम जनों को इसका लाभ वे दिला पाएंगे। न्यायालयों में लंबित मोटर एक्सीडेंट क्लेम केस कई सालों तक चलते रहते हैं जिसका कोई मतलब नहीं होता। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायिक निर्णय सरला वर्मा एवं प्रणय सेठी को पढ़ने मात्र से आमजनों को भी मुआवजा गणना करना आ जायेगा। इससे पूर्व प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी ने मोटर एक्सीडेंट के मामले में मृतक के आश्रित को दिए जाने वाले मुआवजा की गणना कैसे की जाती है उसे विस्तृत रूप से बताया। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बतलाया कि सड़क दुर्घटना जिसमें मृतक या घायल को गाड़ी वाला मार के भाग जाता है उसमें मुआवजा के प्रावधान किए गए हैं। मुआवजा को पाने के लिए एसडीएम के यहां आवेदन देना होता है। जिसका प्रारूप डालसा द्वारा जरूरतमंद को निःशुल्क रूप से प्रदान कराया जाता है।



नशा उन्मूलन को लेकर माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के हाल ही में जनहित याचिका में पारित आदेश के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु ज्यादा से ज्यादा जन जागरूकता फैलाने, दिन-रात नशा में रहने वालों की पहचान कर उनके इलाज एवं पुनर्स्थापन करने हेतु मध्यस्थ, एलएडीसीएस, पीएलबी एवं पैनल अधिवक्ताओं का आह्वान किया।

डालसा द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों का विवरण उन्होंने पीडीजे लोहरदगा का समक्ष रखा। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय सुभाष, प्रथम जिला जज अखिलेश कुमार तिवारी, द्वितीय जिला जज नीरजा असरी, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, सीजीएम कृष्णकांत मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, सिविल कोर्ट निबंधक अमित कुमार गुप्ता के अतिरिक्त एलएडीसीएस के अधिवक्ता, पीएलबी, एवं मध्यस्थ उपस्थित थे। एलएडीसीएस के उप प्रमुख नारायण साहू के धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात प्रशिक्षण कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

## चैंबर का प्रतिनिधिमंडल जिला प्रशासन से मिला, सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में उपायुक्त गुमला से मिलकर पानी की समस्या को लेकर ज्ञापन दिया। गुमला शहर में पानी की समस्या विकराल रूप ले रही है, गर्मी में जहां लोगों को पानी पर्याप्त मात्रा में मिलनी चाहिए। वहां कई कई दिनों तक गुमला में पानी की आपूर्ति बाधित हो जाती है। बाधित होने के मुख्य कारण पीएचडी एवं नगर परिषद में समन्वय की कमी है। अगर किसी प्रकार की जलापूर्ति से संबंधित खराबी होती है तो पीएचडी के अधिकारी से मिलने पर वह नगर परिषद के नाम पर पल्ला झाड़ लेती है। उनका बार-बार एक ही बात कहना है कि नगर परिषद जब व्यापारियों एवं आम नागरिकों से टैक्स लेती है, तो पानी देने की जिम्मेदारी भी उनका बनता है, पीएचडी और नगर परिषद की आपसी तालमेल ठीक नहीं रहने के कारण गुमला में पानी के लिए आम जनता को और व्यापारियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, जबकि शहरी जलापूर्ति के संबंध में अपर मुख्य सचिव ने पूर्व में पत्र जारी कर पानी से संबंधित जिम्मेदारी नगर परिषद को दी है, पर आज तक नगर परिषद ने कोई भी सकारात्मक पहल नहीं किया। जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हो गई है, गुमला के पूर्व उपायुक्त सुशांत गौरव ने तत्कालीन नगर परिषद प्रशासक को आदेश दिया था कि आप गुमला नगर की जलापूर्ति कार्य देखेंगे। नगर परिषद प्रशासक ने इस पर प्रक्रिया आरंभ कर काम को आगे बढ़ाया, पर उनका स्थानांतरण होने के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो सका। पीएचडी के कर्मचारियों से बात करने पर यह जानकारी प्राप्त हुई की वॉटर प्लांट नागफनी में तीन मोटर हैं, परंतु दो मोटर खराब पड़ी हुई है एक मोटर से पानी की आपूर्ति किया जाता है, अगर वह खराब हो जाती है तो उसे बनाने में 2 से 3 दिन लग जाता है, जिसके कारण जलापूर्ति बाधित होती है, गुमला में कई मोहल्ला ड्राई जॉन है। जो पूर्ण रूप से जलापूर्ति पर निर्भर है। उपायुक्त गुमला से इस पर उचित पहल करते हुए गुमला के व्यापारियों एवं शहर वासियों को पानी की समस्या से निजात दिलाने का आग्रह किया। ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल रॉकी, सचिव बबलू वर्मा और मुनीलाल साहू, इम्तियाज मिनी एवं प्रणय कुमार शामिल थे।

## हाथियों का आतंक, ग्रामीणों की जान आफत में

■ वन विभाग सहित संबंधित पदाधिकारी बने हुए हैं मूकदर्शक

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत डुमरी और चैनपुर प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों के विभिन्न क्षेत्रों में जंगली हाथियों के प्रवेश करने और उनके बढ़ते आतंक से ग्रामीणों की जान आफत में बनी हुई हैं। वन विभाग एवं संबंधित विभागों के उच्च पदाधिकारी और कर्मचारी बने हुए हैं मूकदर्शक, ग्रामीणों की जान आफत में। जंगली हाथियों का झुंड उक्त क्षेत्रों में प्रवेश कर चुका है। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हैं। ग्रामीणों का कहना है की जब जंगली हाथी जंगली सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रवेश करता है तो ग्रामीणों की रात की नींद और चैन, उड़ जाती हैं। शाम ढलते ही ग्रामीण अपने जान माल की हिफाजत में लगे रहते हैं। वहीं वन विभाग के मंत्री से लेकर संत्री तक चैन की नींद सोते हैं और ग्रामीण अपने परिवार और अपने परिजनों, घर, खाद्यान्न सामग्री धान, चावल, आदि की हिफाजत में दिन रात 24 घन्टें लगे रहते हैं। फिर भी, सरकार, जिला प्रशासन, वन विभाग, जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक, और एनजीओ वाले मूकदर्शक बनकर तमाशा देखते रहे हैं, लोगों के साथ बड़ी घटनाएं घट जाती हैं। घर, खिड़की ध्वस्त कर देने, तोड़फोड़ कर एवं कुछ खाद्य पदार्थो को बर्बाद कर दिये जातें हैं। तो वन विभाग एवं संबंधित विभाग अपने प्रचार-प्रसार के लिये मिडिया और पत्रकारों के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन करने के नाम पर नौटंकी किया जाता है। फलस्वरूप ग्रामीणों में भय और आतंक का माहौल व्याप्त हैं, उक्त जंगली हाथियों के प्रवेश कर जाने के बावजूद अबतक वन विभाग और संबंधित विभाग के द्वारा अबतक कोई ठोस कदम या करवाई नहीं की जा सकी हैं, डुमरी और चैनपुर प्रखंड के प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से लिखत आवेदन में अपने 28 समस्याओं और समाधानों को सुझाया गया है। डूमरी और चैनपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में जंगली हाथियों के झुण्ड प्रवेश करने की घटना, की जानकारी होने के बावजूद वन विभाग एवं संबंधित विभाग के उच्च पदाधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि सांसद विधायक और एनजीओ वाले कोई भी एक व्यक्ति उक्त घटनास्थल पर अब तक उपस्थित नहीं हुएं हैं और ना ही ग्रामीणों के बचाव के लिए कोई ठोस कदम उठाए गए हैं, फलस्वरूप उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों में वन विभाग, संबंधित विभाग, एनजीओ और अपने जनप्रतिनिधियों पर काफी आक्रोशित है।

### जंगली हाथी ने किसान की फसल को किया नष्ट

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है रोज कहीं न कहीं किसानों के घर एवं फसलों को बरबाद कर रहे हैं ताजा मामला चैनपुर के कातिंग अंबाटोली गांव का है जहां देर रात दो जंगली हाथियों ने गांव के किसान अनील लकड़ा के एक एकड़ में लगे कोहड़ा खीरा कद्दू एवं करेले को रौंद कर नष्ट कर दिया घटना की जानकारी देते हुए पिड़ित किसान अनील लकड़ा ने बताया कि गुरुवार की रात जंगली हाथियों ने खेत में लगे सब्जियों को बर्बाद कर दिया रात में हमें जबपता चला तो गांव वालों की मदद से किसी प्रकार हाथियों को खदेड़ा गया लेकिन तब तक हाथियों के द्वारा पूरे खेत को तहस नहस कर दिया था बताते चलें की चैनपुर अनुमंडल के जारी डुमरी सहित कई जगहों पर हाथियों के द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है पर वन विभाग के द्वारा अभी तक इन जंगली हाथियों को खदेड़ने का सार्थक प्रयास नहीं किया जा रहा है।

**पानी का अभाव** / **निर्माण के बाद से सामुदायिक शौचालय का ताला तक नहीं खुला**

# खुले में शौच जाने को मजबूर राहगीर

कुलदीप कच्छप

**भंडरा/लोहरदगा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर से लेकर गांव तक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था, ताकि लोग खुले में शौच के लिए न जाएं और बाहर से आने वाले राहगीरों को किसी भी तरह का परेशानियों का सामना करना नहीं पड़े, पर लाखों रुपये खर्च कर के बनाए गए इन अधिकांश शौचालयों में ताला लटका हुआ हैं। क्योंकि शुभारंभ के बाद इनके संचालन के लिए पंचायत जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई पहल नहीं किया गया है। भंडरा प्रखंड में वितीय वर्ष 2021-22 में पीएचईडी विभाग द्वारा भंडरा प्रखंड कार्यालय, भंडरा बाजार टांड़, चट्टी व कचमची बाजार टांड़ में मनरेगा कन्वर्जन के तहत 2.98 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था, परंतु इनमें से अधिकांश सामुदायिक शौचालय अपने निर्माण काल के बाद से ही पानी के अभाव में ताला लटका हुआ है। इससे स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ सप्ताहिक बाजार में पहुंचने वाले ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे भंडरा ऑटो स्टैंड, आकाशी रेलवे स्टेशन, भंडरा बाजार टांड़, कचमची बाजार टांड़, चट्टी बाजार टांड़ में बने सार्वजनिक शौचालय बेकार साबित हो रहे है। भंडरा के मंगरा महली, श्रवण लोहरा, छोटका महली, अजित उरांव कहते है भंडरा बाजार टांड़ में सार्वजानिक शौचालय के बने एक साल बीत गए है। इसके बाद आजतक शौचालय का ताला नहीं खुला है। इससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सरकार भले ही खुले शौच से मुक्ति को लेकर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया है, परंतु शौचालय में पानी का कोई भी प्रबंध नहीं है। ऐसे में लोग शौचालय का प्रयोग कैसे कर सकते है। इसी तरह भंडरा ऑटो स्टैंड, आकाशी रेलवे स्टेशन में बने सार्वजनिक शौचालय की भी यही कहानी है। बता दें कि भंडरा प्रखंड में मनरेगा, पीएचईडी, 15 वीं वित्त आयोग के कन्वर्जन के तहत दो लाख 98 हजार की लागत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। जिसमें पीएचईडी विभाग से 1.92 लाख, मनरेगा से 26 हजार तथा 15 वीं वित्त आयोग से 80 हजार रुपये है।




### सार्वजनिक शौचालय में लगे ताला को खोलवाया जाएगा : जिप सदस्य

इस मामले में जिला परिषद सदस्य राजमणी उरांव ने कहा कि भंडरा में शौचालय की उपयोगिता सुनिश्चित कराने को लेकर जिला के बैठक में बात रखेंगे। इस तरह योजना बनने के बाद भी उपयोगिता सुनिश्चित कराने को लेकर प्रशासन को पहल करनी चाहिए। पानी की व्यवस्था कर सार्वजनिक शौचालय से बंद ताला को खोलवाया जाएगा।



## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** गुमला लारंगों बाजार के समीप शनिवार को मोटरसाइकिल सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया घायलों में घाघरा बाराडीह निवासी जीतेन उरांव, हालमाटी निवासी सोमा उरांव, गड़गाव चंदवा सेन्हा निवासी बिंदेश उरांव के नाम शामिल है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में प्राथमिक उपचार के बाद सोमा उरांव को बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सोमा उरांव और जीतेन उरांव मोटरसाइकिल से लरंगो बाजार से घाघरा लौट रहा था। इसी क्रम में विपरीत दिशा से बिदेश उरांव तेज गति से अपने मोटरसाइकिल से जा रहा था और सीधी टक्कर मार दिया।

### लोहरदगा में आज आईपीएल का बड़े स्क्रीन पर प्रसारण

**लोहरदगा।** आज को आईपीएल 2024 का फाइनल मैच हैदराबाद बनाम कोलकाता के बीच खेला जाएगा। जिसका प्रसारण लोहरदगा के मिशन चौक रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप बड़े एलईडी स्क्रीन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशमंत्री अजातशत्रु के सौजन्य से किया जाएगा। संध्या सात बजे से बड़े स्क्रीन पर खेलप्रेमी दर्शक आनन्द उठाएंगे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधानपार्षद प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय जनता युवा मोर्चा लोहरदगा जिला के जिला महामंत्री बाल्मीकि कुमार ने दिया। भाजयुमो प्रदेशमंत्री अजातशत्रु ने लोहरदगा जिला के सभी क्रिकेट प्रेमियों से आग्रह किया है कि आप सभी आएं और इस मैच का आनंद लें।

### झामुमो ने पार्टी विरोधी कार्य के लिए जारी किया कारण बताओ नोटिस

**लोहरदगा।** झामुमो लोहरदगा के सचिव अनिल उरांव ने पत्र जारी कर जिला समिति सदस्य सुखदेव उरांव एवं जफर इकबाल सदस्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिसका पत्रांक 0068 एवं 0069 दिनांक 25.5.24 है। इन पर आरोप है कि पार्टी एवं संगठन के निर्णय के विरोध में जाकर निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा के पक्ष में प्रचार-प्रसार करना किसी भी तरह न्यायोचित नहीं माना जा सकता है। केन्द्रीय समिति ने महागठबंधन के सर्वमान्य उम्मीदवार सुखदेव भगत को समर्थन देने का पहले हीं निर्णय ले लिया था। जिला समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया एवं जिलाध्यक्ष मोज्जमिल अहमद ने दल में भ्रम की स्थिति को देखते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का जबाब भी सात दिनों के अंदर देना है। ताकि पार्टी के अंदर अनुशासन कायम रहे। संतोष जनक जबाब की उनसे अपेक्षा की जाती है अन्यथा जिला समिति भी कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगी।

## न्यूज बॉक्स

### लोहरदगा लोकसभा सीट के प्रत्याशी सुखदेव भगत ने डीसी से की मुलाकात



**गुमला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा लोकसभा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत शनिवार को गुमला उपायुक्त से उनके कार्यालय में मुलाकात कर गुमला जिला में शांतिपूर्वक मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने पर उनका आभार प्रकट किए । साथ ही साथ पोस्टल बैलट पेपर एवं मतगणना प्रक्रिया पारदर्शी रूप से हो इसके संबंध में भी चर्चा किए। मौके पर आलोक कुमार साहू, रमेश कुमार चीनी, अकिल रहमान, राजनिल तिग्गा, गुड्डू गुप्ता, जय सिंह उपस्थित थे।

### भैसमुंदो पांडेय बांध जीर्णोद्धार में संवेदक की मनमानी के विरुद्ध किसान गोलबंद



**भंडरा।** प्रखंड के भैसमुंदो गांव के ग्रामीणों ने मुखिया परमेश्वर महली के नेतृत्व में शुक्रवार को भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय सदस्य आशा लकड़ा से रांची स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर पांडेय बांध डैम का पानी को मनमानी ढंग से संवेदक द्वारा पानी बहा देने से उत्पन्न किसानों की समस्या व क्षति के बारे में बताया। किसानों ने आशा लकड़ा को बताया कि यहां के किसान खेती बाड़ी को ही अपना जिविकोपार्जन का साधन मानते है। इसके लिए सरकार नदी डैम सहित कई जलस्रोत को पुनर्जीवित व जीर्णोद्धार कर किसान हित में योजना चला रही है। परन्तु लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड अन्तर्गत उदरंगी पंचायत के भैसमुंदो गांव में स्थित पाडेबांध डैम जीर्णोद्धार कार्य में संवेदक व विभाग कि लापरवाही के कारण किसानों को विगत दो वर्षो से खेती बाड़ी करने से वंचित रहना पड़ा है। इस वर्ष बारिश होने से डैम में पानी भरा हुआ था। इससे इस वर्ष बेहतर धान पैदावार कि उम्मीद जगी थी परन्तु लघु सिचाई विभाग के संवेदक द्वारा डैम का पानी को जेसीबी से खोद कर बहा दिया गया। इससे भैसमुंदो के किसानों को खेती करने से वंचित रहना पड़ेगा। इस वर्ष खेती नहीं होने पर भारी संख्या में लोग पलायन को मजबूर होंगे। आशा लकड़ा ने किसानों समस्या को देखते हुए पूरी मदद करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर मुखिया परमेश्वर महली, दुर्गा महली, धरती पाहन, बासु उरांव, विनोद महतो सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

### आर्यवीर वैदिक संस्कृति को आत्मसात करें : डॉ कुंजदेव मनीषी



**लोहरदगा।** शनिवार को बौद्धिक कक्षा में शिविरार्थियों को महाविद्यालय गुरुकुल आश्रम आमसेना उड़ीसा के उपाचार्य डॉ. कुंजदेव मनीषी ने कहा कि आर्य का तात्पर्य श्रेष्ठ है, जो सदाचार, संयम का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। वही आर्यवीर है मैंने कहा कि हमें बाल हकीकत राय जैसे महापुरुषों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने शिविर में प्रतिदिन दिए जा रहे प्रशिक्षण को अपने जीवन में आत्मसात करें। प्रशिक्षण में सेवा भारती के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने भी बच्चों को श्रेष्ठ जीवन के लिए प्रेरित किए जबकि इमरजेंसी केयर के उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा एवं सचिव देशराज गोयल ने रक्तदान के प्रति सभी को मार्गदर्शन का प्रेरित किए। कार्यक्रम को आर्य वीर दल के प्रांतीय प्रशिक्षक आशीष कुमार आर्य ने संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य शरच्चन्द्र आर्य जी के निर्देशन में विशेष रूप से गणेश शास्त्री, डा प्रतिभा शास्त्री, पहलवान महादेव आर्य, अर्जुन आर्य, कृष्ण आर्य, आलोक आर्य, सुरेंद्र आर्य, योगेंद्र आर्य, सूरज कुजूर, रविंद्र दत्ता, खुशी, रीमा, एवं आर्य वीरदल परिवार के समस्त कार्यकर्ता बंधु आदि शामिल रहे।

### तीन दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर में बच्चों को पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी

**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम में चल रहे तीन दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर में लोहरदगा जिला सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं सचिव जयप्रकाश शर्मा ने शिविर में उपस्थित होकर बच्चों को पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जीवन जीने के लिए सर्वप्रथम ऑक्सीजन की आवश्यकता है और यह हमें पेड़ पौधों से प्राप्त होते हैं। हम पेड़ों को बचाएं और ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर उसे वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल करें। कहा कि अपने स्वास्थ्य जीवन के लिए सुबह-सुबह योग एवं व्यायाम अवश्य करें। जल्द ही आश्रम में सभी के स्वास्थ्य की जांच हेतु स्वास्थ्य कैंप भी लगाया जाएगा। सचिव जय प्रकाश शर्मा ने कहा कि शरीर को चलाने एवं जीवन जीने के लिए शरीर में खून की पूरी आवश्यकता रहती है। किसी भी व्यक्ति को घटना दुर्घटना एवं अन्य बीमारियों पर खून की आवश्यकता पड़ जाती है और उसे उस वक्त हमारे खून देने से उनकी जान बचाई जा सकती है। इसलिए ब्लड दान ही महादान है। शांति आश्रम के आशीष कुमार ने जीवन जीने की कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। शिविर मे दीपक सर्राफ, जयप्रकाश शर्मा, आशीष कुमार, गणेश शास्त्री,डॉ पुणे देव मणि सिंह, भुवनेश्वर आर्य, गोपी आर्य, अर्जुन आर्य, आलोक, सुरेंद्र आश्रम के सभी गुरुजनों के अलावा काफी संख्या में गुरुकुल के बच्चे उपस्थित थे।

### 22 पड़हा के सदस्यों की हुई बैठक



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई प्रखंड के शिवनाथपुर पंचायत के प्रस्तावित कुँड़ुख विद्यालय प्रांगण में शनिवार को 22 पड़हा के सदस्यों की बैठक हुई। अध्यक्षता सुकरु उरांव ने किया। 22 पड़हा भरनो सिसई के प्रभारी मंगरा उरांव ने बैठक में उपस्थित लोगों को बताया कि झारखंड सरकार ने सभी सरकारी स्कूलों में जनजाति भाषा की पढ़ाई की योजना बनाई है। इसको लेकर स्कूलों में शिक्षकों के पद सृजन हेतु पत्रांक 582 के पत्र माध्यम से विभाग को जानकारी दिया है। झारखंड के सभी सरकारी स्कूल में जनजातीय भाषा कुँड़ुख की पढ़ाई हो इसको लेकर हमे एक अभियान चलाने की आवश्यकता है। बैठक में उपस्थित लोगों ने झारखंड सरकार के इस कदम का स्वागत किया और कुडुख भाषा के विकास व संवर्धन की पहल पर सरकार को बधाई दिया है।

## एक नजर

### उलीडीह में दो युवक ने ग्रामीण मुंडा को मारी गोली

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर-चाईबासा मुख्य मार्ग के उलीडीह के पास ग्रामीण मुंडा दीपक बोदरा के पीठ में गोली मारकर दो युवक फरार हो गये। बताया जाता है कि दीपक बोदरा चक्रधरपुर-चाईबासा मुख्य मार्ग उलीडीह के समीप सड़क किनारे पत्तलपोड़ा मीट बेचने का काम करता है। शनिवार को वह अपने दुकान में पत्तलपोड़ा मीट बेच रहा था। इसी दौरान अपाची मोटरसाइकिल पर सवार होकर आये दो युवक ने दीपक बोदरा की पीठ में गोली मारकर फरार हो गये। दीपक बोदरा की पीठ में गोली लगी है। गोली उसके पीठ में फंस गई है।घटना के समय दीपक बोदरा की मां बगल के दुकान में हड़िया बेच रही थी। गोली चलने की आवाज सुनकर वह भी मौके पर पहुंची। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दीपक बोदरा को इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद एएसपी पारस राणा, चक्रधरपुर थाना प्रभारी राजीव रंजन अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गये। घटना की सूचना पाकर बड़ी संख्या में लोग चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल पहुंचे थे।

### ईचागढ़ विस क्षेत्र में 3 बजे तक 68.56 फीसदी मतदान

**सरायकेला।** रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में बम्पर वोटिंग की खबर है। सरायकेला खरसावां जिला में पड़ने वाले इस विधानसभा क्षेत्र में सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें दिखीं। यहां 42 डिग्री की भीषण गर्मी और धूप में भी मतदाताओं ने कतारबद्ध होकर जमकर मतदान किया है। जिला प्रशासन के अनुसार शाम 3 बजे तक यहां मतदान प्रतिशत 68.56% रहा है। अभी मतदान के 2 घंटे बाकी हैं। जिला प्रशासन ने चुनाव पर्व पर मतदाताओं के रुझान को लोकतंत्र की पहचान बताया है।

### हत्या के दोषी दिलीप सुरीन को आजीवन कारावास, 20 हजार जुर्माना

**किरीबुरु।** चाईबासा कोर्ट ने हत्या का दोषी पाये जाने पर दिलीप सुरीन को आजीवन कारावास और 20 हजार रुपये जुमार्ना की सजा सुनाई है। सजा चाईबासा न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाई है। दिलीप सुरीन सोनुवा थाना के भालूमारा (शंकोसाई) निवासी स्व। सिधु सुरीन का बेटा है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि दिलीप सुरीन के विरूद्ध दिनेश दिग्गी उर्फ चोकोय दिग्गी की धारदार हथियार से हत्या करने का मामला दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस द्वारा अभियुक्त दिलीप सुरीन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया था।

### गोविंदपुर के 150 मतदाताओं का नाम हो गया डिलीट

**धनबाद।** धनबाद जिले के गोविंदपुर इलाके में कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया. किसी भी बूथ से अप्रिय घटना की सूचना नहीं है. करमाटाड़ के बूथ संख्या 130 ,131 व 132 के करीब 150 मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से डिलीट हो गया था। पीठासीन पदाधिकारी ने उन्हें वोट देने से रोक दिया। सूचना पाकर भाजपा नेता मोहन कुंभकार बूथ पर पहुंचे और एआरओ सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार से फोन पर बात की। इसके बाद जिला प्रशासन ने इस मामले में राज्य निर्वाचन आयोग की सलाह ली। फिर, आयोग के निर्देश पर इन मतदाताओं से शपथपत्र भरवाकर और प्रमाण पत्र लेकर मतदान करने की इजाजत दी गई।

## जहां कभी नक्सलियों का होता था गढ़, अब बदल रही तस्वीर

# खूब पड़े वोट, पुलिस रही मुस्तैद





सुरक्षा में मुस्तैद दिखे अधिकारी : शांतिपूर्ण मतदान को लेकर क्षेत्र के एसडीएम सह डुमरी विधानसभा के निर्वाचन अधिकारी शहजाद परवेज, एसडीपीओ डुमरी सुमित प्रसाद, बीडीओ अन्वेषा ओना, सीओ शशिभूषण वर्मा, पीरटांड़ सीओ सह बीडीओ मनोज मरांडी, डुमरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार, निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन सहित क्षेत्र में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी मुस्तैद रहकर पल पल की जानकारी लेते रहे।

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी विधानसभा के डुमरी प्रखंड एवं पीरटांड़ प्रखंड के सीमा में स्थित पारसनाथ पहाड़ के तराई वाले इलाके में जहां कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था और लोग डर से वोट नहीं करते थे परंतु आज इन सब क्षेत्रों की तस्वीर बदल गई है और महिला, पुरुष , युवा और युवती वोटर बेझिझक मतदान करने के लिए मतदान केंद्र में आ रहे हैं। हालांकि नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण सभी क्षेत्रों में सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस बल जगह जगह मुस्तेद दिखे। कभी डुमरी के छछन्दों,जोभी एवं दलान चलकारी, सहित अन्य गांव जो पारसनाथ पहाड़ के तलहटी पर अवस्थित है यहां वोट करना तो दूर, जाना दुर्लभ था जिसका सीधा-सीधा फायदा नक्सलियों को मिलता था परंतु आज इस क्षेत्र में सड़कों का निर्माण हो चुका है बिजली गांव में पहुंच चुकी है तथा पेयजल की व्यवस्था भी लगभग हो चुकी है तथा बच्चे भी गांव में बने विद्यालयों में सुचारू रूप से पढ़ाई करते हैं परंतु पारसनाथ पहाड़ के तराई वाले कई गांव में अभी भी लोग पगडंडियों के सहारे ही हैं तथा तराई वाले ग्रामीण इलाकों में अभी विकास होना बाकी है फिर भी यहां के लोग खुशी-खुशी अपने-अपने बूथो पर पहुंच कर मत का दान किया। इसी तरह डुमरी प्रखंड के सैंतीस पंचायतों के 199 बूथों पर शांतिपूर्ण तरीके हुआ वहीं सभी स्थानों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे हालांकि हर एक बूथ में सुबह मतदाताओं की संख्या अधिक देखी गई दोपहर में प्रचंड गरमी के कारण मतदाताओं की उपस्थिति कम रही लेकिन तीन बजे के बाद लोग घर से मतदान केंद्रों पर जाते दिखे इधर बूथ संख्या 87 में इवीएम मे कुछ गड़बड़ी के कारण करीब 15 मिनट देर से मतदान शुरू हुआ। बूथों में बेब कास्टिंग व्यवस्था की व्यवस्था थी। डुमरी विधानसभा के तीन प्रखंडों डुमरी,नावाडीह एवं चन्द्रपुरा प्रखण्ड के 373 बूथों के लिए 53 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 3 लाख 11 हजार 181 है जिसमें पुरूषों की संख्या 159687 व महिलाओं की संख्या 151491 है जबकि 3 थर्ड जेंडर मतदाता है। दिन चढ़ने के साथ साथ मतदान प्रतिशत भी बढ़ता गया-सुबह 9 बजे तक जहां 13-1 फीसदी मतदान हुआ तो वहीं पूर्वाह्न 11 बजे तक 31.50 प्रतिशत मतदान हुआ इसी तरह दोपहर 01 बजे तक 50.07, प्रतिशत मतदान हुआ जबकि 3 बजे तक 60.89, फीसदी तथा 5 बजे तक 68.19 प्रतिशत मतदान हुआ।

### ओड़िसा के संबलपुर से भटककर चक्रधरपुर पहुंचा बालक, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**चक्रधरपुर।** ओड़िसा के संबलपुर से भटककर एक 13 वर्षीय बालक चक्रधरपुर के केन्दो पंचायत के देवगांव पहुंच गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों ने शनिवार को चक्रधरपुर थाना के पुलिस अधिकारियों को सौंप दिया, ताकि बालक सुरक्षित अपने परिजन के पास पहुंच सके। बताया जाता है कि किसी ट्रेन में सवार होकर वह चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर उतरकर भटकते हुये रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर स्थित देवगांव पहुंच गया। गांव में भटकते हुये बालक को जब ग्रामीणों ने देखा तो इसकी जानकारी गांव के महिला समूह चलाने वाली सामाजिक महिला लखी मुंडा को दी।लखी मुंडा व उनके महिला समूह की महिलाओं ने जब बालक से पूछताछ की तो बालक ने उड़िया भाषा में बात करते हुये बताया कि उसका नाम जीत सिंह है और वह ओड़िसा के संबलपुर जिला के जमुना गांव का रहने वाला है। उसके पिता का नाम बुधराम सिंह है। महिला समूह की महिलाओं ने पहले बालक को खाना खिलाकर नये वस्त्र पहनाये। साथ ही इस बारे में चक्रधरपुर थाना को अवगत कराते हुये पुलिस को सौंप दिया। गांव की सामाजिक महिला लखी मुंडा ने बताया कि शुक्रवार रात ही बालक गांव में पहुंचकर भटक रहा था।

## न्यूज बॉक्स

### ट्रेन से गिरकर प्रवासी मजदूर की मौत



**गिरिडीह।** गावां निवासी 20 वर्षीय रोहित कुमार की मौत गुरुवार को हो गई। उक्त युवक दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। गुरुवार को वह ट्रेन से अपने घर आ रहा था। इस दौरान ट्रैन से अचानक नीचे गिर गया व गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को उसके शव को गावां लाया गया। शव के आते ही माहौल अत्यंत गमगीन हो गया।

### मासिक लोक अदालत में 246 मामलों का हुआ निष्पादन, 1,96,900 रुपए का समायोजन



**चाईबासा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम के तत्वावधान में स्थानीय सिविल कोर्ट परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला की अध्यक्षता में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया. इस दौरान गठित कुल 11 बेंचों में मामलों की सुनवाई करते हुए कुल 246 वादों का सफल निष्पादन किया गया तथा 196900 रुपए राशि का समायोजन भी हुआ। प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मासिक लोक अदालत विभिन्न प्रकार के वादों को सुलझाने का एक सक्षम और सुलभ माध्यम है. इसमें लोग अपने सुलहनीय मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए अपील कर सकते हैं। लोक अदालत के माध्यम से मामलों का त्वरित निष्पादन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आज लोक अदालत में न्यायिक पदाधिकारियों योगेश्वर मणि, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, ओम प्रकाश, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम,एस बी ओझा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय, लक्ष्मण प्रसाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ, विनोद कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, राजीव कुमार सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, एंजिलिना नीलम मडकी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, मंजीत कुमार साहू, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पोड़ाहाट, सुप्रिया रानी तिग्गा, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सदर, अंकित कुमार सिंह रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, पूजा पांडेय, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के द्वारा मामलों का निष्पादन किया गया।

### चुनाव पर्व में शामिल हुए पूर्व नक्सली के माता-पिता



**चांडिल।** लोकसभा चुनाव पर्व में मतदाताओं ने देश की बागडोर सौंपने के लिए अपना निर्णय मतदान के रूप में दिया। देश की बागडोर किसे सौंपा जाए, विकास के पथ पर देश को कौन आगे ले जा सकता है, देशवासियों का विकास और उन्हें सुविधाएं कौन राजनीतिक दल दे सकता है, इसे चुनने के लिए चुनाव होता है। लोग अपनी पसंद के राजनीतिक दल और नेता को गुप्त मतदान के तहत चुनते हैं। शनिवार को रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान हुआ। इस चुनाव पर्व में सभी बढ़-चढ़कर शामिल हुए। वहीं पूर्व नक्सली महाराज प्रमाणिक के माता-पिता भी चुनाव पर्व में शामिल होकर देश गढ़ने में अपनी सहभागिता निभाई। ईचागढ़ प्रखंड के दारूदा के रहने वाले जरासिंधु प्रमाणिक और नीलमणि प्रमाणिक ने आमनदिरी मतदान केंद्र पर मतदान किया। महाराज प्रमाणिक फिलहाल मुख्यधारा में लौट आए हैं। आत्मसमर्पण करने के बाद वे अभी जेल में ही हैं।

## आवास के लिए तरस रहा है परिवार बरसात में तालाब बन जाता है घर



**राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरीडीह**

बिरनी प्रखंड क्षेत्र के गादी पंचायत के ग्राम बसगना निवासी शंभू रविदास पिता स्वर्गीय बंधन रविदास की सुध लेने वाला कोई नहीं है, वह अपनी पत्नी समेत दो बच्चों के साथ टूटे फूटे कच्चे घर में रहने पर विवश हैं।

बीते सप्ताह हुए हल्की बारिश में हीं पीड़ित परिवार का घर तालाब में तब्दील हो गया। इस पर पीड़ित परिवार ने कहा कि आवास के लिए स्थानीय मुखिया गुलावती देवी से कई बार गुहार लगा चुका हूं। वहीं इस पर जब मुखिया पति दिनेश यादव से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि आबुआ आवास की सूची में उक्त परिवार का नाम है, वरीयता सूची में पीछे रहने के कारण विलंब हो रहा है, परंतु आवास मिलेगा। खैर शासकीय दांव पेंच जो भी हो परंतु शंभू रविदास जैसे गरीब परिवार को अविलंब आवास की सख्त जरूरत है, क्योंकि कुछ हीं दिनों बाद मानसून का आगमन होने वाला है, इस परिस्थिति में अगर पीड़ित परिवार को आवास योजना से नहीं जोड़ा गया तो बरसात में उस घर में रहना उसके लिए मुसीबत हो जायेगा।

## कृषि विभाग का अधिकारी बता मुड़ियादल के किसान से ठगे 60 हजार रुपये

**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर**



साईबर ठग नये-नये तरीके अपनाकर लोगों की मेहनत की गाढ़ी कमाई पर सेंध कर रहे हैं। जानकारी के अभाव में कई लोग इनका शिकार हो रहे हैं। ताजा मामला चाईबासा के चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के आसनतलिया पंचायत के मुड़ियादल गांव का है।साइबर ठगों ने चक्रधरपुर प्रखंड के कृषि विभाग का अधिकारी बताकर मुड़ियादल के किसान भास्कर महतो से 60 हजार रुपये की ठगी कर ली। वहीं बैंक खाते से रुपयों की ठगी होने से परेशान किसान भास्कर महतो ने शनिवार को चक्रधरपुर थाना पहुंचकर मामले की जानकारी दी।

पीड़ित किसान भास्कर महतो ने बताया कि शुक्रवार को एक नम्बर से उसके मोबाईल पर एक कॉल आया। जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि मैं चक्रधरपुर प्रखंड के कृषि विभाग का एक अधिकारी बोल रहा हूं। प्रधानमंत्री राज्य फसल राहत योजना की राशि 8 हजार दो सौ रुपये आपके बैंक खाते में भेजना है। इसके लिए आप अपना बैंक खाता की जानकारी दें। साथ ही आपके व्हाट्सएप पर भेजे गए लिंक पर नम्बर डायल करें। पीएम राज्य फसल राहत योजना के बारे में कॉल करने वाले द्वारा बताये जाने पर मैंने इस बात को सच मान लिया और उसे अपने आसनतलिया स्थित पंजाब बैंक का खाता नम्बर व अन्य जानकारियां उपलब्ध करा दी। साथ ही व्हाट्सएप नम्बर पर भेजे गये लिंक पर भी मैंने आधार नम्बर डाल दिया। इसके थोड़ी देर बाद मेरे पंजाब नेशनल बैंक के खाते से पहले छह हजार रुपये व उसके तुरंत बाद तीन बार में 18 हजार कर 54 हजार रुपये बैंक खाते से निकासी कर ली गई। इस तरह मेरे बैंक खाते से कुल 60 हजार रुपये निकाल लिये गये।

भास्कर महतो ने आगे बताया कि जब मुझे इसकी जानकारी मैसेज के माध्यम से हुई तो मैंने बैंक खाते में बचे अन्य राशि को तत्काल दूसरे खाते में ट्रांसफर किया, ताकि बाकी बचे पैसे की निकासी न हो सकें। इधर शनिवार को चक्रधरपुर थाना पहुंचकर पीड़ित किसान ने साइबर ठगी कर 60 हजार रुपये ठगे जाने की शिकायत की है। भास्कर महतो ने बताया कि परिवार की आर्थिक हालत ठीक नहीं है। जरुरी कार्य के लिए पैसे जमा कर रहा था। अचनाक 60 हजार रुपये की ठगी होने से मैं व पूरा परिवार परेशान है।

## आदित्यपुर नगर निगम में भीषण पेयजल संकट 600 से हजार रुपये में टैंकर खरीद रहे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर**

आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में पेयजल संकट गहराता जा रहा है. यहां के लोग पानी खरीद कर प्यास बुझाने को मजबूर हैं। नगर निगम लोगों तक पानी नहीं पहुंचा पा रहा है। इस कारण लोग 1000 लीटर पानी का टैंकर 600 से 1000 रुपए में खरीद रहे हैं। बता दें कि नगर निगम प्रशासन ने इस गर्मी में पर्याप्त मात्रा में किराए पर टैंकर लेकर चिन्हित इलाकों में टैंकर से जलापूर्ति करने का दावा किया था, जो पर्याप्त नहीं है।



जानकारी के मुताबिक पानी की कमी की वजह से सबसे बुरा हाल उन वार्ड में रह रहे लोगों का है, जहां पाइप लाइन से जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं है। इस वजह से आम जनता को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अभी भीषण गर्मी पड़ रही है, ऐसी स्थिति में भूगर्भ जलस्तर काफी नीचे हो गया है। बोरिंग सूख गए हैं। कई लोगों ने तो चार बार बोरिंग कराया, लेकिन इसके बावजूद उन्हें पानी नहीं मिल रहा है। वहीं जिन इलाकों में पाइप लाइन जलापूर्ति की व्यवस्था है वहां के लोग दो टाईम (सुबह और शाम) पेयजल सप्लाई की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी एक वक्त भी मुश्किल से नसीब हो रहा है। लोगों का आरोप है कि आदित्यपुर नगर निगम के पदाधिकारी आम जनता के पेयजल की समस्या को सुनने को तैयार ही नहीं हैं। वे केवल टैक्स वसूली करने का नियम बनाने में व्यस्त रहते हैं।

## जरकी गांव में ग्रामीणों ने पुल निर्माण कार्य कराया बंद

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव प्रखंड की कराईकेला पंचायत के जरकी गांव में ग्रामीणों ने पुल निर्माण कार्य को बंद करा दिया। ग्रामीणों की मांग है कि जब तक पुल के ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के तार को हटाया नहीं जाएगा तब तक कार्य शुरू नहीं करने दिया जाएगा।

बताया जाता है कि शनिवार को जरकी गांव में ग्रामीणों ने बैठक की। इसकी अध्यक्षता गांव के मुंडा अशोक प्रधान ने की। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि जरकी गांव में ब्रह्मणी नदी के ऊपर पिछले



वर्ष नवंबर-दिसंबर में पुल निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। उसी दौरान ग्रामीणों ने ऊपर से गुजरे 11 हजार वोल्ट के तार हटाने की मांग की थी, लेकिन तार नहीं हटाया गया। अब पुल का निर्माण लगभग पूरा होने को है। अगर पुल के ऊपर बिजली तार नहीं हटाया गया तो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। पुल की ऊंचाई बढ़ने के कारण तार पुल के नजदीक आ गया है।अगर कोई वाहन पुल के ऊपर से गुजरेगा तो तार में सटने की संभावना है।

मुंडा राजेश प्रधान ने बताया कि तीन करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है। कई बार पुल निर्माण कराने वाले ठेकेदार को भी तार हटाने की बात कही गई है, लेकिन अब तक तार नहीं हटाया गया है। मौके पर अरविंद प्रधान, सोनू प्रजापति, अगस्ति प्रजापति, कमल मोहंती, अधीर प्रजापति, कृति प्रजापति, गंगाधर प्रधान, बबलू प्रधान, अमित प्रजापति समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## तिसरी प्रखंड के एक और प्रवासी मजदूर की विशाखापट्टनम में हुई मौत

- ◆ मृतक 35 वर्षीय मुकेश हेमब्रम कौसिलवा निवासी तालो हेमब्रम का है पुत्र
- ◆ एक सप्ताह के भीतर प्रखंड के दो प्रवासी मजदूरों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह जिला अंतर्गत तिसरी प्रखंड के एक और प्रवासी मजदूर की शुक्रवार को मौत हो गई है। मृत मजदूर तिसरी पंचायत के कौसिलवा निवासी तालो हेमब्रम का 35 वर्षीय पुत्र मुकेश हेमब्रम है। परिजन बताते हैं कि मुकेश पांच महीने पहले ही काम करने उड़ीसा के विशाखापट्टनम गया



हुआ था। जहाँ वह किसी कम्पनी में टर्नल बनाने का कार्य करता था। टर्नल बनाने के दौरान ही वह हादसे का शिकार हो गया। बताया जाता है कि टर्नल बनाने के दौरान एक पत्थर के गिरने से कार्य कर रहे मुकेश व एक अन्य व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया था। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान ही मुकेश ने दम तोड़ दिया। इसकी खबर मिलते ही पुरे गांव में मातम पसर गया। इस संबंध में मृतक के चचेरे भाई निर्मल हेमब्रम ने बताया कि उड़ीसा के विशाखापट्टनम में कार्य करने के दौरान हुई दुर्घटना में उसका भाई बुरी तरह घायल हो गया। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गया। मामले में एफआईआर भी हुई है,कम्पनी द्वारा शव को उसके घर लाया जा रहा है।

मृतक मुकेश हेमब्रम का भाई सुरेश हेमब्रम भी एक प्रवासी मजदूर है। वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। मुकेश अपने पीछे पत्नी बसंती देवी समेत दो पुत्रियों को भी छोड़ गया। इस घटना से पुरे परिवार का रो - रोकर बुरा हाल है।

**एक सप्ताह के भीतर ही प्रखंड के दो प्रवासी मजदूरों की मौत**

बता दें कि बीते एक सप्ताह के भीतर ही तिसरी प्रखंड के दो प्रवासी मजदूरों की मौत हो चुकी है। इससे पूर्व 17 मई शुक्रवार को प्रखंड के खटपोंक पंचायत के दीवानजोत के 23 वर्षीय उपेंद्र राय की मौत काम के लिए मंगलौर जाने के दौरान रास्ते में ही हो गई थी। स्थानीय स्तर पर रोजगार का कोई साधन उपलब्ध न होने के कारण क्षेत्र से भारी संख्या में मजदूर बड़े शहरों की ओर जाते हैं। अपने परिवार का पेट भरने के लिए दूसरे राज्यों का रूख करने वाले इन मजदूरों की मजबूरी का महज अंदाजा ही लगाया जा सकता है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोड़िया में दोपहर 12 बजे तक एक भी वोट नहीं पड़ा

**घाटशिला।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोड़िया में दिन के 12 बजे तक एक भी वोट नहीं पड़ा 12 के बाद प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों को समझने के पश्चात एक व्यक्ति कार्तिक सिंह सरदार ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. घाटशिला अनुमंडल के डीसीएलआर नील निखिल सुरीन के प्रयास से एक व्यक्ति ने वोट किया. ग्रामीणों की मांग है कि आजादी के बाद से छोड़िया तथा छबीसा गांव में आने-जाने के लिए सड़क का निर्माण नहीं हुआ है.पूर्व विधायक प्रदीप कुमार बलमुचू ने गांव-गांव में सड़क का निर्माण, क्लब भवन, पेयजल आदि की सुविधा ग्रामीणों को प्रदान की थी. इसके बाद पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, वर्तमान विधायक रामदास सोरेन एवं वर्तमान सांसद विद्युत वरण महतो एक बार भी गांव में नहीं आए. यहां तक कि चुनाव प्रचार के समय एक भी प्रत्याशी प्रचार के लिए गांव नहीं पहुंचे।

## कदमा गणेश पूजा मैदान में फूड वैन में लगी आग



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत गणेश पूजा मैदान में शनिवार दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक फूड वैन में अचानक आग लग गई। आग ने धीरे-धीरे पूरे वैन को अपने कब्जे में ले लिया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पाकर टाटा स्टील का एक दमकल मौके पर पहुंचा और आधा घंटा की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग लगने का कारण सिलेंडर से गैस लीकेज बताया जा रहा है।

**वैन से पांच घरेलू गैस सिलेंडर बरामद**

इधर, आग बुझने के बाद वैन से पांच घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किया गया है। घरेलू गैस का व्यावसायिक रुप से इस्तेमाल करना गलत है। वैन में चार गैस सिलेंडर भरे थे और एक खाली था। चारों सिलेंडर में आग लगती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। बता दें कि कदमा गणेश पूजा मैदान में अवैध तरीके से ठेले वालों का कब्जा है। पूरे मैदान में कई फूड वैन वालों ने अपना कब्जा जमा रखा है। धीरे-धीरे इनकी संख्या भी बढ़ती जा रही है।

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार 26 मई 2024



अर्थव्यवस्था

## पत्थरदिल पाठा और सुरों की ट्यून


संदीप रिछारिया

**उत्तर** प्रदेश के बुंदेलखंड का पाठा इलाका सदियों से भूख और प्यास के लिए अभिशप्त रहा है। जल-जंगल-जमीन और दस्यु समस्या से यह इलाका सुलगता रहा है। इस इलाके की कई पीढ़ियों ने पेट की आग को शांत करने के लिए बेगार के साथ बंधक जिंदगी जी है। पुलिस और डाकुओं के शोषण के शिकार आदिवासी और अन्य लोग अब भी अपना दर्द सुनाते मिल जाते हैं। सुखद यह है कि इस पथरीले पाठा की नई पीढी की जिंदगी को सुखमय, सुशिक्षित और सुसंस्कृत बनाने के लिए 'पाठा के गांधी' गोपाल भाई नए सिरे से उनके सुरों को ट्यून करने का अभिनव प्रयोग कर रहे हैं। तपस्वी भगवान राम की पहुनाई करने वाले कोल-भीलों की पीढी के व्यक्तित्व को बदलने का काम अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के मुख्य कार्यालय भारत जननी परिसर में इन दिनों चल रहा है। पाठा के जंगलों के सुदूर गांवों से आईं 35 किशोरियों को सुखमय जीवन जीने की कला सिखाने काम संस्थान के संस्थापक गोपाल भाई कर रहे हैं। गोपाल भाई के प्रयासों से पाठा अब काफी बदल रहा है। वह और उनके संस्थान के कर्मयोगी इस क्षेत्र में करीब चार दशक से सक्रिय हैं। गोपाल भाई कहते हैं यह शिविर 35 बेटियों के साथ पांच मई को यूके के अग्रवाल फाउंडेशन के सहयोग से प्रारंभ किया गया। इस शिविर में उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग तकनीकी सहयोग कर रहा है। विभाग ने आदिवासी बालिकाओं को कथक सिखाने के लिए उदीयमान कथक कलाकार आकांक्षा पांडेय और नाटक सिखाने के लिए रंगकर्मी रोजी मिश्रा को भेजा है। दो जून को शाम पांच बजे से सात बजे तक भारत जननी परिसर के मंच पर बालिकाएं 'वनवासियों के राम' नाट्य की प्रस्तुति देंगी। साथ ही कथक नृत्य में तीन ताल और ठुमरी पर बेजोड़ मेल देखने को मिलेगा। इस सांस्कृतिक शिविर में हाईस्कूल से लेकर स्नातक तक की बेटियां भाग ले रही हैं। इसका उद्देश्य उनमें सुखमय और स्वस्थ जीवन जीने की कला विकसित करना है। संस्थान मुख्य रूप से उनमें अनुशासित जीवन जीने के लक्षण पैदा करने का प्रयास कर रहा है। गोपाल भाई का कहना है कि क्योंकि यह भविष्य की मातायें हैं। इसलिये हम इन्हें व्यवस्थित दिनचर्या से बांधने का काम कर रहे हैं, ताकि उनकी संतान भी व्यवस्थित दिनचर्या में बंधकर देश के सुयोग्य नागरिक बन देश के उत्थान में सहयोग करें। इस शिविर में किशोरियों की दिनचर्या सुबह पांच बजे शुरू हो जाती है। नहा-धोकर सभी साढे पांच बजे हवन और पूजन के साथ प्रार्थना करती हैं। इस दौरान प्रेरणा गीत, ग्राम गीत और प्रेरणास्पद सुविचारों को उच्चारण किया जाता है। इसके बाद नाट्य प्रशिक्षण शुरू होता है। इंडोर गेम्स, स्वाध्याय, संगीत गायन, वादन व समाचार पत्र पाठन के साथ अन्य गतिविधियां होती हैं। श्रमदान के रूप में भागवत वाटिका के पौधों की देखभाल व परिसर में सफाई इत्यादि का काम होता है। दोपहर में विश्राम के साथ ही शाम के सत्र में कथक प्रशिक्षण दिया जाता है। इन ग्रामीण बालिकाओं का कहना है कि घरों में उनके जीवन में अनुशासन नहीं था। यहां नई चीजें सीखने को मिल रही हैं। अनुशासन का महत्व अब समझ में आया है। यहां से घरों पर लौटने के बाद अनुशासित जीवन जीने का प्रयास करेंगे। संस्थान के प्रमुख राष्ट्रदीप का कहना है कि यह देखकर अच्छा लगता है कि सभी बड़े मनोयोग से जीवन के जरूरी अध्याय को गहन अनुभूति के साथ समझ रही हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# अकादमी कर रहीं साहित्य का सत्यानाश!


डॉ. सत्यवान सौरभ



**पिछले दशकों में हुए साहित्य, संस्कृति और भाषा के पतन का असर आगामी पीढ़ियों तक जाएगा। लेकिन किसे फिक्र है। राज्य अकादमी पुरस्कारों की वार्षिक गतिविधियां संदिग्ध है। जो कार्य एक वर्ष में पूर्ण होने चाहिए उनको करने में सालों लग रहें है। पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया स्पष्ट और समयानुसार नहीं है। उदाहरण के लिए हरियाणा साहित्य अकादमी के वार्षिक परिणामों की घोषणा का साल खत्म होने को है, मगर अभी तक नहीं हुई है। न ही आगामी साल का प्रपत्र जारी किया गया है। एक अकादमी के भीतर क्या- क्या खेल चलते हैं? पारदर्शिता के अभाव में किसी को पता नहीं चलता। वैसे कोई भी पुरस्कार या सम्मान उत्कृष्टता का पैमाना नहीं हो सकता।**

***साहित्य*** किसी भी देश और समाज का दर्पण होता है। इस दर्पण को साफ-सुथरा रखने का काम करती हैं वहां की साहित्य अकादमियां। लेकिन सोचिये क्या होगा? जब देश या राज्य का आईना सही से काम न कर रहा हो तो वहां की सरकार पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। जी हां, ऐसा ही कुछ हो रहा है देश के राज्यों की साहित्य अकादमियों में। किसी भी राज्य की साहित्य अकादमी के अध्यक्ष है होते हैं राज्य के मुख्यमंत्री। मुख्यमंत्री जिस संस्था के अध्यक्ष हों वही संस्था अगर सही से काम न करें तो बाकी संस्थाओं की स्थिति का अंदाजा आप लगा सकते है। आज हम देखते हैं कि अधिकांश साहित्य और कला अकादमियों के मंच पर पुरस्कृत होने वाले लोगों में अधिकतर को कोई जानता भी नहीं है। यह सच है कि आज जितनी राजनीति में राजनीति है उससे अधिक राजनीति साहित्य और कलाओं में है। प्रेमचंद ने साहित्य को राजनीति के आगे जलने वाली मशाल कहा था। लेकिन देश भर में आज साहित्य राजनेताओं के पीछे चल रहा है। पिछले दशकों में हुए साहित्य, संस्कृति और भाषा के पतन का असर आगामी पीढ़ियों तक जाएगा। लेकिन किसे फिक्र है। राज्य अकादमी पुरस्कारों की वार्षिक गतिविधियां संदिग्ध है। जो कार्य एक वर्ष में पूर्ण होने चाहिए उनको करने में सालों लग रहें है। पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया स्पष्ट और समयानुसार नहीं है। उदाहरण के लिए हरियाणा साहित्य अकादमी के वार्षिक परिणामों की घोषणा का साल खत्म होने को है, मगर अभी तक नहीं हुई है। न ही आगामी साल का प्रपत्र जारी किया गया है। एक अकादमी के भीतर क्या- क्या खेल चलते हैं? पारदर्शिता के अभाव में किसी को पता नहीं चलता। वैसे कोई भी पुरस्कार या सम्मान उत्कृष्टता का पैमाना नहीं हो सकता। हिंदी भाषा में निराला, मुक्तिबोध, फणीश्वरनाथ रेणु, धर्मवीर भारती, राजेंद्र यादव, असगर वजाहत जैसे महत्वपूर्ण कवियों-लेखकों को भी साहित्य अकादमी पुरस्कार नहीं दिया गया और बहुत से ऐसे लेखकों को पुरस्कृत किया गया, जिन्हें कभी का भुलाया जा चुका है। इस बारे में विचार करना चाहिए और पुरस्कार की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना चाहिए। आज जिस प्रकार से सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त करने के लिए कुछ योग्य एवं अयोग्य साहित्यकार, कवि, लेखक, कलाकार साम-दाम-दंड-भेद सब अपना रहे हैं और अपने प्रयासों में प्रायः सफल भी हो रहे हैं, उससे सम्मानों और पुरस्कारों के चयन की प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। पुरस्कारों की दौड़ में साहित्य का भला नहीं हो सकता। आज साहित्य और कला जगत में बहुत सी संस्थाएं काम कर रही हैं। इसे झुठलाया नहीं जा सकता कि किसी क्षेत्र विशेष या एक विचारधारा वाली संस्थाएं आपस में अनुबंध करके आगे बढ़ रही हैं। ये एग्रीमेंट यूं होता है कि आप हमें सम्मानित करेंगे और हम आपको। और ये सिलसिला लगातार चल रहा है अखबारों और सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरता है। आम पाठक को इससे कोई ज्यादा लेना देना नहीं होता। अब बात करते है सरकारी संस्थाओं और पुरस्कारों की। इनकी सच्चाई किसी से छुपी नहीं। जिसकी जितनी मजबूत लाठी, उतना बड़ा तमगा। सिफारिशों के चौराहों से गुजरते ये पुरस्कार पता नहीं, किस को मिल जाएं। किसी आवेदक को पता नहीं होता। इनकी बन्दरबांट तो पहले से ही जगजाहिर है। ऐसे पुरस्कारों की विश्वसनीयता को लेकर देश भर में गंभीर आरोप लग रहे हैं। सच्चा रचनाकार इनके चक्कर में कम ही पड़ रहा है। आज संस्थाएं एक दूजे की हो गई हैं। एक-दूसरे को सम्मानित करने और शॉल ओढ़ाने में लगी है। सरकारी पुरस्कार बन्दरबांट कहें या लाठी का दम। जितनी जान-पहचान उतना बड़ा तमगा। ये प्रमाण पुरस्कार विजेताओं की प्रामाणिकता पर सवाल उठाते हैं। आज देशभर की साहित्य अकादमियां पद और पुरस्कारों की बंदरबांट करने में लगी है। अधिकांश अकादमियों के कामकाज को देखकर तो यही लगता है। जब तक विशेषज्ञता के क्षेत्र में राजनीतिक नियुक्तियां होती रहेंगी तब तक ऐसी दुर्घटनाएं होती रहेगी। सिविल सेवा कमिशन और प्रदेशों की अकादमी में सदस्यों और अध्यक्षों की राजनीतिक नियुक्तियों ने इन संस्थाओं की विशेषज्ञता पर प्रश्नचिह्न लगाए हैं। पिछले दशकों में पुरस्कारों की बंदर बांट कथित साहित्यकारों, कलाकारों और अपने लोगों को प्रस्तुत करने के लिए विशेष साहित्यकार, पुरोधा कलाकार, साहित्य ऋषि जैसी कई श्रेणियां बनी है। जिसके तहत विभिन्न अकादमियां एक दूसरे के अध्यक्षों को पुरस्कृत कर रही है और निर्णायकों को भी सम्मान दिलवा रही है। इन पुरस्कारों में पारदर्शिता का अभाव है। बिना साधना के कैसा साहित्य? अब समय आ गया है कि देश की सभी राज्य अकादमियों को केंद्रीय साहित्य अकादमी की तरह सचमुच स्वायत बनाया जाए और इनका काम पूरी तरह से साहित्यकारों, कलाकारों को सौंपा जाए। किसी भी अकादमी के वार्षिक कार्यों की प्रगति समयानुसार और पूरी तरह पारदर्शी बनाने पर जोर देना होगा ताकि सच्चे साहित्यकारों का विश्वास उन पर बना रहे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जीवन की जय-मृत्यु का क्षय


कुलभूषण उपमन्यु

वैयक्तिक स्तर पर तो मृत्यु अपरिहार्य सत्य है, किन्तु प्रवाह रूप में जीवन धारा का सातत्य ही संसार को चलाये रखने वाली प्रक्रिया है। वर्तमान विकास यात्रा में प्रकृति के साथ आधुनिक संस्कृति का टकराव खतरनाक मोड़ पर पहुंचता जा रहा है। जिसने सतत जीवन धारा को ही खंडित करना आरंभ कर दिया है। इस संस्कृति का आधार विज्ञान, तकनीक का गुलाम होकर भेदवादी शक्तियों की ताकत बनता जा रहा है। समग्रतावादी आध्यात्मिक चिंतन, जो विश्व समाज को जोड़ने का काम करता है, हाशिए पर जा रहा है। जिसकी परिणति आत्ममुग्धता और अहंकार जनित युद्धों और पर्यावरण विध्वंस के रूप में हो रही है। यूनेस्को के संविधान की घोषणा के ये शब्द इस विषय में प्रासंगिक हैंः ' युद्ध मनुष्यों के मन में आरंभ होते हैं, पर्यावरण संबंधी समस्याएं भी मनुष्य के मन में ही आरंभ होती हैं। इसलिए वास्तविक रूप में मानवीय, बौद्धिक नैतिक पर्यावरण की नींव मानव मन में ही डालनी होगी।'' वर्तमान विश्व समाज, विशेषज्ञ संचालित है। विशेषज्ञ चीजों को टुकड़ों में विश्लेषण द्वारा समझते हैं। जिससे समग्र हित साधन की समझ गायब हो जाति है। जैसे एक विशेषज्ञ चिकित्सक शरीर का इलाज करेगा तो आंख, कान, नाक, गुर्दा, हृदय, के अनुसार करेगा। यदि गुर्दे का इलाज करते हृदय को हानि पंहुच जाए जिससे सारा शरीर दुष्प्रभावित हो जाए तो उस पर चिकित्सक का वश नहीं रहता। औद्योगिक विशेषज्ञता ने प्रकृति के मूल जीवनदायी तत्वों हवा, पानी, मिट्टी (भोजन) को ही संकट ग्रस्त कर दिया है। वायु प्रदूषण के लगातार बढ़ते स्तर के कारण ग्रीन हाउस प्रभाव के चलते वैश्विक तापमान में अभूत पूर्व वृद्धि हो रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद से हो रही तापमान वृद्धि के कारण जलवायु परिवर्तन का खतरा मंडराने लगा है। दुनिया भर में बे-मौसमी और भारी बारिश, भयंकर समुद्री तूफान, बाढ़- सूखा- चक्र, भूस्खलन, और बफीर्ले तूफानों का क्रम लगातार बढ़ता जा रहा है। अगर वैश्विक तापमान वृद्धि को दो डिग्री सेंटीग्रेट के भीतर नहीं रोका गया तो जलवायु परिवर्तन के परिणाम कितने भयंकर होंगे इस बात का अनुमान लगाना भी कठिन है। तापमान में 1 डिग्री वृद्धि तो हो ही चुकी है। इसी मई में ही हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बादल फटने की घटनाएं हो चुकी हैं। ये सब असामन्य घटनाएं हैं। इसका दूसरा बड़ा प्रभाव ग्लेशियर पिघलने के रूप में सामने आ रहा है। यदि यही स्थिति रही तो 2050 तक दुनिया भर के अधिकांश ग्लेशियर समाप्त होने के कगार पर होंगे। इससे समुद्र की सतह ऊपर उठ जाएगी और समुद्र किनारे के कई देश, द्वीप और इलाके पानी में डूब जाएंगे। वेनजुएला ग्लेशियर समाप्त होने वाला पहला देश बनने जा रहा है। हिमालय और ध्रुवीय ग्लेशियर भी इसी परिणाम को प्राप्त होने वाले हैं। ग्लेशियर पिघलने से बनी झीलों के अचानक फट जाने का खतरा बना रहता है। जिससे भयानक बाढ़ें अचानक आने के चलते भारी जन-धन की हानि हो जाति है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम आदि राज्य पहले ही इस कारण आने वाली त्रासदियों को झेल चुके हैं। अभी सतलुज के पनढल में पिछले एक वर्ष में ही ग्लेशियर पिघलने से 52 नई झील निर्मित हो चुकी हैं। सैटेलाइट अनुदर्शन से खुलासा हुआ है कि यहां 2022 में 414 ग्लेशियल झीलें थीं अब यहां 466 झीलें हैं। वायु प्रदूषण से त्रस्त शहरों में वायु की गुणवत्ता सांस लेने के लिए सुरक्षित नहीं बची है। जिससे सांस की बीमारियों में भारी बढ़ोतरी हो रही है। छोटे बच्चे तक इनका शिकार हो रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि का भी वायु प्रदूषण कारक बन रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में दिल्ली प्रथम स्थान पर है जहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 483 है दूसरे स्थान पर लाहौर 371 अंकों के साथ और कोलकाता 206 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। जल प्रदूषण और अभाव के रूप में दूसरी बड़ी समस्या पेश हो रही है। मल-जल और औद्योगिक प्रदूषित जल नदियों में डालने के कारण देश की अधिकांश नदियां प्रदूषित हो गई हैं। जिनका जल पीने और अन्य उपयोग के लिए सुरक्षित नहीं बचा है। भू-जल भी प्रदूषित हो गया है जिसमें संखिया और अन्य धातु जनित प्रदूषण की मात्रा सुरक्षित स्तर से ज्यादा हो गई है। भू-जल अत्यधिक दोहन के कारण संकट में आ गया है। कई शहरों में स्थानीय आबादी के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध करवाना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इस सूची में बेंगलुरु पहले स्थान पर है। ग्लेशियर समाप्त होने से नदियों में सतत प्रवाह कम हो जाएगा, नदियां मौसमी हो जाएंगी जिनमें बरसात में तो बाढ़ का दृश्य होगा और अन्य मौसमों में पानी की कमी आ जाएगी। जिससे पेयजल और अन्न सुरक्षा के लिए जरूरी सिंचाई व्यवस्था भी गड़बड़ा जाएगी। पानी के लिए संघर्षों के नए युग का सूत्रपात हो जाएगा। माना जा रहा है कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए लड़ा जाएगा। स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के चलते दुनिया की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके साथ खाद्यान्नों की मांग भी बढती जा रही है। किन्तु कृषि योग्य भूमि घटती जा रही है। और जो है उसकी उत्पादकता घटती जा रही है। प्रति व्यक्ति भूमि भी आबादी में तेज वृद्धि के कारण कम होती जा रही है। रासायनिक कृषि के कारण भूमि का अत्यधिक दोहन संभव हुआ है जिसके चलते भूमि का स्थायी उपजाऊपन कम होता जा रहा है। वैश्विक कृषि भूमि क्षेत्र 2021 में 4.179 बिलियन हेक्टेयर था जो 2000 के मुकाबले 2 प्रतिशत कम था। अत्यधिक रासायनिक पदार्थों के प्रयोग, और जलवायु परिवर्तन के कारण भूमि की उपजाऊ शक्ति पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। फसलों पर छिड़के गए रासायनिक जहरों का असर फसलों में भी कुछ प्रतिशत रह जाता है। जिसके कारण अनेक बीमारियां आदमी को घेर रही हैं पंजाब के कुछ हिस्से जहां अत्यधिक रासायनिक कीटनाशक दवाओं का प्रयोग हुआ उन्हें कैंसर बेल्ट से पहचाना जा रहा है। अगली बड़ी चिंता कचरे को ले कर है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

राजनीति

## वोटर लिस्ट में बढ़ती महिलाएं संसद में कब बढ़ेंगी?


प्रियंका सौरभ

***भारत*** में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक समान नहीं रही है। इसमें समय-समय पर हमेशा बदलाव होता रहा है। यदि हम महिलाओं की स्थिति का आकलन करें तो पता चलेगा कि वैदिक युग से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं की सामाजिक स्थिति में अनेक तरह के उतार-चढ़ाव आते रहे हैं और उसके अनुसार ही उनके अधिकारों में बदलाव भी होता रहा है। इन बदलावों का ही परिणाम है कि महिलाओं का योगदान भारतीय राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाओं में दिनों-दिन बढ़ रहा है जो कि समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक सफल प्रयास है। चुनाव महिला उम्मीदवारों से जुड़े कई राजनीतिक पूर्वाग्रहों को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। साथ ही महिलाओं का राजनीतिक सशक्तीकरण करने भी कारगर सिद्ध होगा। तमाम प्रमुख राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में भारी फर्क है। जब तक राजनीतिक पार्टियां अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट नहीं देती, तब तक उनकी भागीदारी बढ़ाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। लेकिन टिकटों के बंटवारे के समय तमाम दल किसी न किसी बहाने महिलाओं को चुनाव लड़ने से दूर रखने का प्रयास करते रहे हैं। जब तक यह पुरुषवादी मानसिकता नहीं बदलती, महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बावजूद तस्वीर ज्यादा नहीं बदलेगी। महिला मतदाता इतनी महत्वपूर्ण कभी नहीं थी जितनी अब है। महिला मतदाताओं को तेजी से एक ऐसे निर्वाचन क्षेत्र के रूप में पहचाना जा रहा है जो परिणामों को प्रभावित कर सकता है, महिला आरक्षण विधेयक के जल्दबाजी में पारित होने से बेहतर इसका कोई प्रतीक नहीं है। भाजपा द्वारा 'नारी शक्ति' पर किए गए सभी बड़े दावों के बावजूद, नवंबर में पांच राज्यों के चुनावों में उसके केवल 10 से 15 प्रतिशत उम्मीदवार महिलाएं थीं। यही बात उन अन्य पार्टियों पर भी लागू होती है जिनकी अखिल भारतीय उपस्थिति है। भारत की महिला मतदाता, एक ताकत है जिसे गिना जाना चाहिए। राजनीतिक दल कल्याणकारी योजनाओं और रियायतों के वादों के साथ महिलाओं के वोट हासिल करने की होड़ में हैं, लेकिन सच्चा सशक्तिकरण अभी भी मायावी है। जब तक राजनीतिक पार्टियां अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट नहीं देती, तब तक उनकी भागीदारी बढ़ाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। देश की मतदाता सूची में महिला वोटरों की तादाद लगातार बढ़ रही है। लेकिन राजनीतिक दलों की ओर से टिकट नहीं मिलने के कारण वे इस अनुपात में संसद में नहीं पहुंच पातीं। मतदाताओं में आधी आबादी महिलाओं की है। पिछले 15 सालों में हिंदी बेल्ट राज्यों में उनकी संख्या में वृद्धि चुनाव परिणामों पर गहरा असर डाल रही है। इन सबके बीच एक सवाल यह भी उठता है कि भारत की संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अब भी कम क्यों है? क्यों अब भी लगभग सभी पार्टियां महिलाओं को टिकट देने से कतराती हैं? बीते लोकसभा चुनाव में 542 सांसदों में से 78 महिलाएं थीं। इनमें सबसे अधिक उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 11-11 महिलाएं चुनाव जीती थीं। संसद में महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने वाली भाजपा ने 417 संसदीय सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। इनमें 68 महिलाएं हैं। यानी पार्टी ने सिर्फ 16 फीसदी महिलाओं पर ही भरोसा जताया है। भाजपा ने 2009 में 45, 2014 में 38 और 2019 में 55 महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। कांग्रेस ने अब तक 247 उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें 35 उम्मीदवार यानी 14 फीसदी से कुछ ज्यादा महिलाएं हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस ने 54 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया था। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में जिन 42 उम्मीदवारों की घोषणा है उनमें 12 महिलाएं हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# एक समय हजारीबाग को देश का दूसरा शिमला कहा जाता था


विजय केसरी

***एक*** समय हजारीबाग को देश का दूसरा शिमला कहा जाता था। यहां का मौसम इतना सुहावना रहता था, जो भी लोग यहां आते थे, यहां के मौसम की तारीफ किए बिना नहीं रह पाते थे। गर्मी के दिनों में भी यहां गर्मी बहुत कम पड़ती थी। शाम होते ही मौसम फिर सुहावना हो जाता था। सूरज ढलते ही ठंडी - ठंडी हवाएं बहने लगती थी। जब बड़े बड़े दरख्तों से ठंडी हवाएं गुजर कर लोगों तक पहुंच थीं, तब लोग हजारीबाग के मौसम की तारीफ की बिना नहीं रह पाते थे। यहां के मौसम का यह हाल था कि गर्मी के दिनों में ज्यादा गर्मी नहीं पड़ती थी। ठंड के दिनों में सहने योग्य ठंड पड़ती थी। हजारीबाग जिले में कभी भी तबाही मचाले वाली बारिश नहीं हुई। यहां के मौसम की खासियत यह थी कि गर्मी के दिनों में जब भी थोड़ी गर्मी बढ़ती थी, तब किसी न किसी रूप में बारिश दस्तक दे देती थी। जून के महीने में संपूर्ण देश को मानसून आने का इंतजार रहता था। लेकिन हजारीबाग को मानसून का इंतजार नहीं करना पड़ता था बल्कि जब भी यहां थोड़ी गर्मी बढ़ी, किसी ने किस रूप में बारिश दस्तक दे देती थी हजारीबाग जिले को बागों के शहर रूप में जाना जाता था। हजारीबाग की पहचान पेड़-पौधों और घने जंगल थी। हजारीबाग के धने जंगल में शेर, चीता, बाघ, हिरण सहित विभिन्न किस्म के पशुओं को दिन और रात्रि में विचरण करते दिखे जाते थे। हजारीबाग जिले में भारत प्रसिद्ध नेशनल पार्क में आज भी शेर, चीता, बाघ है सहित विभिन्न पशुओं को देखा जाता है। नेशनल पार्क पूरे क्षेत्र को इन्हीं पशुओं के लिए संरक्षित किया गया था। यहां के बड़े - बुजुर्गों को कई बार यह कहते हुए सुना कि कभी-कभी भटकते - भटकते जंगल से बाघ, हिरण आदि पशु शहर भी आ जाते थे। जिन्हें लोगों ने अपनी आंखों से देखा था। तब का हजारीबाग ऐसा न था। ब्रिटिश हुकूमत के समय हजारीबाग नगर को एक नक्शे के तहत निर्माण किया गया था। इस नक्शे का नाम बाडम साहब के नाम पर रखा गया था। आज भी इस नगर को बाडम बाजार के नाम से जाना जाता है। इस नगर की खासियत यह रही कि इसे चौतरफा मार्गो के साथ एक दूसरे से जोड़ा गया था। मार्ग के मध्य एक बडे. नाले का निर्माण किया गया था, जिस नाले से शहर का सारा गंदा पानी निकट के नदियों में मिल जाया करता था। हजारीबाग को एक नगर के रूप में विकसित करते के समय अंग्रेजी हुकूमत ने इस बात का खास ख्याल रखा था कि उन्होंने इसकी बागों की पहचान को कभी भी नुकसान पहुंचाया था। उन्होंने पूरे नगर में आम, लीची, जामुन, इमली, कटहल,अमरूद आदि के पौधों को लगाया था ताकि इसकी प्राकृतिक सौंदर्य बरकरार रहे। हजारीबाग के सुहावने मौसम पर चर्चा करते समय इस बात का उल्लेख करना उचित समझता हूं कि ब्रिटिश हुकूमत के कालखंड में हुकूमत के सुरक्षा और तकनीकी सलाहकारों ने हुकूमत को यह सलाह दिया था कि हजारीबाग जिले भारत की राजधानी बनाई सकती है। हजारीबाग जिला जहां स्थित है, यहां भूकंप के झटके पड़ने की संभावना, देश के अन्य हिस्सों की तुलना में सबसे न्यूनतम है। यहां की जलवायु बिल्कुल स्वच्छ हे। यहां प्रदुषण स्तर देश के अन्य हिस्सों तुलना में सबसे न्यूनतम है। हजारीबाग से बहुत ही अच्छे ढंग से हुकूमत चलाई जा सकती है। इस बात का उल्लेख हजारीबाग जिले के गजेटियर में है। लेकिन तत्कालीन प्रशासनिक और राजनीतिक परिस्थितियों के कारण हजारीबाग देश की राजधानी नई बन पाई थी। हजारीबाग शहर अपने स्थापना काल से ही लोगों के प्रभावित करता रहा था। हजारीबाग शहर जो भी आया, यहां का होकर रह गया था। हजारीबाग के सुहावने मौसम के कारण ही ब्रिटिश हुकूमत के बड़े अधिकारियों ने हजारीबाग में अपना बंगला बनाया था। वे गर्मी के दिनों में यहां पर छुट्टी बिताने आया करते थे। ब्रिटिश हुकूमत के समय की पश्चिम बंगाल से बंगाली अधिकारियों को हजारीबाग स्थांतरित किया था। यहां पर जो भी बंगाली अधिकारी आए, यहां के मौसम के सुहावने मौसम कारण ही परिवार सहित बस गए थे। हजारीबाग जिला बिहार राज्य का एक हिस्सा हुआ करता था। बिहार से सटे पश्चिम बंगाल सहित अन्य प्रदेशों के लोग अपनी छुट्टियां बिताने हजारीबाग आया करते थे। पश्चिम बंगाल के दो बड़े उद्योगपति भाई स्वर्गीय हीरालाल जैन और पन्नालाल जैन ने हजारीबाग जिले के दीपू गढ़ा रोड स्थित पर एक विशाल बंगला हीरा बाग के नाम से बनाया था। गर्मी के दिनों में ये दोनों भाई पूरे परिवार के सहित आकर रहते थे। यह दोनों भाई नगर के कुछ खास लोगों को बुलाकर हीरा बाग में बड़ी बड़ी पार्टियां किया करते थे। यह मेरा सौभाग्य रहा था इन पार्टियों का मैं भी हिस्सा बना था। हजारीबाग जिले स्थित पंडित जी रोड सहित अन्य मार्गो में ऐसी कोठियां आज भी अपनी गवाही दे रही हैं। हमारा यह नगर आम, लिची, जामुन, इमली, कटहल आदि के बड़े-बड़े फलदार वृक्षों से लदा रहता था। नगर के एक छोर से दूसरे छोर तक जहां तक लोगों नजर जा सकती थी, फलदार वृक्षों से यह शहर लदा हुआ था। गर्मी की छुट्टियों में शहर के बच्चों के लिए एक बड़ा ही सुंदर अवसर मिल जाता था। बच्चें इन फलदार वृक्षों से कच्चे पक्के फल खाकर अघाते नहीं थे। आज भी बचपन के उन दिनों को याद कर मन फिर से बच्चा बन जाने को कहता है, लेकिन आज हजारीबाग की वह स्थिति नहीं रही। अब तो दूर दूर तक नगर के किनारे फलदार वृक्ष दिखाई नहीं देते। यहां के फलो की खासियत यह है कि स्वाद की दृष्टि में अन्य जिलों और प्रदेशों के फलों के स्वाद की तुलना में ज्यादा स्वादिष्ट हैं। यहां के फलों में पौष्टिक और खनिज तत्व भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। वैज्ञानिक परीक्षण में यहां के फलों को खाने वाले लोगों में प्रतिरोध क्षमता भी ज्यादा पाई गई। जैसे-जैसे शहर का विस्तार होता गया, घनी आबादी में तब्दील होती गई, वैसे-वैसे कर फलदर वृक्ष नगर से गायब होते चले गए। हजारीबाग पीपल, बरगद के पेड़ों से भी जाना जाता था। अब नगर में गिनती भर पीपल और बरगद के पेड़ बच गए हैं। अब फलदार वृक्षों की जगह कंक्रीट के बने घरों ने अपना आशियां बना लिया है। जिला प्रशासन एवं राज सरकार भी हजारीबाग जिले में पेड़ पौधे संरक्षित रहे, ठीक से ध्यान नहीं दिया। आज इसका परिणाम है कि हजारीबाग का वह सुहावना मौसम सिर्फ स्मृतियों में शेष रह गया। अगर सरकारी स्तर पर हालदार वृक्षों को लगाने की दिशा में स्थानीय लोगों को प्रोत्साहन दिया जाता, तब इसके उत्पादन से अच्छी आमदनी भी होती और लोगों को रोजगार भी मिल पाता। कहने को तो हजारीबाग में वन विभाग का उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का मुख्यालय है, लेकिन इस मुख्यालय ने इस दिशा में अब तक कोई पहल नहीं किया है। हजारीबाग के सुहावने मौसम की चर्चा करते हुए यह लिखना उचित समझता हूं कि आज से ठीक 19 साल पूर्व जून माह में बेटी की शादी थी। सुबह में उस दिन मौसम साधारण ठीक था। गर्मी थी। दोपहर के बाद बदल घना हो गया और मूसलाधार बारिश हो गई थी। रात्रि में बारातियों के लिए हम सबों को कंबल की व्यवस्था करने पड़ी थी। ऐसा था, हमारा हजारीबाग। वर्ष 2024 की गर्मी बीते 175 वर्षों की तुलना में सबसे अधिक गर्मी पड़ी है। देश के कई हिस्सों का तापमान 48 - 49 सेल्सियस डिग्री तक पहुंच गया है। गर्मी से लोग त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं। देश में प्रदूषण जिस स्तर पर बढ़ता चला जा रहा है, यह बड़े खतरे का संकेत दे रहा है। विश्व मौसम शोध संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है कि जिस तेजी के साथ जलवायु परिवर्तन हो रहा है, इससे समस्त मनुष्य जाति पर खतरा बढ़ता चला जा रहा है। ऐसे निष्कर्ष का मतलब है कि पृथ्वी पर से मनुष्यम जाती ही समाप्त न हो जाए। वहीं दूसरी हो भारत ही नहीं विश्व भर में कई देशों के जल स्त्रोत नीचे चले जा रहे हैं। यह भी संकेत ठीक नहीं है। जलवायु परिवर्तन को अनुकूल बनाने के लिए वैश्विक स्तर पर गहन अभियान चलाने की जरूरत है। आज हर एक व्यक्ति को जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। हजारीबाग का सुहावना मौसम इस जलवायु परिवर्तन से अछूता नहीं रह सकता है। हजारीबाग में कई सामाजिक ऑर्गेनाइजेशन इस जलवायु जागरूकता अभियान से जुड़कर पेड़ पौधों को लगाने में क्रियाशील है। आज भी हजारीबाग का मौसम झारखंड के अन्य जिलों की अपेक्षा काफी बेहतर है। इसे और बेहतर बनाने के लिए हजारीबाग को पुराने वन से लदे गौरव को वापस लाने जरूरत है। बस! हजारीबाग के हर एक निवासी को पेड़ पौधों को लगाने को ओर आगे बढ़ाने की जरूरत है। हजारीबाग की पहचान बागों से है, इसलिए बागों को उजाड़ने से बचाएं।

**विजय केसरी,**
**(कथाकार/ स्तंभकार )**
**पंच मंदिर चौक, हजारीबाग - 825301,**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com**
**(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

# यूपी में पहले लाल बत्ती में घूमते थे माफिया सपा ने पाला-पोसा, टिकट दिया : मोदी



**एजेंसी। गाजीपुर**

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पहले माफिया लाल बत्ती में घूमते थे। दंगों को यूपी की पहचान बना दिया गया था। इसका नुकसान व्यापारियों-कारोबारियों को होता था। सपा ने माफियाओं को पाला-पोसा, टिकट दिया। पहले यहां विरोधियों को खुलेआम गोलियों से भून दिया जाता था। सपा की सरकार में हर महीने 2-3 दंगे होते थे। इसका नुकसान गरीबों को होता था।

इंडी गठबंधन वालों ने गाजीपुर के साथ विश्वासघात किया है। आजादी के बाद कांग्रेस ने कसम खा ली थी कि इस क्षेत्र का विकास नहीं करेगी। यहां के लोग गरीबी में घुट-घुट कर जीने को मजबूर रहे। सपा और कांग्रेस में कुछ आदतें मिलती हैं। पहला परिवारवादी, दूसरा जातिवादी और तीसरा भ्रष्टाचार। कांग्रेस ने हमारी सेना के जवानों का मखौल उड़ाया था। उन्हें मूर्ख बनाने का भरसक प्रयास किया था। 2013 में भाजपा ने मुझे पीएम पद का प्रत्याशी बनाया तो मैंने वन रैंक वन पेंशन लागू करने का ऐलान किया। इससे कांग्रेस घबरा गई। कांग्रेस ने पूर्व सैनिकों का अपमान किया। गाजीपुर, यूपी या पूरा देश हो, परिवारवादी नेता अपने परिवार के लिए महल पर महल बनाते गए लेकिन, गांव गरीब, किसान वंचित लोग जीवन की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए परेशान रहे।

पीएम मोदी ने कहा कि दस साल में हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। यहां की तकलीफ को सबसे पहले हमारे गहमरी बाबू ने उठाया था। उन्होंने संसद में नेहरू जी को यहां की स्थिति बताई थी। आंख में आंसू के साथ बाबूजी ने कहा कि कैसे यहां के लोग जानवरों के गोबर से गेहूं चुनकर खाते थे। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उसमें भी राजनीतिक मौके तलाश लिए। आज मुझे संतोष है कि हमारी सरकार हर गरीब को मुफ्त राशन दे रही है। पीएम मोदी ने कहा कि काम लटकाने और हक मारने में तो कांग्रेस को महारत हासिल है। इन्होंने हमारे सेना के वीर जवानों को वन रैंक, वन पेंशन तक नहीं मिलने दिया। वन रैंक, वन पेंशन तब लागू हुई, जब मोदी आया। गाजीपुर की धरती पराक्रम और शौर्य की गाथाएं बताती है। गाजीपुर की परंपरा और यहां का गमहर गांव का नाम ही काफी है। जहां हर घर से जांबाज निकलते हों, यह गौरव गाजीपुर के अलावा किसी को मिला है क्या? पूरा देश इस मिट्टी का ऋणी है।

उन्होंने कहा कि अगर मेरी माताओं को बीमारी में रहना है तो इस बेटे का दिल्ली में बैठने का क्या मतलब। इसलिए आपके इस बेटे ने तय किया कि अब गरीब को बीमारी में इलाज की जिम्मेदारी मोदी उठाएगा। आज आयुष्मान योजना करोड़ों परिवारों को मुसीबत में सहायता देता है। मोदी ने जो काम किए, उससे गरीब का जीवन बदला। सिर्फ 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। ये इसलिए हुआ कि आपके वोट ने मोदी को मजबूत किया। हमने 4 करोड़ परिवारों को पीएम आवास दिए। हमने 50 करोड़ गरीबों के बैंक में खाते खुलवाए। हमने हर गांव तक बिजली पहुंचाई, हम हर घर जल पहुंचा रहे हैं। आज किसी गरीब को इलाज के लिए अपनी जमीन नहीं बेचनी पड़ती है, क्योंकि आज उसके पास आयुष्मान कार्ड है। मोदी जब तक जिंदा है, तब तक एससी-एसटी का आरक्षण नहीं छीनने दूंगा। वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है।

## पीएम की जिम्मेदारी पद की गरिमा का रखें ख्याल : प्रियंका

**गोरखपुर।** कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को गोरखपुर में अखिलेश यादव के साथ एक संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की जिम्मेदारी बनती है कि इस पद की गरिमा रखें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में अपने भाषण के दौरान ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया जो किसी देश के प्रधानमंत्री ने अब तक नहीं किया होगा। पीएम पद का हम सब आदर करते हैं। क्या उनकी जिम्मेदारी नहीं बनती कि इस पद की गरिमा रखें? प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी जगह-जगह कह रहे हैं संविधान बदलना है। वहीं, हम लोग मुद्दों की बातें करते हैं। आज कांग्रेस पार्टी की गारंटी है रोजगार और नौकरी, हमारी सरकार बनने पर 8,500 रुपए हर माह गरीब परिवार को मिलेगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार डराने के लिए बुलडोजर लेकर आती है, अगर एक भी परीक्षा पेपर लीक करने वाले पर कोई बुलडोजर चला हो तो बताएं। इस सरकार ने पेपर लीक कराए हैं, सरकार ने नौजवानों का एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। ऐसे में वोट डालकर उन्हें बेरोजगार बनाने का समय आ गया है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई।

## न्यूज बॉक्स

### चक्रवात रेमल के उग्र होते ही बचावकर्मी सतर्क

**कोलकाता।** आपदा प्रबंधन से जुड़ी केंद्रीय और राज्य एजेंसियां पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय इलाकों की ओर आने वाले भीषण चक्रवाती तूफान रेमल के मद्देनजर कमर कस रही हैं। रविवार आधी रात के आसपास किसी समय भूस्खलन की आशंका है। जबकि राज्य एजेंसियों के लिए लालबाजार में कोलकाता पुलिस मुख्यालय में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमें उन जिलों की ओर जा रही हैं जो चक्रवाती तूफान से प्रभावित होने की संभावना है। भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) स्थिति से उचित तरीके से निपटने के लिए अपने बांग्लादेशी समकक्षों के साथ समन्वय करने के अलावा नाविकों को अलर्ट भी जारी कर रहा है। कोलकाता में मुख्यालय वाले उत्तर पूर्व क्षेत्र के एक वरिष्ठ आईसीजी अधिकारी ने कहा, हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं। तूफान के रास्ते के करीब आने वाले सभी जहाजों को सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। सभी जहाजों और समुद्र में मौजूद छोटे जहाजों को लगातार चेतावनियां भेजी जा रही हैं। उन्होंने कहा, हालांकि साल के इस समय में पश्चिम बंगाल में मछली पकड़ने पर आधिकारिक प्रतिबंध है, ऐसे किसी भी आवारा ट्रॉलर की तलाश की जा रही है जो प्रतिबंध से बचकर समुद्र में घुस गए हों। हम जरूरत पड़ने पर समन्वित खोज और बचाव प्रयास के लिए बांग्लादेश तटरक्षक बल के साथ भी संपर्क में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आईसीजी जहाजों के अलावा, तत्काल तैनाती के लिए कोलकाता और भुवनेश्वर में हवाई संपत्तियां भी मौजूद हैं। आईसीजी द्वारा हल्दिया और पारादीप में दो निगरानी स्टेशन स्थापित किए गए हैं। इस बीच, एनडीआरएफ ने सात जिलों में उपकरणों के साथ 12 टीमें तैनात की हैं।

### प. बंगाल में वोटिंग के दौरान हिंसा, 2 की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की 8 लोकसभा सीट के लिए शनिवार को छठे चरण के मतदान के दौरान कुछ इलाकों में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच दो लोगों की मौत की गई है। मुख्य रूप से पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों से चुनाव संबंधी तनाव की खबरें सामने आई हैं। झाड़ग्राम में लालगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेलातिकरी इलाके में एक युवक का शव बरामद होने के बाद तनाव बढ़ गया। युवक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। युवक की पहचान उत्तम महतो के रूप में हुई है। हालांकि स्थानीय पुलिस ने दावा किया है कि इस घटना का राजनीति या चुनावी हिंसा से कोई संबंध नहीं है।

### वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह बने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के कमांडेंट



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह ने 25 मई को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के कमांडेंट का पदभार ग्रहण किया है। एक तोपखाने और मिसाइल विशेषज्ञ के रूप में उन्होंने भारतीय नौसेना के जहाज रंजीत और प्रहार पर काम किया है। उन्हें तीन स्वदेशी युद्धपोतों के कमीशनिंग क्रू का हिस्सा होने का भी गौरव प्राप्त है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (खड़गवासला) के पूर्व छात्र रहे गुरचरण सिंह को 1 जुलाई 1990 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था। उन्होंने समुद्र और तट दोनों पर कई पदों पर कार्य किया।

### नेपाली महिला ने रचा इतिहास, दो सप्ताह में तीन बार की माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई



**काठमांडू।** नेपाली पर्वतारोही पूर्णिमा श्रेष्ठ दो सप्ताह में तीन बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली महिला बन गई हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। पूर्णिमा फोटो पत्रकार भी हैं, उन्होंने पहली बार 12 मई को, 19 मई को और बाद में 25 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई की। द हिमालयन टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, एक्सपीडिशन के अभियान निदेशक लकपा शेरपा ने कहा कि पूर्णिमा की पिछले कुछ वर्षों में 8x8000 मीटर शिखर की प्रभावशाली सूची पर्वतारोहण में उनके जुनून और विशेषज्ञता को दशार्ती है।

### जम्मू-कश्मीर : सड़क हादसे में पंजाब के चार पर्यटकों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को एक सड़क हादसे में चार पर्यटकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि मोगा (पंजाब) से पर्यटकों को लेकर एक वाहन श्रीनगर जा रहा था, तभी कुलगाम के मीर बाजार इलाके के पास वह चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और सड़क से फिसल गया। एक अधिकारी ने कहा, सभी सात घायल पर्यटकों को अनंतनाग शहर के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने चार घायलों को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन घायलों का इलाज किया जा रहा है।

### बिभव कुमार ने जमानत के लिए लगाई याचिका

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने जमानत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। कुमार पर स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है। कोर्ट ने उनकी याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी। कोर्ट ने शुक्रवार को कुमार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। पांच दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर कुमार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 28 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। 13 मई को स्वाति मालीवाल पर हमले के सिलसिले में बिभव कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था।

## आज का राशिफल

**मेष** — शुभांक 3-5-7
शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा।

**वृषभ** — शुभांक 5-6-9
अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**मिथुन** — शुभांक 2-6-8
व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**कर्क** — शुभांक 4-6-7
समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**सिंह** — शुभांक 3-5-8
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**कन्या** — शुभांक 2-5-7
जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे।

**तुला** — शुभांक 6-8-9
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**वृश्चिक** — शुभांक 5-6-8
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं।

**धनु** — शुभांक 4-6-8
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। आत्मचिंतन करें।

**मकर** — शुभांक 3-6-9
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कुम्भ** — शुभांक 1-5-8
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा।

**मीन** — शुभांक 1-6-9
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन है। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

# 5 चरणों में 428 सीटों पर पड़े 50.7 करोड़ वोट

■ इन सीटों पर कुल 76,40,80,337 मतदाता, 66.39 प्रतिशत हुआ कुल मतदान

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने शनिवार को पांच चरणों के मतदान प्रतिशत और मतदान संख्या की पूर्ण संख्या जारी कर दी है। साथ ही दोहराया कि फॉर्म 17सी के माध्यम से सभी उम्मीदवारों के मतदान एजेंटों के साथ मतदान के दिन साझा किए गए वोटों के डेटा को कोई भी नहीं बदल सकता है। चुनाव आयोग ने पिछले पांच चरणों की प्रत्येक सीट पर कुल मतदान की जानकारी दी है। मतदान संख्या में डाक मतपत्रों को शामिल नहीं किया गया है। चुनाव आयोग के अनुसार पांच चरणों में देशभर की 428 सीटों पर कुल 50,72,9,288 मत पड़े हैं। इन सीटों पर 76,40,80,337 मतदाता हैं। इस तरह से पांच चरणों में कुल 66.39 प्रतिशत मतदान हुआ है।




उल्लेखनीय है कि विपक्ष मतदान प्रतिशत में वोटिंग अवधि के बाद हो रहे इजाफे को मुद्दा बना रहा है। इस संबंध में विपक्ष चुनाव आयोग से भी मिल चुका है। मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंचा है। चुनाव आयोग ने आंकड़े जारी करते हुए कहा कि मतदान आंकड़ों को जारी करने की प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों और फैसले से आयोग मजबूत महसूस करता है।

### चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़े

**पहले चरण** : 16,63,86,344 मतदाताओं में से 11,00,52,103 ने मतदान किया। मत प्रतिशत 66.14 रहा। **दूसरे चरण** : 158645484 मतदाताओं में से 105830572 ने मतदान किया, जिसका मत प्रतिशत 66.71 रहा। **तीसरे चरण** : 172404907 मतदाताओं में से 113234676 ने मतदान किया और इनका मत प्रतिशत 65.68 रहा। **चौथे चरण** : 177075629 मतदाताओं में से 122469319 ने मतदान किया, जिसका मत प्रतिशत 69.16 रहा। **पांचवें चरण** : 89567973 मतदाताओं में से 5710618 ने मतदान किया, जिसका मत प्रतिशत 62.20 रहा है।

आयोग ने कहा कि मतदान दलों के आगमन के बाद भौगोलिक और मौसम की स्थिति के आधार पर, मतदाताओं का डेटा पार्टियों के आगमन और पुनर्मतदान की संख्या, यदि कोई हो, के आधार पर एक या अधिक दिनों पर अंतिम रूप प्राप्त करता है। इस संबंध में शनिवार को नई दिल्ली में मतदान करने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा था कि आंकड़ों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। वे जल्द ही इसका खुलासा करेंगे।

## गुजरात में मुसलमानों की 25 जातियों को मिल रहा आरक्षण : तेजस्वी यादव



**एजेंसी। पटना**

प्रधानमंत्री ने शनिवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष का बस चले तो आरक्षण के लिए 'मुजरा' भी करने लगे। प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव की बड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। तेजस्वी यादव ने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे प्रधानमंत्री मोदी की भाषा में गिरावट आ रही है। वह ऐसी भाषा बोल रहे हैं, जो उनके समर्थकों को भी अच्छी नहीं लग रही है। बिहार लोकतंत्र की जननी है। उनको काम की बात करनी चाहिए। उन्हें संविधान का बेसिक ज्ञान भी नहीं है। उन्होंने कहा कि उनसे पूछिए, हमने जाति आधारित गणना करने को लेकर पांच बार पत्र लिखा। इस मुद्दे पर उनसे मिलने के लिए बिहार से एक डेलिगेशन भी गया था। हम खुद प्रधानमंत्री से एक घंटा बात किए। लेकिन, लिखित में उन्होंने मना कर दिया। हमारी कोशिश थी कि जातीय आधारित जनगणना हो, जिससे पता चल सके कि किसकी कितनी आबादी है। उसके आधार पर सबको अलग-अलग आरक्षण मिलेगा। हमारी 17 महीने की सरकार ने जाति आधारित गणना कराई है और आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत बढ़ाई है। पीएम मोदी कोई भी भाजपा शासित राज्य बता दें, जहां 75 प्रतिशत आरक्षण है। यहां आकर झूठ बोलने से काम नहीं चलेगा। बिहार के लोग सामाजिक और राजनीतिक रूप से बहुत जागरूक हैं। तेजस्वी यादव ने एक कागज दिखाते हुए कहा कि यह देखिए उनका झूठ सामने आ गया है। गुजरात में मुसलमानों की 25 जातियों को आरक्षण मिल रहा है।

## ममता ने तृणमूल की विधायक पर भाजपा के साथ गुप्त संबंध रखने का आरोप लगाया

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को अपनी ही पार्टी की विधायक उषा रानी मंडल पर भाजपा के साथ गुप्त समझौता करने का आरोप लगाया। उषा रानी उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखान विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस की विधायक हैं जो बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। ममता ने कहा, वह (उषा रानी मंडल) तृणमूल विधायक बनी रहेंगी। फिर भी वह पार्टी की किसी भी बैठक में शामिल नहीं होंगी। मैं उषा रानी को तब तक स्वीकार नहीं करूंगी, जब तक वह माफी नहीं मांगतीं। मेरा उनसे कोई संबंध नहीं है। मैं उनके जैसे लोगों को अपनी पार्टी में नहीं चाहता। मुख्यमंत्री ने शनिवार को मिनाखान में बशीरहाट से पार्टी उम्मीदवार हाजी नुरुल इस्लाम के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, वह और उनके पति पार्टी को बेचने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे मैं कभी स्वीकार नहीं करूंगी। ममता



ने भाजपा पर उनकी पार्टी के नेताओं को खरीदने के लिए लाखों रुपये खर्च करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हर दिन लाखों की नकदी जब्त की जा रही है। वे नकदी बांटकर वोट खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। वे सोचते हैं कि वे नकदी से हर किसी को खरीद सकते हैं।" मुख्यमंत्री ने कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा पारित दो हालिया आदेशों - लगभग 26,000 स्कूल नौकरियों को रद्द करना और 2010 के बाद बंगाल सरकार द्वारा जारी किए गए पांच लाख से अधिक ओबीसी प्रमाणपत्रों को 'अमान्य' के रूप में रद्द करना - पर भी नाराजगी जताई।

**अग्निवीर** — कांग्रेस नेता के बयान पर अमित शाह ने बोला हमला, कहा

# राहुल ने अग्निवीर योजना को ले देशभर में फैलाई भ्रांति

**एजेंसी। हमीरपुर**

देश में चल रहे चुनाव के बीच राहुल गांधी के बार-बार सेना के अग्निवीर योजना को लेकर दिए गए बयान ने राजनीति का तापमान बढ़ा दिया है। चुनाव आयोग की तरफ से जारी गाइडलाइंस के हिसाब से राजनीतिक दलों को अग्निवीर योजना पर टिप्पणी करने की मनाही है। लेकिन, राहुल गांधी लगातार इस पर टिप्पणी कर रहे हैं। जिसे लेकर हिमाचल में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान मीडिया के सामने आकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जमकर राहुल गांधी पर निशाना साधा। दरअसल,



### नौकरी सभी मिलेगी, सेना में मिले या पुलिस में

अब एक युवा चार साल सरकारी खर्चे से ट्रेनिंग करेगा। 4 साल उसे भारी तनख्वाह भी मिलेगी। इस चार साल के बाद उसे पेंशननुमा ग्रेच्युटी वाली पूरे जीवन की नौकरी भी मिलेगी। क्या इसमें किसी का नुकसान होने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी अपनी पार्टी के फायदे के लिए सरासर झूठ लोगों के बीच फैला रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि नौकरी सभी को मिलनी है या तो सेना की मिलनी है, या स्टेट पुलिस की मिलनी है, या पैरामिलिट्री फोर्सेस की मिलनी है। पेंशन सबको मिलना है और ग्रेच्युटी भी सबको मिलनी है और सारे सरकारी फायदे भी मिलने हैं।

राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान कई बार इस बात को दोहराया कि इंडी गठबंधन की सरकार आने के बाद अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में डाल दिया जाएगा। राहुल गांधी ने इस योजना को लेकर कहा कि यह सेना के खिलाफ है। इस योजना को लेकर सेना नहीं आई बल्कि इसे नरेंद्र मोदी लाए, इसलिए हम इसे खत्म करेंगे। इसी को लेकर अमित शाह ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जब से राहुल गांधी नेता बने हैं, उनकी राजनीति में एक बड़ा परिवर्तन आया है। पहले सच्चे मुद्दों को तोड़-मरोड़ कर लोगों के सामने रखा जाता था। इतना तो राजनीतिक दल करते थे। लेकिन, कभी भी झूठी बात को मुद्दा नहीं बनाया जाता था। राहुल गांधी ने एक नई परंपरा शुरू की कि झूठी बात को ही मुद्दा बनाया जाए। शाह ने आगे कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर भी उन्होंने देशभर में एक भ्रांति फैलाई। जिसमें कहा गया कि इस योजना से आए 75 प्रतिशत अग्निवीरों का 4 साल के बाद कोई भविष्य ही नहीं होगा। जबकि, इस योजना के तहत 100 बच्चे जो अग्निवीर बनते हैं, उसमें से 25 बच्चे तो सीधे सेना में भर्ती हो जाएंगे। बाकी के 75 युवा जो बचे हैं, इसको लेकर भाजपा शासित सभी प्रदेश की सरकारों ने 10 से 20 प्रतिशत तक सीटें आरक्षित की हैं। इसके साथ ही केंद्र सरकार की सभी पैरामिलिट्री फोर्सेस में भी 10 प्रतिशत रिजर्वेशन इनके लिए किया गया है। गृह मंत्री ने आगे कहा कि अग्निवीर योजना से जुड़े युवाओं को सेलेक्शन प्रोसेस में भी कई तरह की रियायतें, इन रिजर्वेशन के बाद भी दी गई हैं। जैसे उम्र में रियायत, इसके साथ परीक्षा में कुछ छूट दी गई है। इन्हें फिजिकल टेस्ट भी नहीं देना है। इतनी रियायतों के बाद शायद ही कोई अग्निवीर ऐसा बचेगा, जो स्टेट की पुलिस फोर्स और सेंट्रल पैरामिलिट्री में ना आए।

# आईपीएल के फाइनल में आज कोलकाता vs हैदराबाद

**एजेंसी। चेन्नई**

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का फाइनल मुकाबला रविवार यानी के 26 मई को कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच यह खिताबी मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाना है। कोलकाता ने क्वालीफायर-1 में हैदराबाद को हराकर फाइनल में जगह बनाई जबकि हैदराबाद ने क्वालीफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से पीटकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है। कोलकाता के पास जहां तीसरी बार तो वहीं हैदराबाद से पास दूसरी बार आईपीएल ट्रॉफी जीतने का मौका होगा। आईपीएल के इतिहास में कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच अब तक 27 मैच खेले गए हैं। इसमें से कोलकाता की टीम को 18 बार जीत अपने नाम की है जबकि सनराइजर्स हैदराबाद को सिर्फ नौ मुकाबलों में जीत नसीब हुई है। कोलकाता ने पिछले आठ मैचों में छह जीत दर्ज की है जबकि सिर्फ दो हारे हैं।




## मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची पीवी सिंधु

**एक साल से अधिक समय बाद अपने पहले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में पहुंची सिंधु**



**कुआलालंपुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 के फाइनल में जगह बना ली है। शनिवार को खेले गए महिला एकल वर्ग के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में सिंधु ने थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को शिकस्त दी। सिंधु ने 88 मिनट तक चले मुकाबले में ओंगबामरुंगफान को 13-21, 21-16, 21-12 से शिकस्त दी। सिंधु एक साल से अधिक समय बाद अपने पहले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में जगह बनाई है, उनकी आखिरी उपस्थिति अप्रैल में 2023 स्पेन मास्टर्स में थी, जहां उन्हें ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजंग ने हराया था। मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में सिंधु का सामना वांग झी यी से होगा, जिन्हें सेमीफाइनल में हमवतन झांग यिमान को केवल 32 मिनट तक चले मुकाबले में 21-9, 21-11 से हराया। बता दें कि सिंधु ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी चीन की हान यू को 21-13, 14-21, 21-12 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

## न्यूज बॉक्स

### डब्ल्यूटीटी कंटेंडर: मानव ठक्कर-मयूश शाह की भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में

**रियो डी जनेरियो।** मानव ठक्कर और मयूश शाह की भारतीय जोड़ी डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के पुरुष युगल सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में घरेलू जोड़ी फेलिप डोटी और लुकास रोमनस्की को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने मैच की शुरूआत से ही ब्राजीलियाई जोड़ी को कोई मौका नहीं देते हुए गेम पर अपना दबदबा बनाए रखा। पहला गेम 11-4 से जीतने के बाद, भारतीय जोड़ी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और विपक्षी जोड़ी पर अपना दबदबा कायम रखते हुए अगले दो गेम 11-6, 11-6 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इससे पहले राउंड 16 में भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद 30 मिनट तक चले मुकाबले में ब्राजीलियाई जोड़ी हेनरिक नोगुटे और जून शिम को 3-1 (7-11, 11-5, 11-1, 12-10) से हराया था।

### सबसे ज्यादा बार आईपीएल फाइनल खेलने वाली पांचवीं टीम बनी सनराइजर्स हैदराबाद



**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास में सबसे ज्यादा फाइनल मैच खेलने वाली पांचवीं टीम बन गई है। हैदराबाद ने यह उपलब्धि आईपीएल 2024 क्वालीफायर 2 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को 36 रन से हराकर हासिल की। हैदराबाद स्थित फ्रेंचाइजी ने तीसरी बार टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने भी तीन बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। सीएसके रिकॉर्ड 10 बार आईपीएल 2024 का फाइनल खेल चुकी है। छह फाइनल में भाग लेने के बाद मुंबई इंडियंस (एमआई) दूसरे स्थान पर है। टी20 टूर्नामेंट के चार फाइनल खेलने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) तीसरे स्थान पर है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज उनके विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन थे, जिन्होंने 34 गेंदों पर चार छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। राहुल त्रिपाठी (37) और ट्रैविस हेड (32) ने भी अपनी तरफ से महत्वपूर्ण रन बनाए। राजस्थान रॉयल्स के लिए, बोल्ट और आवेश ने अपने चार ओवर के स्पेल में तीन-तीन विकेट हासिल किए, जहां उन्होंने क्रमशः 45 और 27 रन दिए। संदीप ने अपने चार ओवरों में 25 रन देकर दो विकेट लिए।

### आईपीएल : पावर प्ले में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने ट्रेंट बोल्ट

**चेन्नई।** राजस्थान रॉयल्स के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास के पावरप्ले में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। बोल्ट ने यह उपलब्धि शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ क्वालीफायर 2 में हासिल की। बोल्ट ने लीग के चल रहे 17वें संस्करण के सबसे महत्वपूर्ण मुकाबले में अपने चार ओवर के स्पेल में 45 रन देकर तीन विकेट लिए। बोल्ट के नाम पावरप्ले में अब 62 विकेट है। वह हैदराबाद के अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार से पीछे हैं जिन्होंने पावरप्ले में 71 विकेट लिए हैं। पावरप्ले में सर्वाधिक विकेट लेने वाले अन्य गेंदबाज संदीप शर्मा (59 विकेट), दीपक चाहर (58 विकेट), उमेश यादव (58 विकेट) और ईशांत शर्मा (57 विकेट) हैं। बोल्ट ने पावरप्ले में एक और रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज कर लिया है। उन्होंने लीग के चल रहे 17वें संस्करण के पावरप्ले में सबसे अधिक विकेट दर्ज किए हैं। उन्होंने आईपीएल 2024 में पावरप्ले में 12 विकेट लिए हैं। आईपीएल 2024 के पावरप्ले में सर्वाधिक विकेट लेने वाले अन्य गेंदबाज भुवनेश्वर (10 विकेट), मिशेल स्टार्क (9 विकेट), वैभव अरोड़ा (8 विकेट) और खलील अहमद (8 विकेट) हैं।

## जिनेवा ओपन : उलटफेर का शिकार हुए जोकोविच, सेमीफाइनल में टॉमस मचाक से हारे

**जिनेवा।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच शुक्रवार को जिनेवा ओपन में उलटफेर का शिकार हो गये और सेमीफाइनल में चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से 6-4, 0-6, 6-1 से हार गये। मचाक, जो अपने पहले एटीपी टूर-स्तरीय सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, ने पहले सेट में अपनी ताकत दिखाई जब वह 4-1 से पिछड़ने के बाद वापस आए और सेट 6-4 से अपने नाम किया। सर्बियाई खिलाड़ी ने दूसरे सेट में बेहतरीन जवाब देते हुए 6-0 से जीत दर्ज की और तीसरे सेट में भी उसी लय को जारी रखते हुए 1-0 से बढ़त बना ली। हालाँकि, यहां से मचाक ने फिर से वापसी की और सेट 6-1 से जीतने के साथ मैच भी अपने नाम कर लिया। 37 वर्षीय जोकोविच को अपने 23 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कई बार शारीरिक रूप से संघर्ष करना पड़ा और पहले सेट के अंत में उन्हें मेडिकल टाइमआउट मिला। दूसरी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड और इटली के फ्लेवियो कोबोली के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया। डबल में, मासेलो अरेवलो और मेट पाविक सेमीफाइनल जीतने के बाद फाइनल में लॉयड ग्लासपूल और जीन-जूलियन रोजर से भिड़ेंगे।

## टी 20 विश्व कप में लगातार तीसरी बार पाक टीम का नेतृत्व करेंगे बाबर

**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार रात आईसीसी टी20 पुरुष विश्व कप 2024 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। बाबर आजम टी20 विश्व कप में लगातार तीसरी बार पाकिस्तानी टीम का नेतृत्व करेंगे। टी-20 विश्व कप 1 से 29 जून के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका और कैरेबियन में खेला जाएगा। हालांकि पीसीबी ने न तो उप-कप्तान और न ही किसी यात्रा रिजर्व की घोषणा की है। पीसीबी ने अपने बयान में कहा, यह बेहद प्रतिभाशाली और संतुलित टीम है जिसमें युवा और अनुभव का मिश्रण है। ये खिलाड़ी पिछले कुछ समय से एक साथ खेल रहे हैं और अगले महीने के आयोजन के लिए अच्छी तरह से तैयार और व्यवस्थित दिख रहे हैं।फरवरी में पाकिस्तान सुपर लीग मैच के दौरान कंधे की हड्डी खिसकने से उबरने के बाद तेज गेंदबाज हारिस रऊफ टीम में लौट आए, जबकि विश्व कप से पहले आयरलैंड दौरे के लिए बुलाए गए हसन अली को बाहर कर दिया गया है।



बयान में आगे कहा गया, हारिस रऊफ पूरी तरह से फिट हैं और नेट्स पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। अच्छा होता अगर उसे हेडिंग्ले में आउटिंग का मौका मिलता, लेकिन हमें विश्वास है कि वह आगामी मैचों में ऊपर की ओर बढ़ना जारी रखेंगे, क्योंकि टी20 विश्व कप में अन्य स्ट्राइक गेंदबाजों के साथ उसकी भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पाकिस्तान को ग्रुप ए में भारत, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ रखा गया है। पाकिस्तानी टीम अपना पहला मैच 6 जून को डलास में यूएसए के खिलाफ खेलेगी।

# भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक पर साधा निशाना



*ज्योति, परनीत और विश्व चैंपियन अदिति ने एक साथ विश्व कप स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की*

**एजेंसी। येचियोन**

ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय तिकड़ी ने शनिवार को यहां स्टेज दो स्पर्धा में एकतरफा कंपाउंड महिला टीम फाइनल में तुर्की को 232-226 से हराकर लगातार तीसरा तीरंदाजी विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। दुनिया की नंबर एक भारतीय कंपाउंड महिला टीम पहले छोर से ही तुर्की की हेजल बुरुन, आयसे बेरा सुजेर और बेगम युवा पर हावी रही और छह अंकों के अच्छे अंतर को बनाए रखते हुए बिना कोई सेट गंवाए स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। ज्योति, परनीत और विश्व चैंपियन अदिति ने एक साथ विश्व कप स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की।

उन्होंने पिछले महीने शंघाई में विश्व कप स्टेज 1 के शुरूआती सीजन में इटली को हराकर स्वर्ण जीता था। इसके अलावा इन तीनों ने पिछले साल पेरिस में स्टेज चार में स्वर्ण पदक हासिल किया था।

कंपाउंड महिला टीम के फाइनल में, दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीयों ने तीन एक्स (केंद्र के पास तीर) के साथ शुरूआत की और अगले तीन तीरों में एक-एक अंक गिराकर अपने पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों को पहले दौर में एक अंक से हरा दिया। छह तीरों के अगले दौर में, भारतीयों ने पूर्ण वर्चस्व दिखाया, दो एक्स के साथ पांच परफेक्ट 10 और एक 9 में ड्रिलिंग करके आधे रास्ते पर अपनी बढ़त को चार अंकों तक बढ़ा दिया। तुर्की ने भारत के 58 के स्कोर की बराबरी करने के लिए अंतिम दौर में एक एक्स के साथ चार 10 स्कोर करने के लिए कड़ी मेहनत की। लेकिन इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा क्योंकि चौथे और अंतिम छोर तक भारतीय तिकड़ी चार अंक से आगे थी। भारतीय तिकड़ी ने इसके बाद अंत में एक और 58 का स्कोर पर अपनी जीत पक्की की। एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति, हालांकि, अपनी झोली में दूसरा स्वर्ण जोड़ने में असफल रहीं क्योंकि उन्होंने प्रियांश के साथ मिलकर शुरूआती दौर की बढ़त गंवा दी और कंपाउंड मिश्रित टीम में संयुक्त राज्य अमेरिका के ओलिविया डीन और सॉयर सुलिवन से दो अंक (155-153) से हार गईं।

## रिंकू हुडा ने भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में रजत और अजीत ने जीता कांस्य

**कोबे।** विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंका के दिनेश प्रियंता हेराथ के खिलाफ विरोध में जीत के बाद भारत ने पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक हासिल किया। रिंकू हुडा और अजीत सिंह शुक्रवार को पुरुषों की एफ46 भाला फेंक फाइनल में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे, लेकिन भारत द्वारा विरोध दर्ज कराने के बाद परिणाम रोक दिया गया। भारत ने इस श्रेणी में दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंकाई हेराथ के प्रतिस्पर्धा करने पर अपना विरोध दर्ज कराया था।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## जून महीने में 10 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** जून महीने में बैंक 10 दिन बंद रहेंगे, जिसकी वजह से बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इन 10 दिनों में पांच रविवार और 2 शनिवार के अलावा देश के अलग-अलग जगहों पर तीन दिन कामकाज नहीं होगा। हालांकि, इस दौरान ऑनलाइन और एटीएम सर्विस चालू रहेगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से छुट्टियों की जारी कैलेंडर के मुताबिक जून में कुल 10 दिन बैंक बंद रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। इनमें पांच रविवार और 2 शनिवार की छुट्टी शामिल है। इसके अलावा अन्य 3 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंक बंद रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। हालांकि, डिजिटल बैंकिंग के दौर में आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेन-देन कर सकते हैं। जून में इन तारीखों पर बंद रहेंगे बैंक 2 जून, 2024 को रविवार का अवकाश होने की वजह से बैंक बंद रहेंगे, 8 जून, 2024 को महीने का दूसरे शनिवार के चलते देशभर में बैंक बंद रहेंगे, 9 जून, 2024 को महीने का दूसरा रविवार के चलते बैंक बंद रहेंगे, 15 जून, 2024 को राजा संक्रांति के चलते भुवनेश्वर और आइजॉल जोन में बैंक बंद रहेंगे, 16 जून, 2024 को रविवार का सप्ताहिक अवकाश होने के कारण बैंकों में कामकाज नहीं होगा, 17 जून, 2024 को बकरीद/ईद-उल-अजहा के मौके पर देशभर में बैंक बंद रहेंगे, 18 जून, 2024 को जम्मू और श्रीनगर जोन में बैंक बंद रहेंगे, 22 जून, 2024 को महीने का चौथा शनिवार के चलते बैंकों में अवकाश रहेगा, 23 जून, 2024 को रविवार का सप्ताहिक अवकाश होने के चलते बैंकों में कामकाज नहीं होगा, 30 जून, 2024 को रविवार की वजह से बैंक बंद रहेंगे।

## आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष होंगे प्रदीप कुमार सिन्हा, आरबीआई ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में प्रदीप कुमार सिन्हा की नियुक्ति को अपनी मंजूरी दे दी है। सिन्हा एक जुलाई, 2024 से अगले तीन साल तक इस पद पर रहेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि प्रदीप कुमार सिन्हा आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष होंगे। रिजर्व बैंक ने सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। वो जीसी चतुर्वेदी की जगह लेंगे, जो 30 जून, 2024 को गैर-कार्यकारी अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। आईसीआईसीआई बैंक बोर्ड बैठक में सिन्हा को गैर-कार्यकारी अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने की ऐलान किया गया था। उल्लेखनीय है कि प्रदीप कुमार सिन्हा ओएनजीसी, आईओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल, गेल आदि जैसे कई प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सरकार द्वारा नामित निदेशक रहे हैं।

# चीन को हुआ भारी नुकसान भारत के साथ आया गूगल




**एजेंसी। नई दिल्ली**

Google Pixel 8 कुछ समय पहले ही भारत में आया है। लेकिन इसके बाद कंपनी ने भारत के पक्ष में बड़ा फैसला लिया है। अब गूगल पिक्सल का प्रोडक्शन भारत में होगा। इसको लेकर गूगल ने साथ पार्टनरशिप भी की है। तमिलनाडु यूनिट में गूगल पिक्सल का प्रोडक्शन किया जाएगा। ऐसे में कहा जा सकता है कि भारत के पक्ष में ये बड़ा फैसला लिया गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के स्टालिन ने इस मौके पर कहा, 'गूगल की तरफ से साथ पार्टनरशिप की गई है। अब राज्य में गूगल पिक्सल सेल फोन का प्रोडक्शन होगा। इसके लिए फैक्ट्री सेटअप का भी ऑप्शन दिया गया है।' रिपोर्ट्स की मानें तो गूगल अपने स्मार्टफोन यहीं से आयात भी करेगा। इससे भारत की अर्थव्यवस्था को काफी बल मिलेगा। रिपोर्ट्स की मानें तो भारतीय कंपनी Dixof भी पिक्सल स्मार्टफोन बनाएगी। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ एग्रीमेंट भी किया गया है। पहले ही पिक्सल बनाती है। सितंबर से प्रोडक्शन स्टार्ट किया जाएगा और एक बार प्रोडक्शन शुरू होने के बाद एक्सपोर्ट भी शुरू कर दिया जाएगा। हालांकि कंपनी की तरफ से अभी ऑफिशियल घोषमा नहीं की गई है।

सामने आई जानकारी की मानें तो अक्टूबर से पिक्सल स्मार्टफोन का प्रोडक्शन भारत में शुरू हो जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च 2024 में भारत में गूगल पिक्सल का शेयर 0.04 प्रतिशत था। गूगल को उम्मीद है कि भारत में स्मार्टफोन प्रोडक्शन के बाद उनकी सेल को काफी बल मिलेगा और ये तेजी से बढ़ेगी। यही वजह है कि कंपनी ने अपने पिक्सल स्मार्टफोन की पूरी सीरीज का प्रोडक्शन भारत में करने का फैसला लिया है। इससे इंपोर्ट ड्यूटी बचेगी और उम्मीद है पिक्सल की कीमत भी भारत में कम हो जाएगी। यानी अब विदेशी कंपनियां भारतीय मार्केट को बिल्कुल अलग नजरिये से देखने लगी हैं।

## भारत के संगठित क्षेत्र में बढ़ रहा रोजगार : वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोविड-19 के दौरान उच्चतम स्तर पर पहुंची बेरोजगारी के बाद इसकी दर में निरंतर गिरावट आ रही है। वित्त मंत्रालय की नवीनतम मासिक आर्थिक समीक्षा के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था में संगठित क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ी है।

बेरोजगारी दर में गिरावट के साथ-साथ रोजगार को एक औपचारिक स्वरूप देने में भी वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हो रही है।

आधार जैसे डिजिटल पहचान का निर्माण, ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण और उद्यम पोर्टल पर एमएसएमई के पंजीकरण ने अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस साल 22 मई तक, 4.4 करोड़ एमएसएमई को उद्यम पोर्टल (उद्यम सहायता प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत अनौपचारिक उद्यमों सहित) पर पंजीकृत किया गया है। इनमें से 97 प्रतिशत से अधिक सूक्ष्म उद्योग हैं।

वित्त वर्ष 2024 के दौरान ईपीएफओ में 1.47 करोड़ नए सदस्यों को शामिल किया गया। पिछले वर्ष के मुकाबले इसमें 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष ईपीएफओ से 1.39 करोड़ नए सदस्य जुड़े थे।

वित्त वर्ष 24 में ईपीएफओ में लगभग 1.08 करोड़ नए ग्राहक नामांकित हुए। इनमें से 56.7 प्रतिशत नए शामिल ग्राहक 18-25 वर्ष के आयु वर्ग के थे। ईपीएफओ में फिर से शामिल होने वाले सदस्यों की अपेक्षाकृत उच्च संख्या यह दर्शाती है कि श्रम बाजार अपनी सामाजिक सुरक्षा सुरक्षा का विस्तार करने का विकल्प चुन रहा है।

पिछले कुछ महीनों में, ईपीएफओ में दोबारा शामिल होने वाले ग्राहकों की संख्या नए ग्राहकों या मौजूदा ग्राहकों के हटने की तुलना में अधिक रही है। वित्त वर्ष 24 के दौरान, 1.64 करोड़ सदस्य पहले बाहर निकलने के बाद फिर से ईपीएफओ से जुड़ गए। ईपीएफओ के अनुसार, इन सदस्यों ने अपनी नौकरियां बदल लीं और ईपीएफओ के तहत आने वाले प्रतिष्ठानों में शामिल हो गए।

## जुपिटर बन गया टॉप सेलिंग स्कूटर

**नई दिल्ली।** टीवीएस ने भारतीय बाजार में अलग-अलग सेगमेंट में एक से बढ़कर एक मोटरसाइकल और स्कूटर पेश किए हैं और इनकी हर महीने अच्छी बिक्री होती है। बीते महीने, यानी अप्रैल 2024 के आंकड़े देखें तो जुपिटक स्कूटर कंपनी का सबसे ज्यादा बिकने वाला प्रोडक्ट रहा। इसके बाद रेडर, टीवीएस अपाचे सीरीज, एक्सएल100, एनटॉर्क, आईक्यूब, स्पोर्ट, रेडियन, जेस्ट और रोनिन समेत अलग-अगर बाइक और स्कूटर रहे। हाल ही में टीवीएस ने अपने पॉपुलर इलेक्ट्रिक स्कूटर आईक्यूब के 3 नए वेरिएंट लॉन्च किए, जिसके बाद कुल 5 वेरिएंट अब बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। जो लोग इन दिनों टीवीएस की बाइक या स्कूटर खरीदने की योजना बना रहे हैं, उन्हें हम आज इसके टॉप 10 टू-व्हीलर्स की पिछले महीने की सेल्स रिपोर्ट बताने जा रहे हैं।

## अमेरिका ने चीनी उत्पादों पर लगाई पाबंदी

**एजेंसी। वाशिंगटन**

चीनी उत्पादों पर निर्भरता कम करने व स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका ने चीन से आयात किए जाने वाले सैकड़ों वस्तुओं पर पाबंदी लगा दी या टैक्स बढ़ा दिया।

अब, संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के कार्यालय ने 429 उत्पादों में से लगभग आधे पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ा दिया है।गौरतलब है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के साथ व्यापार युद्ध शुरू किया था। उन्होंने 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 का हवाला देते हुए 300 अरब डॉलर से अधिक के चीनी सामानों के आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाया था। कुछ उद्योगों में कंपनियों को राहत देने के लिए, ट्रम्प ने कुछ उत्पादों के लिए टैक्स में छूट भी दी थी। पिछले हफ्ते, वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर टैक्स को चार गुना करने और सौर कोशिकाओं, अर्धचालक और अन्य कई सामानों पर टैक्स बढ़ाने की घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने



व्यापार प्रतिनिधि को चीन से 18 अरब डॉलर के आयात पर व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 301 के तहत टैक्स बढ़ाने का निर्देश दिया। अमेरिकी सरकार द्वारा चीन के सामानों पर पाबंदी लगाए जाने व टैक्स में बढ़ोत्तरी किए जाने के बाद अब दोनों देशों के बीच व्यापार संघर्ष बढ़ने की आशंका है। अमेरकी कदम के बाद अब चीन भी जवाबी कार्रवाई कर सकता है और अमेरिका से आयात किए जाने वाले सामानों पर जहां पाबंदी लगा सकता है, वहीं टैक्स में भी वृद्धि कर सकता है। इससे दोनों देशों के बीच संबंधों के और कटु होने की आशंका है।




# तपती धूप, लंबी कतार फिर भी मतदाताओं का जोश हाई



उपेंद्र गुप्ता । रांची

राज्य के चार सीटों पर तीसरे चरण का रांची, धनबाद, जमशेदपुर और गिरिडीह में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।भीषण गर्मी और तपती धूप में भी मतदाताओं का उत्साह चरम पर था। हर वर्ग के लोगों युवा,महिला,बुजुर्ग,दिव्यांग सभी मतदाताओं में मतदान के प्रति जोश हाई रहा। जमशेदपुर में मतदान को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भारी गर्मी के बीच मतदाताओं की लाइन सुबह से ही बूथ पर लगी थी. कड़ी धूप भी लोगों के हौसले को डिगा नहीं पायी। हालांकि कई जगहों पर तकनीकी खराबी होने के कारण मतदान विलंब से शुरू हुआ,जिससे मतदाताओं में नाराजगी देखी गई। बूथों में काफी संख्या में महिलाएं, युवतियां व पुरुष मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए कतार में लगे हुए थे। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर सुबह से ही मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। सुबह से ही काफी तेज धूप थी, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, गर्मी और बढ़ती गई, इसके बावजूद मतदान डटे रहे। लेकिन सिंदरी में वोट बहिष्कार की खबर से प्रशासन में हड़कंप मच गया। बूथ संख्या 398, 399 और 400 के करीब 3,400 मतदाताओं ने वोट का बहिष्कार कर दिया। मतदान केंद्र से थोड़ी दूरी पर ग्रामीण खड़े रहे, लेकिन मतदान नहीं किया। बाद में धनबाद डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर सिंदरी डीएसपी और बीडीओ बहिष्कार वाले बुथ पर पहुंचे और लोगों को समझाया और उसके बाद ग्रामीण वोट डालने के लिए तैयार हुए। दूसरी तरफ करमाटांड़ में बूथ संख्या 244, 289 पर ईवीएम में तकनीकी खराबी की वजह काफी देर तक मतदान नहीं कर पाए। कुछ जगहों पर वीवीपैट मशीन काम नहीं करने के कारण और मशीन खराब होने से कई मतदाताओं को वापस भी लौट जाना पड़ा। दूसरी ओर, आदर्श उच्च विद्यालय सोनाटांड़ में बूथ संख्या 130 पर भी मतदान 20 मिनट विलंब से शुरू हुआ। गिरिडीह लोकसभा चुनाव में भी मतदाताओं में मतदान को लेकर गजब का उत्साह दिखा। तपती धूप में मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतार लगी रही। कड़ी धूप के बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं थी। खासकर महिला व पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं में गजब का जोश नजर आया।

## भ्रष्टाचार के कारण राजमहल के दो विधायक जेल में : अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को बोआरीजोर प्रखंड के बाघमारा मेला मैदान में चुनावी जानसभा को संबोधित किया एवं राजमहल लोकसभा सीट पर भाजपा के प्रत्याशी ताला मरांडी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यहां के विधायक और सांसद अपने काम में व्यस्त रहे। इस राज्य में भ्रष्टाचार के कारण आज राजमहल लोकसभा के दो विधायक जेल में है, जिसमें एक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दूसरे ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम शामिल है। राज्य की खनिज संपदाओं को लूटने का काम राज्य सरकार में शामिल लोगों किया है, जिन्हें अपनी करनी का फल भुगतना पड़ रहा है। बिना कुछ किये जेल कोई नहीं जाता। नगद बरामद हो रहे है, जिसका हिसाब देना होगा। उन्होंने कहा कि देश की जनता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है क्योंकि उन्होंने आम लोगों, किसानों मजदूरों और महिलाओं के लिए काम किया है। इस राज्य को भाजपा शासनकाल में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसे समृद्ध राज्य बनाने के लिए अलग करने की स्वीकृति दी थी, पर राज्य का विकास नहीं हुआ। आदिम जनजाति के लिए केंद्र सरकार के द्वारा 24000 करोड़ विकास के लिए योजना बनाई गई है, जिससे दामिन ए कोह में रहने वाले आदमी जनजाति के गांव में स्कूल ,सामुदायिक भवन, खेती के समान ,पानी आदि सारी सुविधाएं पहुंचानी है। उन्होंने हर गांव विकसित करने और विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने को लेकर एक जून को होने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।



## हेमंत की लोकप्रियता से घबड़ा कर साजिश के तहत फंसाया : कल्पना

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

राजमहल लोकसभा क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी विजय हसदा के पक्ष में चुनाव प्रचार को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने शनिवार को बोआरीजोर प्रखंड के डबरा स्कूल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन के छोटे से कार्यालय में काम व लोकप्रियता से विपक्ष घबरा गया है, जिसके चलते साजिश के तहत उन्हें फंसाने का काम किया गया। झामुमो नेता ने कहा कि हेमंत शासनकाल में आदिवासी बच्चों को पढ़ने के लिए सरकारी खर्च पर विदेश भेजा गया। स्कूल ऑफ एक्सीलेंट खोला गया।

कल्पना सोरेन ने चुनावी सभा में उपस्थित जन समुदाय को अपने संबोधन में कहा कि आप लोग पार्टी के समर्थन में ज्यादा से ज्यादा वोट करें और इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाएं। अपने संबोधन में कल्पना सोरेन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 400 पर का नारा दे रही है ताकि आदिवासी और पिछड़ों का आरक्षण खत्म करने के साथ-साथ लोगों के सम्मान-स्वाभिमान एवं संविधान को खत्म कर सके। झारखंड मुक्ति मोर्चा उनके इस मंसूबे को सफल नहीं होने देगी। इसके लिए आप सबको एकजुट होकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्ष में एक जून को मतदान कर भारतीय जनता पार्टी को उचित जवाब देना है। उन्होंने हेमंत सोरेन के कार्यकाल में धरातल पर उतारी गयी सर्वजन पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना को लोगों के सामने प्रमुखता से रखा। उन्होंने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि मणिपुर कांड को देखने भाजपा के सरकार के लोग नही गए।



## खिजरी विधायक और शिक्षिका के खिलाफ भाजपा ने की चुनाव आयोग से शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व मे चुनाव आयोग पहुंच कर खिजरी विधानसभा के विधायक राजेश कच्छप , सौदाग पंचायत के मुखिया पतरस तिर्की एवं पीएचईडी विभाग के संम्बंधित कर्मचारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की पूरे देश मे 16 मार्च से आचार संहिता लागू है और इस काल मे 17,18,21,22 मई को अलग अलग स्थान पर बोरिंग हुआ और सभी बोरिंग विधायक राजेश कच्छप के द्वारा मांग की गयी थी। रांची चुनाव के ठीक तीन दिन पहले स्थानीय विधायक को आकर्षित करने के लिए कांग्रेस विधायक ने ऐसी रचना रची थी। सभी बोरिंग चापानल धार्मिक स्थानों पर लगाए गए हैं। मामले में चुनाव आयोग ने जांच के आदेश दिया है। ये चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। दूसरी तरफ भाजपा के विधि प्रकोष्ठ प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग पहुंच कर सरकारी शिक्षिका सुषमा नाग के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की पूरे देश में 16 मार्च से आचार संहिता लागू है। रांची के कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में प्रचार करने प्रियंका गांधी रांची आईं थी, तब एयरपोर्ट पर प्रियंका गांधी के बगल मे जो महिला नृत्य कर रही थी, वो महिला गुमला जिले के सिसई प्रखंड अंतर्गत छुरदा ग्राम में सरकारी शिक्षिका हैं। सरकारी नौकरी करने वाले कोई भी व्यक्ति को राजनीतिक कार्यक्रम में भाग नहीं लेना है, फिर भी उन्होंने ऐसा किया, अब ये सवाल उठता है कि उन्होंने अपने मन से किया या सरकार के दबाब वो आईं और उनके अलावा कितने सरकारी कर्मचारी उस कार्य क्रम में थे ये सभी जांच का विषय है।



## आदिवासियों का हक छिनने का प्रयास कर रही है केंद्र सरकार : बसंत

**दुमका।** जिले के जामा प्रखंड क्षेत्र के चिकनिया पंचायत के लकड़जोरिया मैदान पर शनिवार को प्रखंड के सभी स्वयं सहायता ग्रुप की महिलाओं के साथ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड सरकार के पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार आदिवासियों का हक छिनने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिये सब दिन आदिवासियों ने लड़ा। कितने लोग शहीद हुए, जेल गये ये किसी से छुपा हुआ नहीं है। जेएमएम पार्टी से ही दुनिया में दुमका को पहचान मिली है। हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से प्रभावित होकर केंद्र की सरकार ने उन्हें जेल में डालने का काम किया है। धोती साड़ी योजना, सखी मंडल, फुलो झानो आशीर्वाद योजना सहित अन्य सभी योजनाएं आदिवासियों के कल्याण के लिये बनाये गये हैं।

## इंडी गठबंधन को आशीर्वाद देने के लिए झामुमो ने जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को राज्य में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों को आशीर्वाद के लिए मतदाताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में भी लोगों का झारखंडी अस्मिता की रक्षा के लिए कतारबद्ध होकर वोट करना यह साबित करता है कि हमारा लोकतंत्र कितना मजबूत है। सुप्रियो ने कहा कि जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में समायोजित पूर्वी जमशेदपुर विधानसभा क्षेत्र में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास का मतदान करना हतप्रभ करता है। किसी भी राज्य का राज्यपाल उस राज्य का प्रथम नागरिक होता है और उनसे यह अपेक्षा होती है कि वह अपने राज्य के संवैधानिक प्रमुख होने के नाते उस राज्य में मतदान करे ताकि मतदाताओं के लिए एक उत्साहवर्धक संदेश प्राप्त हो। इस मामले में झारखंड के प्रथम नागरिक राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का रांची में मतदान करना एक उदाहरण है। सुप्रियो ने कहा कि केंद्रीय चुनाव आयोग को भी यह संज्ञान लेना चाहिए कि वो कौन सी परिस्थिति हुई कि ओडिशा के राज्यपाल को गृह राज्य में आकर मतदान करना पड़ा। उनका यहां मतदान करना स्थानीय प्रशासन को प्रभावित करना एवं मतदाताओं को भ्रमित करने का एक निंदनिय प्रयास है, जो लोकतंत्र के संघीय ढांचे के लिए अशुभ है।



## 10 कमल फूल और एक केला ईवीएम में कैद : आदित्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि देश में छठे और झारखंड में तीसरे चरण का मतदान के बाद कहा कि 10 कमल फूल और एक केला ईवीएम में कैद हो गया है। उन्होंने कहा कि इस चरण में चार लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुआ। जनता के रुझान से स्पष्ट हो गया है कि इन चारों लोकसभा सीटों से एनडीए प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। आदित्य साहू शनिवार को हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की ठगबंधन सरकार ने जनता को धोखा दिया है। ठगने का काम किया है। साढ़े चार साल के कार्यकाल में ठगबंधन सरकार ने झारखंड को लूटने का काम किया है। विकास का काम अवरुद्ध करने का काम किया है। जनता इनसे त्रस्त हो चुकी है। इस ठगबंधन को जनता ने वोट के माध्यम से नकारने का काम किया है। चुनाव परिणाम आने पर यह स्पष्ट हो जाएगा। साहू ने कहा कि चिलचिलाती धूप में मतदाता वोट डालने बूथ पर पहुंचे। कई वोटर वोट देने से वंचित रह गए। उनका नाम मतदाता सूची में नहीं था। इस बारे में चुनाव आयोग को चिंता करनी चाहिए। उन्हें ध्यान देना चाहिए कि कोई भी मतदान करने से वंचित नहीं रहे। इसमें सुधार करने की जरूरत है वरना आयोग के प्रति लोगों का विश्वास कम होगा। उन्होंने कहा कि कई सुरक्षा कर्मियों के नाम के आगे वोटर लिस्ट में पोस्टल बैलेट दर्ज था जबकि उन लोगों ने पोस्टल मतदान नहीं किया था। ऐसे मतदाताओं को मतदान से वंचित रहना पड़ा। साहू ने कहा कि मतदाताओं ने मजबूत और विकसित भारत के लिए वोट दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आस्था और विश्वास जताया है। प्रधानमंत्री ने पिछले 10 साल में सभी वर्ग की चिंता की है। प्रत्येक दरवाजे पर विकास करके माध्यम से दस्तक दिया है। देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की है। दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। इससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को पीएम बनने के लिए वोट किया है।




## बूथ पर मजबूती से कार्य करें, हर घर संपर्क करें : बीएस संतोष

**देवघर।** राज्य के अंतिम और चौथे चरण में संतालपरगना के तीनों सीट राजमहल, दुमका और गोड्डा में एक जून को मतदान होना है। इसको लेकर भाजपा ने संताल परगना में पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएस संतोष ने शनिवार को देवघर में कार्यकताओं को टिप्स दिए। संतोष ने कहा कि बूथ पर मजबूती से कार्य करें। हर घर संपर्क करें और हर मतदाता से विनती करें। साथ ही हर मतदाता को मतदाता पर्ची पहुंचाने का काम करें। हर बूथ पर कम से कम तीन बैठकें करें। साथ ही प्रवासी मतदाता को वोट देने के लिए अपने यहां बुलाने का काम करें।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राजकीय कृत मॉडल उच्च विद्यालय बीएमपी ग्राउंड डोरंडा के प्रधान केंद्र संख्या 372 पर मतदान किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सपरिवार पहुंचकर मतदान किया। उनके साथ उनकी पत्नी एवं पुत्र मतदान करने पहुंचे थे।



जमशेदपुर में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने अपने परिवार के साथ मतदान किया। उन्होंने सीतारामडेरा मंडल क्षेत्र स्थित हरिजन मध्य विद्यालय, भालूबासा के 21 नंबर बूथ पर मतदान किया।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा तहसील कचहरी,रातु रोड स्थित मतदान केंद्र पर मतदान करने के उपरांत।







रांची। आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने शनिवार को डिबडीह स्थित मतदान केंद्र में पत्नी के साथ मतदान किया। डीआईजी अनूप बिरथरे ने मोरहाबादी के चिरौंदी स्थित मतदान केंद्र में पत्नी के साथ मतदान किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने लोगों से मतदान करने की अपील की।



आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली में अपनी पत्नी और मां के साथ मतदान किया ।







वोट देने के लिए लाइन में खड़े मतदाता



# देश का नया भविष्य गढ़ने घरों से निकले मतदाता, डाले वोट

*देश में चल रहे आम चुनाव 2024 में लोग बढ़-चढ़कर मतदान में भाग ले रहे हैं। सभी के आंखों में बेहतर भविष्य के सपने तैर रहे हैं। किसी को आर्थिक-सांस्कृतिक रूप से मजबूत देश और मजबूत नेता की चाह है तो कोई अपनी वोट की ताकत से महंगाई, बेरोजगारी से निजात तलाश रहा है। अपनी-अपनी उम्मीद लिए मतदान केंद्रों पर युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं की लंबी कतारें शनिवार को देश के हर सीट पर देखी गई।*














वोट डालने देश के आम लोग ही नहीं खास लोग भी घरों से निकले। अपने मतदान केंद्र पर अपनी बारी आने पर सभी ने शांति के साथ वोट डाले।



ओडिशा, हरियाणा से लेकर नई दिल्ली तक राजनेता भी वोट डालने निकले। वहीं नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भी वोट डाला।

## 58 सीटों पर 58.82 प्रतिशत मतदान

# बंगाल में सर्वाधिक 78.19 प्रतिशत वोट पड़े

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में शनिवार को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 58 संसदीय सीटों पर मतदान संपन्न हो गया। देशभर में 58.82 प्रतिशत औसत मतदान दर्ज किया गया। पश्चिम बंगाल में कुछ स्थानों पर छिटपुट झड़पों के बावजूद सबसे अधिक 78.19 प्रतिशत और जम्मू और कश्मीर में सबसे कम 51.41 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लोकसभा के साथ-साथ आज ओडिशा विधानसभा की 42 सीटों पर भी मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार 59.72 प्रतिशत औसत मतदान दर्ज किया गया। चुनाव आयोग के अनुसार बिहार में 52.80 प्रतिशत, हरियाणा में 58.14 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 51.41 प्रतिशत, झारखंड में 62.16 प्रतिशत, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 54.32 प्रतिशत, ओडिशा में 59.72 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 54.02 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 78.19 प्रतिशत मतदान हुआ। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सभी सातों सीटों पर आज कुल




54.32 प्रतिशत मतदान हुआ। उत्तर-पूर्वी दिल्ली सीट पर सबसे अधिक 58.30 प्रतिशत वोट डाले गये। इसके बाद पश्चिमी दिल्ली सीट पर 54.90 प्रतिशत, पूर्वी दिल्ली 54.37 प्रतिशत, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली सीट पर 53.81 प्रतिशत, चांदनी चौक सीट पर 53.27 प्रतिशत, दक्षिणी दिल्ली सीट पर 52.83 प्रतिशत और नई दिल्ली सीट पर 51.54 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार 58 संसदीय सीटों में 49 सामान्य, 2 एसटी और 7 एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। राज्यवार उम्मीदवारों की बात करें तो इस चरण में बिहार की 8 सीटों के लिए 86, हरियाणा की 10 के लिए 223, जम्मू-कश्मीर की एक के लिए 20, झारखंड की चार सीटों के लिए 93, दिल्ली की 7 सीटों के लिए 162, ओडिशा की 6 सीटों के लिए 64, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के लिए 162 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए 69 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

इस चरण में कुल 889 उम्मीदवारों की किस्मत आज ईवीएम में कैद हो गई। उधर, ओडिशा विधानसभा की 42 विधानसभा सीटों में 31 सामान्य, 5 एसटी और 6 एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। ये चरण राजद के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि 2019 में इन 58 सीटों में से राजग ने 46 सीट जीते थे जिसमें अकेले भाजपा ने 40, जदयू ने तीन व अन्य सहयोगियों ने तीन सीटों पर जीत हासिल की थी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com